**गाजियाबाद।** क्षेत्रीय सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने लोनी विधानसभा क्षेत्र में एनएच–709बी दिल्ली–सहारनपुर की मरम्मत के लिए चार करोड़ 91 लाख रुपए जारी किए हैं। लोनी विधानसभा में काफी समय से जर्जर सडकों से लोग बेहद परेशान रहे। एनएचएआई पीडी अरविंद कुमार के माध्यम से पीडल्ब्यूडी गाजियाबाद के एई राजेन्द्र सिंह को यह चेक दिया गया। ताकि इस मार्ग को बनाकर कर जनता की समस्या दूर कर सके। बता दें कि केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह क्षेत्र की जनता की खुशहाली और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा समर्पित रहते हैं।

## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | इन्फ्यूजन ट्रैवल एंड हॉलिडे बुटीक पी एल/ रीना जसवाल/ रीना वर्मा/ '125405000097 | अपार्टमेंट नंबर 707, गौर हाइट्स, 7वीं मंजिल, वैशाली सेक्टर 4, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/मार्च 05, 2024 | फ़रवरी 23, 2022 रु. 11,53,066.59/– | गाजियाबाद |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : मार्च 08, 2024**
**स्थान : गाजियाबाद**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 9 मार्च, 2024



# लोकसभा चुनाव के लिए आप ने जारी किया नारा

## आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने लांच किया कैंपेन

● संसद में भी केजरीवाल तो दिल्ली होगी और खुशहाल

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और लोस चुनाव के लिए उम्मीदवार कैंपेन लांच करते हुए। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान को धार देना शुरू कर दिया है। संसद में भी केजरीवाल तभी दिल्ली होगी और खुशहाल नारे के साथ आप ने चुनाव अभियान का आगाज किया।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब मुख्ममंत्री भगवंत मान और लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली के चारों उम्मीदवारों के साथ यह कैंपेन लांच किया। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि अभी आपका बेटा भाजपा, एलजी और केंद्र सरकार से अकेले लड़ रहा है।

इस बार इंडिया गठबंधन को सातों सांसद देकर अपने बेटे को मजबूत करें। दिल्ली वालों के लिए जो भी अच्छा काम करने जाते हैं उसे ये लोग रोकते हैं। जब आपकी दवाई-पढ़ाई, बिजली-पानी रोकी जा रही थी, तब भाजपा के सातों सांसद आपको दुखी देखकर ताली बजा रहे थे। इन लोगों से लड़कर मोहल्ला क्लीनिक,फरिश्ते योजना, मुफ्त बिजली को पास कराया। अब 18 साल से अधिक आयु की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देने का ऐलान किया है। इस मौके पर लोकसभा उम्मीदवार महाबल मिश्रा, सोमनाथ भारती, सहीराम पहलवान, कुलदीप कुमार मौजूद रहे।

अरविंद केजरीवाल ने संसद में भी केजरीवाल, तभी दिल्ली होगी और खुशहाल नारा जारी करते हुए कहा कि आज से 12 साल पहले आम आदमी पार्टी बनी थी और लगभग 10-11 साल पहले लोगों ने ढेर सारा प्यार, विश्वास करके आप को प्रचंड बहुमत देकर जीताया था।

मैंने हमेशा कहा है कि दिल्ली वालों एहसानमंद रहूंगा कि इतने छोटे से आदमी को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देकर इतनी बड़ी कुर्सी पर बैठा दिया। सात जन्म तक भी लोगों की सेवा करते रहेंगे तो भी आपका एहसान को नहीं चुका सकते। केजरीवाल ने दावा किया कि उनहोंने खुद को मुख्यमंत्री नहीं समझा। मैंने दिल्ली के हर परिवार का बेटा बनकर और उनके परिवार का हिस्सा बनकर उनकी मुश्किलें दूर करने की पूरी कोशिश की है।

### विधानसभा की तरह संसद में भी आप को करें मजबूत

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली वालों ने विधानसभा में आप को 70 में से 67 सीटें देकर मजबूत किया। दूसरी बार 70 में से 62 सीट देकर जीताया। आज मैं जो विरोधियों से लड़ पा रहे और थोड़ा-बहुत काम कर पा रहे तो इसकी वजह यह है कि लोगों ने आम आदमी पार्टी को प्रचंड बहुमत दिया था।

केजरीवाल ने दिल्ली वासियों से अपील की कि संसद में दिल्ली से इंडिया गठबंधन के सातों उम्मीदवारों को जीताएं तो सांसद बनकर काम करेंगे। अगली बार केंद्र सरकार या एलजी हमारे काम रोकेंगे, ये सातों सांसद काम कराकर लाएंगे।

## नौ साल के भ्रष्टाचार से दिल्ली बेहाल : सचदेवा

***पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली*

*दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि यह आश्र्यजनक है कि आम आदमी पार्टी के पास दिल्ली में पूर्ण सत्ता है फिर भी वह दिल्ली की सातों सीटों पर चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है पर सपने संसद में बैठने के देख रही है। सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल सरकार के लिए आज सही पंचलाइन है केजरीवाल के नौ साल लूट भ्रष्टाचार दिल्ली बेहाल ।लोगों ने दो बार आम आदमी पार्टी को पूर्ण ही नहीं सम्पूर्ण बहुमत दिया है पर यह उस बहुमत देने वाली जनता का अपमान है कि जिस कांग्रेस को उन्हें भ्रष्ट स्थापित किया था आज उसी कांग्रेस से से गठबंधन किए बैठे हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल द्वारा घोषित पंचलाइन संसद में भी केजरीवाल तो दिल्ली होगी और खुशहाल हास्यास्पद है। जो पार्टी सब सीटों पर चुनाव नहीं लड़ सकती वह संसद में पहुंच कर दिल्ली को खुशहाल करने का सपना देख अब दिल्ली वालों को नहीं खुद को गुमराह कर रही है। दिल्ली वालों ने एक नहीं दो दो बार सत्ता दी पर उसका उपयोग मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली वालों को खुशहाल करने के लिए नहीं अपनी खुद की खुशहाली बढ़ाने के लिए किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि गत एक दशक में आम आदमी पार्टी ने लोगों को गुमराह कर राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पा लिया पर अब दिल्ली, पंजाब, गोवा, गुजरात की जनता केजरीवाल को इस तरह नकारेगी की आप का राष्ट्रीय पार्टी दर्जा भी छिन जायेगा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में हार का डर मंडराने से आम आदमी पार्टी हताशा और निराशा के दौर से गुजर रही है।*

# इंद्रलोक में नमाजियों के साथ दुर्व्यवहार करने वाला सब-इंस्पेक्टर निलंबित

● घटना के विरोध में स्थानीय लोगो ने पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क जाम कर दिया था

नाराज लोग आरोपी पुलिस वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक इलाके में सड़क पर नमाज अदा कर रहे कुछ लोगों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले उपनिरीक्षक को शुक्रवार को निलंबित कर दिया। यह घटना जुमे की नमाज के दौरान अपराह्न करीब दो बजे इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास की है।

इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क जाम कर दिया था। मामला संवेदनशील होने से इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई। इस कथित कृत्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को जुम्मे की नमाज अदा करने के दौरान मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग इंद्रलोक इलाके में मुख्य सड़क पर बैठकर नमाज पढ़ने लगे। इससे यातायात बाधित होने लगा। इस बीच दिल्ली पुलिस के कुछ जवान उन्हें हटाने आए। इसी दौरान पुलिस का एक जवान बैठकर नमाज पढ़ने वाले युवक के साथ दुर्व्यवहार किया। इससे संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। जिसके बाद नमाज पढ़ रहे मुस्लिम समुदाय के लोग धीरे-धीरे

### इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई

काफी संख्या में इकट्ठा हो गए और पुलिस वाले को ऐसा करने से रोकने लगे। मामले ने तूल पकड़ा तो इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के नीचे काफी बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए।

बाद भीड़ ने इंद्रलोक पुलिस चौकी का घेराव किया। भारी संख्या में लोग चौकी के बाहर पहुंच गए हैं और पूरे सड़क को जाम कर दिया है। पुलिस उपायुक्त एम के मीणा ने कहा, इस घटना में, वीडियो में दिख रहे पुलिस चौकी प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। घटना के संज्ञान के आते ही पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी थी। एक अधिकारी ने बताया कि इससे पहले दिन में, डीसीपी ने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात कर उन्हें आश्वासन दिया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने एक्स पर इस घटना को शर्मना करार दिया। पार्टी ने कहा, बेहद शर्मनाक सड़क पर नमाज अदा करते नमाजियों को दिल्ली पुलिस का जवान दुर्व्यवहार कर रहा है। इससे ज्यादा शर्म की बात और क्या हो सकती है।

# डीयू की ईसी बैठक में 1717 करोड़ का बजट पास

● दिव्यांग अभ्यर्थियों को पीएचडी में प्रवेश के लिए कुल शुल्क में मिलेगी 75 प्रतिशत की छूट

दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद की बैठक कुलपति प्रो. योगेश व अन्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद (ईसी) की 1269 वीं बैठक में 1717.45 करोड़ रुपए का बजट भी पारित किया गया। पीएचडी में प्रवेश के लिए दिव्यांग अभ्यर्थियों को कुल शुल्क में 75 प्रतिशत की छूट को भी मंजूरी प्रदान की गई। बैठक के आरंभ में कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने विश्वविद्यालय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता ने पिछली बैठक के मिनट्स और एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत की। जीरो आवर के दौरान ईसी सदस्यों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए पारित बजट अनुमान के अनुसार सैलरी हैड में कुल 553.95 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। इसके अनुसार रेगुलर फैक्लटी सैलरी के तहत 307.32 करो ? और रेगुलर नॉन फैक्लटी सैलरी के लिए 123.68 करोड़ रुपए तथा अन्य विषयों जैसे कि लीव एनकैशमेंट, एलटीसी, चिलड्रन एजुकेशन एलाउंस, मेडिकल रिइमबर्समेंट और अन्य सेवानिवृति लाभ आदि के लिये 122.95 करोड रुपए का प्रावधान रखा गया है। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक रिक्त पदों के खर्च को भी बजट में शामिल किया गया है जिसके तहत 935.26 करोड़ रुपए का अनुमान पेश किया गया है।

आवर्ती खर्चों के तहत पेंशन एवं पेंशन संबंधी लाभ, नॉन सैलरी आइटम्स, नॉन-नेट फैलोशिप और हायर एजुकेशनल फाइनांसिंग एजेंसी हेतु कुल 627.31 करोड़ रुपए का अनुमान पेश किया गया है। इसके साथ ही बिल्डिंग, पुस्तकें और जर्नल्स, प्रयोगशाला उपकरण, क्लास रूम उपकरण एवं फर्नीचर, कम्प्युटर, परिसर विकास और सीसीटीवी सर्विलांस एवं अन्य पूंजीगत आस्तियों के लिये 154.88 करोड़ रुपए का बजट अनुमान पेश किया गया है।

## कोविड पीड़ितों को मिलेगा विशेष अवसर

**नई दिल्ली।** कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने लोगों के सामने अप्रत्याशित चुनौतियां पैदा की। इनके कारण कई विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। 2021-22 और 2022-23 में अपनी शैक्षणिक अवधि पार कर चुके विद्यार्थियों को उनकी डिग्री पूरी करने के लिए आवश्यक शेष पेपरों में उपस्थित होने हेतु एक विशेष मौका देने का निर्णय लिया गया है। कुलपति ने कहा कि कई विद्यार्थी जो अपनी अवधि पार कर चुके हैं, वह अपनी शैक्षणिक स्थिति के कारण काफी तनाव और चिंता में हैं। उन्हें यह अवसर प्रदान करने से उनके मानसिक कल्याण में योगदान मिलेगा और उनके शैक्षणिक बोझ से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस योजना को लागू करने के लिए विशेष नियम रखे जाएंगे।

## जेएनयू छात्रसंघ चुनाव के लिए बनी समिति

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में चार बाद छात्रसंघ चुनाव होंगे। जेएनयू ने चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव समिति अधिसूचित की है। पिछला जेएनयूएसयू चुनाव 2019 में हुआ था। कोविड-19 महामारी के समय से विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव स्थगित था।

अधिसूचना के अनुसार कार्यकारी समिति के सदस्यों ने वर्ष 2023-24 के जेएनयूएसयू चुनाव की अध्यक्षता करने के लिए शैलेंद्र कुमार को चुनाव समिति का अध्यक्ष निर्वाचित किया है। डीन ऑफ स्टूडेंट्स मनुराधा चौधरी ने अध्यक्ष समेत 42 विद्यार्थियों की एक सूची जारी की है।

# बीबीए और बीएमएस की छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजना

● एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्थानों में पढ़ने वाली 3000 मेधावी छात्राओं को सालाना मिलेंगे 25000 रुपये

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद मेधावी छात्राओं को सालाना 25 हजार रुपये देगा। एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्थानों में पढ़ने वाली यूजी प्रबंधन, कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीबीए/बीसीए/बीएमएस) छात्राओं के लिए एक नई छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर टीजी सीताराम ने इस योजना का ऐलान किया है। इसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि की प्रत्येक पात्र मेधावी छात्रा को सालाना 25000 रुपये दिये जाएंगे। देश भर के एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्थानों से कुल 3000 पात्र छात्राओं को यह छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस योजना पर परिषद तीन साल तक सालाना 7.5 करोड़ रुपये खर्च करेगा।

प्रो. सीताराम ने कहा कि एआईसीटीई महिलाओं को सशक्त बनाने एवं तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा में उनकी क्षमता को निखारने के लिए काम कर रहा है। इंजीनियरिंग की छात्राओं के लिए हमारे पास प्रगति योजना पहले से ही है। चूंकि बीबीए, बीसीए और बीएमएस पाठ्यक्रम इस वर्ष से ही एआईसीटीई के दायरे में आए हैं, इसलिए लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, सस्ती शिक्षा देने और प्रबंधन शिक्षा में लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए यह विशेष योजना शुरू की है। एआईसीटीई समावेशी वातावरण को बढ़ावा देता है जहां महिलाएं आगे बढ़ सकें और इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा सकें। सीताराम ने बताया कि हाल के वर्षों में एआईसीटीई से संबंध संस्थानों में छात्राओं के नामांकन बढ़े हैं। वर्ष 2022-23 में 39 प्रतिशत छात्राओं ने दाखिला लिया है जबकि वर्ष 2020-21 में यह 30 प्रतिशत और 2021-22 में यह 36 प्रतिशत था। इंजीनियरिंग डिप्लोमा और स्नातक पाठ्यक्रम में एडमिशन लेने वाली छात्राओं की संख्या भी बढ़ी है। वर्ष 2022-23 में 29 प्रतिशत महिलाओं ने इंजीनियरिंग डिप्लोमा और 44 प्रतिशत ने इंजीनियरिंग स्नातक पाठ्यक्रमों में एडमिशन लिया।

# पिता ने ही की थी जिम प्रशिक्षक की हत्या

● आरोपी पिता ने बार-बार किए गए अपमान का बदला लेने के लिए वारदात को दिया था अंजाम : पुलिस

मृतक की फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के देवली एक्सटेंशन में बुधवार की रात जिम प्रशिक्षक गौरव सिंघल की शादी से एक दिन पहले धारदार हथियार से हमलाकर निर्मम हत्या के मामले खुलासा कर दिया है। दिल्ली पुलिस हत्या के इस मामले में गौरव के पिता रंगलाल सिंघल को जयपुर से गिरफ्तार किया है। पिता ने पूछताछ में हत्या की बात कबूल कर ली है। पूछताछ में खुलासा किया कि बुधवार की रात गौरव और उसके पिता के बीच तीखी बहस हो गई। बहस के दौरान ही गौरव ने पिता को थप्पड़ जड़ दिया था। इससे गुस्से में आकर रंगलाल ने धारदार हथियार से बेटे पर ताबड़तोड़ हमला हत्या कर दिया था। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान के अनुसार, हत्या के पीछे का मकसद पिता और बेटे के बीच मतभेद था। आरोपी रंगलाल ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा लोगों के बीच उसका बार-बार अपमान करता था। वह कई बार उसे गंदी गालियां दे चुका था। बुधवार की रात उसने अपने पिता को थप्पड़ भी मारा था। घायल होने के बाद गौरव कमरे से भागने की कोशिश भी किया लेकिन रंगलाल उसे अंदर खींच लिया। जांच से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने बताया, आरोपी ने जानबूझकर रात 10.30 से 11 बजे के आसपास का समय चुना जब उसके घर के पास ढोल-नगाड़े के चलते शोर था। उस समय गौरव अपनी होने वाली पत्नी से एक दूसरे कमरे में बातचीत कर रहा था। रंगलाल सिंघल को अपने बेटे की हत्या पर कोई पछतावा नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुएज इंडिया ने किया पौधारोपण

**नई दिल्ली।** जल शोधन संयंत्र ओखला में वृक्षारोपण समारोह के साथ सुएज इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उत्सव को खास अंदाज में मनाया। इस कार्यक्रम में सशक्तिकरण और हरित जीवन के दोहरे उद्देश्य को लेकर सुएज इंडिया की सभी महिला कर्मी एकत्र हुई थीं। कार्यक्रम के दौरान, स्वास्थ्य और सुरक्षा जागरूकता सत्र का भी आयोजन किया गया। इसके बाद वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट के बारे में जानकारीपूर्ण प्रस्तुति दी गई। सभी महिला सहयोगियों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व, समानता और अवसरों तक महिलाओं कर पहुंच के लिए ऐसे दिनों को मनाने के महत्व और एक सतत भविष्य के निर्माण के लिए वृक्षारोपण के महत्व पर जोर दिया।

### सुकेश चंद्रशेखर ने लिखी जैकलीन को चिट्ठी

**नई दिल्ली।** मंडोली जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीस को चिट्ठी लिखी है। उसने चिट्ठी में एक्ट्रेस को महिला दिवस की बधाई दी और उन्हें इस दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला करार दिया। सुकेश ने कहा कि वह न सिर्फ दिखने में खूबसूरत है बल्कि वह एक अच्छी इंसान भी है। सुकेश ने अपनी चिट्ठी में आगे लिखा कि आज इस साल का विशेष दिन है, क्योंकि यहां मौजूद सभी खूबसूरत महिलाओं का जश्न मनाया जा रहा है, जो हमारी जिंदगी की असली हीरो है। उसने कहा कि एक आदमी की असली ताकत उसके जीवन में महिलाएं होती हैं, और उसके बिना यह दुनिया अधूरी है। जैसा कि कहा जाता है कि एक आदमी की हर सफलता के पीछे एक महिला होती है, उसी प्रकार मेरी ताकत जैकलीन तुम हो।

### लूट के मामले में महिला समेत पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सिविल लाइंस इलाके में कारोबारी के कैश कलेक्शन एजेंट से 50 लाख रुपये की लूट के मामले में पुलिस ने सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लूटी गई रकम में से साढ़े चार लाख रुपये कैश और लूट की रकम से खरीदी गई ब्रेजा कार बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गांव मुर्थल, सोनीपत, हरियाणा निवासी मोनिका उर्फ मोना (29), अजय उर्फ सुम्मो (25), जगदीशपुर, सोनीपत निवासी करन उर्फ गंजा (21), शाहबाद डेयरी दिल्ली निवासी राहुल शौर्य (27) और गौरव लाठवाल (26) के रूप में हुई है। मोनिका लूट की साजिशकर्ता है।पुलिस अधिकारी ने बताया कि मोनिका ने जेल बंद अपने जानकारों की मदद से लूटपाट के लिए गाजियाबाद के अमित उर्फ एमी और सोनीपत के अजय सुम्मो की मदद से वारदात को अंजाम दे दिया गया। गिरफ्तारी से बचने के लिए अमित ने गाजियाबाद की डासना जेल में एक पुराने मामले में सरेंडर कर दिया है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवसः गुलाबी रंग में रंगे राजधानी के रास्ते

● जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में फिट इंडिया पिंक साइक्लोथॉन-2024 पहले संस्करण का आगाज

जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में फिट इंडिया पिंक साइक्लोथॉन-2024 का आगाज।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शुक्रवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में फिट इंडिया पिंक साइक्लोथॉन-2024 के पहले संस्करण का सफलतापूर्वक आगाज हुआ। प्रतिभागियों द्वारा साइकिल दौड़ एवं जुम्बा जैसी गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न रोचक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रीति मस्के (साइकिल चालक) कहा कि साइकिल हमें फिट रखने का सबसे आसान और सुविधाजनक तरीका है। उनका समर्थन करते हुए शहीदा परवीन गांगुली (उप पुलिस अधीक्षक जम्मू और कश्मीर पुलिस) ने कहा कि महिलाओं को अधिक आत्म-जागरूक होना चाहिए और परिस्थितियों के अपने पक्ष में होने का इंतजार करने के बजाय, उन्हें वर्तमान में उपलब्ध साधनों से ही अपनी शुरुआत करनी चाहिए। वीता दानी (संस्थापक, दानी फाउंडेशन) और अनिता सिंह तंवर ने यह भी कहा कि आधुनिक दुनिया की महिलाओं के लिए अपने शरीर को फिट रखना वास्तव में महत्वपूर्ण है। केवल फिट महिलाएं ही देश के विकास में अपना सकारात्मक योगदान दे सकती हैं।

कार्यक्रम की खासियत यह रही कि विशेष-सक्षम सदस्यों, पैरा-एथलीटों, ट्रांसजेंडर और बुजुर्गों ने भी एक साथ मिलकर पिंक साइक्लोथॉन का जश्न मनाया। कार्यक्रम के आयोजक प्रतिभागियों का उत्साह और दिल्ली-एनसीआर के दूर-दराज के इलाकों से दर्शकों के रूप में आए लोगों का उत्साह देखते हुए 'फिट इंडिया पिंक साइक्लोथॉन' के अगले संस्करण को जल्द ही लाने के लिए प्रेरित हुए हैं। इस अवसर पर एस.पी.ई.एफ.एल. के अधिकारी राकेश कुमार, अमित खन्ना, ममता सिंग और अन्य ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए भागीदार संगठनों के साथ कार्यक्रम की मेजबानी की।

## पुलिस अकादमी में कांस्टेबलों ने लगाई दौड़

*दिल्ली पुलिस अकादमी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लैंगिक समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। दिन की शुरुआत एक प्रतीकात्मक दौड़ के साथ हुई, जो यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवता (जहां महिला का सम्मान है, वहां देवता निवास करते हैं) के सिद्धांत से प्रेरित है, जो समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्पेशल सीपी ट्रेनिंग छाया शर्मा, आसिफ मो. अली, संयुक्त निदेशक ने बल में महिलाओं की बढ़ती उपस्थिति के सकारात्मक प्रभाव पर जोर देते हुए आरयूएन का उद्घाटन किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लगभग 1000 महिलाएं दिल्ली पुलिस में शामिल हो रही हैं। इस कार्यक्रम में गोवा पुलिस, अंडमान निकोबार पुलिस, चंडीगढ़ पुलिस और दिल्ली पुलिस के प्रशिक्षुओं ने भी भाग लिया, जिससे आरयूएन एक अंतरराज्यीय कार्यक्रम में बदल गया।*

# भाजपा एनआरआई सेल के प्रदेश संयोजक संजय यादव का सुंदर लाल यादव ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा में संजय यादव को एनआरआई सेल के प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर स्वागत करते भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ हरियाणा प्रदेश सह संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा में संजय यादव को एनआरआई सेल के प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ हरियाणा प्रदेश सह-संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव ने शुभकामनाएं दी हैं। उनके कार्यालय पर पहुंचे संजय यादव का सुंदर लाल यादव ने स्वागत भी किया। इस अवसर पर शशि यादव, नरेश यादव, दयाराम चेयरमैन, राकेश यादव, मेजर नवीन महलावत, पंकज यादव रामपुरा समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समय अनुसार हर कार्यकर्ता का उचित सम्मान करके मान बढ़ाती है। पार्टी में हर कार्यकर्ता पूरी मेहनत से काम करता है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी के लिए बिना किसी स्वार्थ और बिना किसी मांग के काम करें। समय आने पर पार्टी सभी को सम्मान देती है। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि हम सब भाजपा के कर्मठ सिपाही हैं। हमें पार्टी के सम्मान, पार्टी के हित में काम करना है। आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को विजयी बनाना ही हमारा ध्येय होगा। एनआरआई सेल के प्रदेश संयोजक बने संजय यादव ने सरपंच सुंदर लाल यादव द्वारा अपने कार्यालय पर किए गए स्वागत से गदगद होकर कहा कि संगठन में भले ही विभाग अलग हों, लेकिन सभी का मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबूती के लिए काम करना है। वे अपने साथियों के साथ मिलकर, उनके मार्गदर्शन में अपने दायित्व को पूर्ण करेंगे। संजय यादव ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास दिलाया है, उस पर वे सदा खरे उतरेंगे।

# शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक करके मनाई महाशिवरात्रि

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

वार्ड-14 की त्रिपत कॉलोनी में भगवान शिव के मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए शिव भक्त

**शुक्रवार** को महाशिव रात्रि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में व्रतियों ने भगवान शिव के शिवलिंग पर जलाभिषेक करके मनाई। शिव मंदिरों में सुबह 4 बजे से ही पूजा अर्चना करने वालों का ताता लगना शुरु हो गया था। महाशिव रात्रि के अवसर पर शहर और ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह 4 बजे से भक्तों ने पूजा अर्चना करना शुरु कर दिया था। शिव के मंदिरों में मेहनतों से एक दिन पहले से ही महाशिवरात्रि को लेकर पूजा अर्चना के लिए तैयारी कर ली गई थी। ताकि महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्तों को पूजा अर्चना करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। मंदिर संचालकों ने सभी मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया था। शहर के अलग-अलग वार्डों में बनें शि मंदिरों में दोपहर तक पूजा अर्चना चली। सोहना से लगता गांव बालूदा में सुबह 4 बजे से ही महिलाओं ने पूजा अर्चना के लिए आना शुरु कर दिया था।

शहर में स्थित सैनी धर्मशाला, गर्म पानी का चश्मा शिव कुंड, प्राचीन देवी माता मंदिर, राममंदिर, त्रिरपत कॉलोनी, दुर्गा कॉलोनी, डिफेंस कॉलोनी, शिव कॉलोनी, हनुमान बगीची, पहाड़ी स्कूल आदि स्थानों पर पूजा की गई और जलाभिषेक किया गया।

**मीट की दुकानें रहीं बंद :** महाशिव रात्रि के अवसर पर शहर के अलग-अलग स्थानों पर खुली मीट की दुकानों को पुलिस प्रशासन की तरफ से बंद कराया गया। इसके लिए पुलिस ने गुरुवार की शाम को ही दुकानदारों को महाशिव रात्रि के अवसर पर अपनी दुकानों को बंद रखने के कह दिया गया था।

# खोखरा जोहड़ मंदिर में धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व

गुरुग्राम के वजीराबाद स्थित खोखरा जोहड़ मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर मौजूद विद्वान व मंदिर का निर्माण कराने वाला परिवार।

**गुरुग्राम। सेक्टर-43** वजीराबाद के खोखरा जोहड़ नवनिर्मित पांच मंजिला मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी मंयक शर्मा परिवार द्वारा पूजा अचर्ना करवाई गई। विद्वान ब्राह्मणों ने विधिवत रूप से भगवान भोलेनाथ का सवा सवा लाख मत्रों का जाप किया। लगातार 5 दिन सवा सवा लाख मंत्रोच्चारण किए गए। मयंक शर्मा ने बताया कि सुबह 4 बजे से ही भक्तों का दर्शनों और जल अभिषेक को लेकर लाइन लग गई थी। शुक्रवार को महाशिवरात्रि के रात्रि के समय मंदिर परिसर में बहुत से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिवलिंग का भी भस्म अभिषेक किया जाएगा। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में संत समाज व श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पंडित इंद्रजीत शर्मा, विमल शर्मा, केशव शर्मा, परमजीत जून, वरुण धवन, गणेश, मुकेश यादव, हिमानी बरेला, अलंकृता घोष, अदिति वशिष्ठ आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ट्रम्पेट फ्लाईओवर के पास पैदल चलकर द्वारका एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण करेंगे प्रधानमंत्री

**11 मार्च 2024 को पीएम मोदी करेंगे द्वारका एक्सप्रेस-वे का गुरुग्राम के हिस्से का उद्घाटन**

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के सेक्टर-82 में द्वारका एक्सप्रेस-वे पर इसी फ्लाईओवर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण करेंगे

**11 मार्च** 2024 को द्वारका एक्सप्रेस-वे का गुरुग्राम के हिस्से में उद्घाटन करने आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक्सप्रेस-वे पर ट्रम्पेट फ्लाईओवर के पास फ्लाईओवर से निरीक्षण करेंगे। इसकी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। द्वारका एक्सप्रेस-वे दिल्ली और गुरुग्राम के यातायात का दबाव तो कम करेगा ही, साथ ही यात्रा का समय भी घटाएगा।

इस एक्सप्रेस-वे कुछ खासियत भी है, जो कि इसका गौरव बढ़ा रही हैं। द्वारका एक्सप्रेस-वे के निर्माण में दो लाख टन स्टील का उपयोग किया गया है। यह स्टील पेरिस में बने एफिल टावर को बनाने में उपयोग किए गए स्टील से 30 गुणा अधिक है। इसके अलावा करीब 20 लाख क्यूबिक मीटर सीमेंट, कंक्रीट का इस्तेमाल इसके निर्माण में हुआ है। यह सीमेंट, कंक्रीट दुबई में बने बुर्ज खलीफा के निर्माण से छह गुणा अधिक है। द्वारका एक्सप्रेस-वे के निर्माण में काफी पेड़ भी बाधा बन रहे थे। पर्यावरण को किसी भी तरह से क्षति ना पहुंचे, इसलिए इन पेड़ों को काटने से भी परहेज किया गया। एक्सप्रेस-वे के निर्माण के दौरान करीब 1200 पेड़ों को प्रत्यारोपित किया गया। यानी एक्सप्रेस-वे की राह में आने वाले पेड़ों को मशीनों से उखाडक़र दूसरी जगह पर लगाया गया। देश में इस तरह से बड़े पैमाने पर पेड़ों का प्रत्यारोपण पहली बार किया गया था।

इसी एक्सप्रेस-वे पर देश की पहली आठ लेन की 3.6 किलोमीटर लंबी सुरंग भी बनाई गई है। पूरी तरह से शुरू होने के बाद यह एक्सप्रेस-वे देश का पहला आठ लेन का ऐलिवेटेड एक्सप्रेस-वे होगा।

फिलहाल तो हरियाणा यानी गुरुग्राम के क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे शुरू किया जा रहा है। दिल्ली के महीपालपुर से हरियाणा की सीमा तक काम पूरा होने के बाद यह एक्सप्रेस-वे पूरी तरह से संचालित हो जाएगा। फिर द्वारका से मानेसर तक की यात्रा 15 मिनट तक कम हो जाएगी। यह यात्रा मात्र 20 मिनट में तय की जा सकेगी। गुरुग्राम से इंदिरा गांधी हवाई अड्डा तक फिलहाल तो एनएच-48 से होकर ही जाना पड़ता है। जिस कारण सरहोल टोल, महीपालपुर में काफी यातायात जाम रहता है। द्वारका एक्सप्रेस-वे से बिना किसी बाधा के लोग हवाई अड्डा तक पहुंच सकेंगे। राजधानी दिल्ली से जयपुर, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश जाने के लिए द्वारका एक्सप्रेस-वे सुगम यात्रा का अहसास कराएगा।

# अरावली की तलहटी में खूबसूरत पिकनिक स्पॉट बनेगा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अरावली** की गोद में बसे गांव कासन के मछली वाला तालाब में प्रदेश का सबसे खूबसूरत पिकनिक स्पॉट बनाया जाएगा। इसके विकसित होने के बाद स्थानीय लोगों के रोजगार में बढ़ोतरी होगी। इस पिकनिक स्पॉट की खासियत यह होगी कि 18 एकड़ भूमि पर कंक्रीट का प्रयोग नहीं होगा। पूरे ढांचे को प्राकृतिक तरीके से विकसित किया जाएगा। यह बात पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कही। वे गांव कासन में मछली वाला तालाब के जीर्णोद्धार और सौंदर्यकरण के कार्यों का शिलान्यास करने पहुंचे थे।

इस दौरान उन्होंने गांव कासन के लोगों से 11 मार्च को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेक्टर-84 में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का न्यौता भी दिया। विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने सीएसआर के तहत 5.92 करोड़ रुपये की राशि देने वाले एसबीआई काड्र्स और ग्रामीण विकास ट्रस्ट की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पूरा कासन गांव अरावली पर्वत श्रृंखला की गोद में बसा हुआ है। गांव के बाबा बिसहा मंदिर में भी लाखों भक्तों की अपार श्रद्धा है। इसी कारण गांव के तालाब में बनने वाले पिकनिक स्पॉट का भरपूर लाभ उठाने लोग यहां आएंगे। उन्होंने कहा कि जैसा की ग्रामीण विकास ट्रस्ट (जोकि इस तालाब को विकसित करेगा) के पदाधिकारियों ने बताया कि यहां पर एक्वेरियम के अंदर टनल बनाने की योजना है। इसी के साथ आइलैंड्स, ब्रिज, नाव की सवारी और मड़ हाउस बनाए जाएंगे जिसका लुत्फ उठाने के लिए दूरदराज से लोग यहां आएंगे। प्रदेश का यह अपनी तरह का पहला पिकनिक स्पॉट होगा। तालाब के पानी को प्राकृतिक तरीके से ही साफ किया जाएगा।

**नगर निगम आने कामों को लेकर वचनबद्धः निगमायुक्त :** इस दौरान नगर निगम मानेसर के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने कहा कि नगर निगम अपने कामों को लेकर वचनबद्ध है। पूरे निगम क्षेत्र में विकास कार्य कराए जा रहे है। अधिकारियों ने गांवों की भौगोलिक स्थिति को जाना है। अधिकतर गांवों में सीवर और पानी की लाइनें बिछा दी गई है। इस मौके पर नगर निगम के एक्सईएन नवीन धनखड़, अजय निराला, ग्रामीण विकास ट्रस्ट के पदाधिकारी राकेश कुमार भट्ट, संतोष कुमार पांडेय, गांव कासन के पूर्व सरपंच सत्यदेव, विनोद, महेश, प्रेमपाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रोडस्टर लाइफ कंपनी ने लांच किया नया ब्रांड अभियान 'ट्रेंड्स विद बेनिफिट्स' इसके नए ब्रांड एंबेसडर बॉलीवुड दिवा जैकलिन फर्नांडीज और स्टैंड-अप कॉमेडियन जाकिर खान ट्रेंड-फर्स्ट पेशकश पर जोर दे रहे हैं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**11 साल** पुराने और मिंत्रा पर सबसे पसंदीदा और डिमांड वाले ब्रांड्स में से एक रोडस्टर लाइफ कंपनी ने अपना नया ब्रांड अभियान 'ट्रेंड्स विद बेनेफिट्स' लॉन्च किया है। इस अभियान में ब्रांड के नए एंबेसडर मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन जाकिर खान और बॉलीवुड दिवा जैकलिन फर्नांडीज हैं जो ट्रेंड-फर्स्ट फैशन पेशकशों को लोगों के दिलों तक पहुंचाते नजर आएंगे।

अपनी डेनिम विरासत के लिए मशहूर, द रोडस्टर लाइफ कंपनी बिंदास अंदाज, रोमांचक हौसलों और कुछ हट कर करने का दूसरा नाम है। अपनी आलीशान विरासत और ग्राहक के प्रति निष्ठा के रूप में पहचाने जाने वाले इस ब्रांड ने मेट्रो शहर के साथ-साथ टियर 2 और टियर 3 बाजारों में फैशन-फॉरवर्ड लोगों की बढ़ती ट्रेंड-फर्स्ट मांगों को पूरा करने हेतु अपनी पेशकशों को बढ़ाने के लिए अपनी कमर कस ली है। इसी तरह यह अपने मौजूदा और नए ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों से लगातार जुड़ते रहते है। अपने तीन मुख्य कॉन्सेप्ट - नियो कोर, रोड ट्रिप रेडी और यूटिलिटीएक्सस्ट्रीट को पेश करते हुए रोडस्टर लाइफ कंपनी मिंत्रा के प्लेटफॉर्म पर ट्रेंडी सलेक्शन की भरमार ला रही है। जिसमें नए स्टाइल के पुरूषों के कैजुअल वियर, महिलाओं के वेस्टर्न वियर, कैजुअल जूते और एसेसरीज शामिल है। जिन्हें रोजमर्रा के पल हो या खास लम्हे दोनों के लिए तैयार किया गया है। इससे खरीदारों को फैशन जगत में छा जाने का सुनहरा मौका मिलेगा।

'ट्रेंड्स विद बेनेफिट्स' लोगों तक किफायती कीमत पर ब्रांड के नए ट्रेंडी फैशन को पहुंचाने की ब्रांड की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इनका वादा सिर्फ स्टाइल तक ही सीमित नहीं है, बल्की इस से कहीं परे है, जिसमें वह लोगों के फैशन को बेहतर करने, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और सभी की नजरों में छा जाने जैसे 'लाभ' देता हैं। ब्रांड एंबेसडर के रूप में स्टैंड-अप कॉमेडियन जाकिर खान और बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को लेकर ब्रांड आम लोगों को अपनेपन का एहसास कराता है और फैशन विश्वसनीयता को उन तक पहुंचता है। अपने पहले फैशन ब्रांड समर्थन के रूप में, ज़ाकिर लोगों को उन्ही में से एक होने का एहसास कराते हैं,

# उड़ान पर 2023 में भारत में 2.25 अरब उत्पादों की शिपिंग की गई

**1500 विक्रेताओं ने उड़ान पर एक करोड़ रुपये से अधिक का कारोबारी लेनदेन हासिल किया**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के सबसे बड़े ई-बिजनेस-टू-बिजनेस (ईबी2बी) प्लेटफॉर्म उड़ान ने आज घोषणा की कि उन्होंने कैलेंडर वर्ष 2023 में 2.3 करोड़ से अधिक ऑर्डर्स की आपूर्ति करते हुए 2.25 अरब से अधिक उत्पादों की शिपिंग की है। इन ऑर्डर्स को भारत के सभी राज्यों में शिप किया गया। आवश्यक वस्तुओं की कैटेगरी (फ्रेश, एफएमसीजी, स्टेपल्स, फार्मा) के अंतर्गत, प्लेटफॉर्म पर 2 करोड़ ऑर्डर्स पूरे किए और लगभग 10 लाख टन से अधिक उत्पादों को भेजा गया। उड़ान पर विवेकाधीन (इलेक्ट्रॉनिक्स, जनरल मर्चेंडाइज और लाइफस्टाइल) कैटेगरी के अंतर्गत 30 लाख ऑर्डर्स की आपूर्ति करते हुए 7 करोड़ से ज्यादा उत्पादों को भेजा गया। इस अवधि के दौरान, प्लेटफॉर्म पर 900 विक्रेताओं में से हर एक ने 1 करोड़ रुपये की बिक्री हासिल की, जबकि 600 विक्रेताओं ने प्लेटफॉर्म पर 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

गुरुग्राम, मुंबई, पुणे, लखनऊ, जयपुर, कोलकाता, अहमदाबाद, हैदराबाद, दिल्ली और बेंगलुरु के खुदरा विक्रेताओं को आवश्यक एवं विवेकाधीन उत्पादों की सबसे अधिक मांग मिली।

देश में किराना कारोबार को बढ़ाने के लिए तकनीकी और इंटरनेट की शक्ति का लाभ उठाते हुए, उड़ान छोटे रिटेल विक्रेताओं और किरानाओं के बीच भुगतान के डिजिटलीकरण को भी प्रोत्साहित कर रहा है। कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान, उड़ान प्लेटफॉर्म पर 22 प्रतिशत रिटेल विक्रेताओं ने भुगतान के लिए डिजिटल माध्यमों को अपनाया।

आवश्यक वस्तुओं (एसेंशियल्स) की कैटेगरी (फ्रेश, एफएमसीजी, अनाज, दवा): कैलेंडर वर्ष 2023 में, उड़ान ने 90 प्रतिशत से अधिक की रिपीट खरीद दर के साथ एसेंशियल्स कैटेगरी में कारोबार में भारी उछाल देखा, जो उसके भागीदारों के साथ मजबूत संबंधों को उजागर करता है। प्लेटफॉर्म के माध्यम से 950.4 करोड़ बिस्किट पैकेट्स, 43.7 करोड़ पर्सनल केयर (इकाइकयाँ), 925.1 करोड़ पेय पदार्थ (इकाइयाँ), और फिर लगभग 8.7 करोड नूडल पैकेट्स और 91.5 करोड़ पेय पदार्थ इकाइयाँ भेजी गईं।

# नवीन गोयल ने दी महिला दिवस व महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं

बैंक स्ट्रीट गांधी नगर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं महाशिवरात्रि भंडारा कार्यक्रम को संबोधित करते नवीन गोयल

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने शुक्रवार को बैंक स्ट्रीट गांधी नगर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं महाशिवरात्रि भंडारा कार्यक्रम में शिरकत की।

उन्होंने यहां लोगों को महिला दिवस और महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान शंकर सभी के जीवन में मंगल करें। उनकी कृपा और आशीर्वाद सब पर बरसता रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन सूबे सिंह जलवा एवं सुमन जलवा की ओर से किया गया था। इस अवसर पर अंजु टूटेजा, सुमन (पीएसआई), किरण (एसआई), सुनीता नीरज यादव (पार्षद), पूजा मित्तल के अलावा गजेंद्र गुप्ता, राजपाल वशिष्ठ, मंगतराम व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि आज हमारी बेटियां, हमारी बहनें किसी से कम नहीं हैं। चाहे देश के अंदर सेवा करने की बात हो, चाहे कल्पना चावला के रूप में अंतरिक्ष में जाने की बात हो या हमारे देश के राष्ट्रपति पद पर सुशोभित होने की बात हो। हर जगबह पर हमारी माताओं, बहनों का जलवा है।

# बदलाव का नया दौर: डाबर ने इंदौर में स्थापित की ऑल-वुमेन प्रोडक्शन लाइन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कार्यस्थल** पर लिंग समानता को बढ़ावा देने के प्रयास में डाबर इंडिया लिमिटेड ने इंदौर के नजदीक अब तक के सबसे बड़े ग्रीनफील्ड प्लांट में 100 फीसदी महिला कर्मचारियों के लिए ऑल-वुमेन प्रोडक्शन लाईन की शुरूआत की है। इस प्रोडक्शन लाईन में 20 महिलाएं 'वाटिका हेयर ऑयल्स की डाबर रेंज' के प्रोडक्शन में शामिल होंगी। प्रोडक्ट्स की यह रेंज 'महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए' तैयार की जाएगी।

इन 'वाटिका वुमेन ऑफ सब्सटेंस' के सम्मान में स्पेशल वीडियो का लॉन्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर किया गया। अपने इन प्रयासों के द्वारा डाबर मैनुफैक्चरिंग इंडस्ट्री में महिलाओं के योगदान को बढ़ाने और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। कंपनी आने वाले समय में अपनी फैक्टरी में 30 और महिलाओं को शामिल करेगी। 'डाबर हमेशा से सभी को रोज़गार के एक समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रही है। हम अपने सभी ओर्गेनाइजेशन्स में महिलाओं को पुरूषों के समान अवसर देना चाहते हैं। ऑल-वुमेन प्रोडक्शन लाईन की शुरूआत इसी दिशा में एक और कदम है, जो मैनुफैक्चरिंग सेक्टर में महिलाओं की सक्रियता बढ़ाएगा, जहां आमतौर पर पुरूषों का बोलबाला रहता है। इस तरह स्थानीय महिलाओं को रोज़गार के अवसर मिलेंगे और उनके जीवन की गुणवत्ता बेहतर होगी।' डाबर इंडिया लिमिटेड में एक्जक्टिव डायरेक्टर-एचआर श्री बिपलाप बक्शी ने कहा। इस ऑल-वुमेन प्रोडक्शन लाईन की स्थापना रु 550 करोड़ की ग्रीनफील्ड मैनुफैक्चरिंग युनिट में की जा रही है, जो मध्य प्रदेश में इंदौर के नजदीक स्थित है। यह लाईन नैचुरल पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स खासतौर पर हेयर ऑयल्स की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए स्थापित की गई है। इस लाईन में सालाना 2.5 मिलियन पैक से अधिक उत्पादन की क्षमता है और इसका संचालन 3 शिफ्ट्स में किया जाएगा। 'हम कार्यस्थल पर लिंग समानता और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देना चाहते हैं।

# अवैध विज्ञापनों पर नगर निगम गुरुग्राम की बड़ी कार्रवाई

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम की सीमा में किसी भी प्रकार के विज्ञापन का प्रदर्शन करने से पूर्व नियमानुसार स्वीकृति लेना अनिवार्य है। स्वीकृति की पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन की गई है, जहां पर निर्धारित फीस का भुगतान करके विज्ञापन प्रदर्शन की अनुमति मिल जाती है। बिना स्वीकृति के अवैध रूप से प्रदर्शित किए गए विज्ञापनों के खिलाफ नगर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में विज्ञापन हटाओ दस्ते ने द्वारका एक्सप्रेस-वे, एसपीआर व सोहना रोड से सेंकड़ों विज्ञापनों को हटाया गया है। इनमें विभिन्न यूनिपोल पर लगे 12 फ्लैक्स सहित 200 से अधिक होर्डिंग बैनर शामिल हैं। यह कार्रवाई विज्ञापन शाखा के कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार, सहायक अभियंता हरी प्रकाश, कनिष्ठ अभियंता सत्येन्द्र, सुनील, आरिफ खान व जितेन्द्र कुमार की टीम द्वारा की गई। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ के अनुसार अवैध विज्ञापनों के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। विज्ञापन शाखा द्वारा क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाई गई है तथा अवैध विज्ञापनों को हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने विज्ञापन देने की इच्छुक कंपनियों, बिल्डरों, विज्ञापन लगाने वाली एजेंसियों से कहा है कि वे विज्ञापन प्रदर्शन से पूर्व निर्धारित फीस का भुगतान करके अनुमति जरूर लें।

# दिल्ली-एनसीआर के 10 स्थानों पर 80 प्रतिशत कम कीमत पर मिलेगी वाहटर की पेयजल बॉटल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** में पैक्ड पेयजल (बोतलबंद पेयजल) के अग्रणी ब्रांड वाहटर ने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में अपनी इनोवेटिव कार्ट सर्विस लॉन्च की है। इससे किफायती दाम में पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। छात्रों, बच्चों एवं हाशिए पर जी रहे समुदायों को ध्यान में रखते हुए वाहटर बाजार मूल्य से 80 प्रतिशत कम में प्रीमियम क्वालिटी पैकेज्ड पेयजल उपलब्ध कराएगी।

वाहटर ने 250 मिली पानी की बोतल की कीमत 1 रुपये और 500 मिली की कीमत मात्र दो रुपये रखी है। इससे स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एवं किफायत को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता दिखाई देती है। इस पहल का उद्देश्य है कि दिल्ली-एनसीआर में किसी भी सामाजिक परिवेश वाले व्यक्ति को स्वच्छ पेयजल से वंचित न रहना पड़े।

वाहटर के सह-संस्थापक अमित नेनवानी ने कहा, ये कार्ट मात्र एक डिस्ट्रीब्यूशन मैकेनिज्म नहीं हैं, बल्कि स्वच्छ पेयजल तक पहुंच की व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। कम कीमत पर अपना पैकेज्ड पेयजल उपलब्ध कराते हुए हम एनसीआर के प्रत्येक कोने में लोगों को स्वच्छ पेयजल पाने में सक्षम बना रहे हैं।'

कम कीमत पर पैक्ड पेयजल उपलब्ध कराने के लिए एडवेंट इन नोएडा, नोएडा फिल्म सिटी, इंडिया गेट, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, गुरुग्राम में हुडा सेक्टर 44, नेताजी सुभाष प्लेस मेट्रो स्टेशन, कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन, गुरुग्राम के यूनीटेक साइबर पार्क, डीलीएफ गुरुग्राम के मॉडर्न बाजार और चाणक्यपुरी के यशवंत प्लेस पर वाहटर के कार्ट लगाए गए हैं।

ऐड कैंपेन के माध्यम से भी वाहटर अपनी पहुंच बढ़ा रही है। सोनीलिव चैनल पर शार्क टैंक इंडिया के एपिसोड्स के दौरान यह ऐड कैंपेन लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। शुभी फाउंडेशन (बोट सीएसआर) और विजय सेल्स जैसे संस्थानों के साथ साझेदारी से भी वाहटर की प्रतिबद्धता को मजबूती मिल रही है। बोतलबंद पेयजल उद्योग में वाहटर लगातार इनोवेशन कर रही है। कंपनी हर व्यक्ति तक स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचाने के अपने मिशन की ओर लगातार बढ़ रही है, जिससे ज्यादा स्वस्थ एवं समतामूलक समाज बन सके।

वाहटर की सभी प्रयोग की हुई बोतलों को स्क्रैपबडी की तरफ से एकत्र और रीसाइकिल किया जाएगा। कंपनी ने अगले तीन महीने में एक करोड़ बोतलों को रीसाइकिल करते हुए कपड़ा बनाने का लक्ष्य रखा है।

# सर्वोदय हेल्थ क्लीनिक में मनाया महिला दिवस समारोह

**फरीदाबाद।** सर्वोदय हेल्थ क्लीनिक, सेक्टर-87, ग्रेटर फरीदाबाद में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों ने उत्साह से भाग लिया और डॉ. विशाल पाराशर और डॉ. निधि शर्मा ने उपस्थित लोगों को उनके स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया। साथ ही, कुछ समाज सेवकों को सम्मानित किया गया, जैसे राइजिंग वीमेंस क्लब की फाउंडर दीप्ति गुप्ता और सह-संस्थापक अर्पिता शर्मा को डॉ. निधि शर्मा ने उनके समर्पण के लिए गुलाब के फूलों के साथ सम्मानित किया। डॉ. निधि शर्मा ने बताया कि वे कैसे महिला सशक्तिकरण पर काम कर रही हैं। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पुरी प्रयाणम हेमा भारद्वाज को भी डॉ. विशाल ने सम्मानित किया। इसके अलावा, सभी उपस्थित लोगों को डॉ. निधि और डॉ. विशाल ने महिला सशक्तिकरण पर बातचीत की और विशेष आतिथ्य हनी मलिक को आमंत्रित किया गया। सभी महिलाओं द्वारा केक कटिंग भी करवाई।

# पृथला क्षेत्र के दो दर्जन गांवों का आवागमन होगा सुगम : नयनपाल रावत

## विधायक ने किया 24.32 करोड़ से बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पृथला** विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने सीकरी से धौज तक करीब 24.32 करोड़ की लागत से बनने वाली सडक़ का नारियल फुड़वाकर विधिवत रूप से शिलान्यास किया। श्री रावत ने बताया कि यह क्षेत्र की प्रमुख सड़क होगी, जिसके बनने से गांव नंगला जोगियान, भनकपुर, फतेहपुर तगां, कबूलपुर, लाधियापुर, धौज सहित करीब दो दर्जन गांवों के लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी।

इस दौरान उन्होंने नंगला जोगियान में एक करोड़ के विकास कार्यो का उद्घाटन किया, जिनमें 50 लाख की लागत से बने सामुदायिक केंद्र एवं रास्ते शामिल हैं। लोगों को संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि क्षेत्र के समुचित विकास के लिए वह पूरी तरह से वचनबद्ध है और पिछले चार सालों के दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास को ही प्राथमिकता दी है। क्षेत्र की समस्याओं को उन्होंने जहां हरियाणा विधानसभा पटल पर पुरजोर तरीके से उठाया, वहीं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष भी सदैव क्षेत्र के विकास के मुद्दों को उठाकर एक सच्चे जनप्रतिनिधि का दायित्व निभाया है। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक नयनपाल रावत का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। लोगों को संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि जो पृथला क्षेत्र पूर्व की सरकारों में विकास की पटरी से उतर गया था, उसे चार सालों के दौरान पुन: विकास की गति से जोडऩे का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि इन चार सालों के दौरान ऐसे-ऐसे विकास कार्य संपन्न करवाए गए हैं, जिनकी मांग वर्षो से लोगों द्वारा की जा रही है।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता के लिए उनके दिल और घर के दरवाजे सदैव खुले हुए हैं और वह लोगों को विश्वास दिलाते हैं कि क्षेत्र के विकास के लिए वह हमेशा प्रयासरत रहते हैं। इसके अलावा विधायक नयनपाल रावत ने इस मौके पर गुलशन सरपंच, चंदरपाल ब्लॉक समिति अध्यक्ष, अजय सरपंच, सुधीर सरपंच, गजेंदर सरपंच, गुरदत्त सरपंच, सुरेश सरपंच, रहीश खान, निशार खान, रहवर, शाबुद्दिन, मास्टर हरिचंद, मास्टर शिवकरण, तुहीराम बडगुर्जर, तेजपाल लांबा, ओमप्रकाश मेंबर, मास्टर किशनलाल, इंद्राज पंवार, जयदेव पंवार, नरेंद्र कीना, अजय भगतजी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## श्रद्धालुओं को नैमिषारण्य तीर्थ के लिए किया रवाना

**पलवल।** महाशिवरात्रि पावन पर्व तथा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले के विभिन्न स्थानों से लगभग तीस से चालीस महिला व पुरूष श्रद्धालुओं का समूह पंद्रह दिवसीय नैमिषारण्य तीर्थ के लिए रवाना हुए। मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति द्वारा श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर पलवल रेलवे स्टेशन से उनकी यात्रा मंगलमय होने की शुभकामनाएं देकर रवाना किया। ग्रीन एंबेसडर डॉ. आचार्य राम कुमार बघेल ने बताया कि राजीव नगर से महिला टीम सदस्य दूसरी बार उत्तर प्रदेश लखनऊ के पास सीतापुर शहर में स्थित पवित्र तीर्थ स्थल नैमिषारण्य के लिए जा रहे हैं। प्रकृति के कण-कण में भगवान निवास करते हैं। हमें अपनी संस्कृति के साथ- साथ प्रकृति पर्यावरण के लिए भी मिलकर कार्य करना चाहिए। रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालु अपने हाथों में हम सबने ठाना है, प्रकृति पर्यावरण को बचाना है, जैसे सुंदर संदेश लिए हुए थे। महाशिवरात्रि भगवान शिव पूजा तथा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्ति तथा प्रकृति वंदन का संदेश दिया गया। इस अवसर पर रेशम देवी, भगवती, लीलावती, ढकेली, जगन, बती, अंगूरी, बिरमा, मोना आदि सहित गोपाल, पप्पू, पन्नालाल, जितेंद्र, डॉ. भगतसिंह, श्यामलाल, लच्छी, जीतू आदि अन्य युवा व बच्चे उपस्थित रहे।

## अंग्रेजी की परीक्षा में नकल करते दो परीक्षार्थी पकड़े

**फरीदाबाद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा बृहस्पतिवार को 10वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा संपन्न कराई गई। फरीदाबाद खंड में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, जबकि बल्लभगढ़ खंड में अलग-अलग स्कूलों से चैकिंग के दौरान नकल करते हुए दो छात्रों को पकड़ा गया। बल्लभगढ़ खंड के उड़नदस्ता अधिकारी सतीश वर्मा ने बताया कि नरियाला स्थित सेंट भारद्वाज स्कूल से एक छात्र को नकल करते हुए पकड़े जाने के साथ-साथ स्कूल प्रबंधन के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। बोर्ड पर्यवेक्षक बनाए गए शिक्षक को ड्यूटी से हटाकर स्कूल प्रबंधन की ओर से किसी अन्य स्टाफ को नियुक्त किया गया था। इस पर शिक्षक को रिलीव कर दिया गया और स्कूल के खिलाफ कार्रवाई के लिए बोर्ड को लिखित रूप से सूचना दे दी गई है। मोहना स्थित एमबीएम स्कूल से भी एक छात्र को पर्ची के साथ पकड़ा गया।

## बिछड़ी हुई बच्ची को माता-पिता से मिलाया

**पलवल।** पिछले पांच माह से बघौला के आंचल छाया अनाथालय आश्रम में रह रही करीब 13-14 आयु की बच्ची सितारा उर्फ पूजा, जोकि भटक कर अपने परिवार से बिछड़ गई थी। सितारा उर्फ पूजा को पुलिस द्वारा सीडब्ल्यूसी पलवल में पेश किया गया और उनके आदेशों से तहत इस बच्ची को बघौला के आंचल छाया आश्रम में भेजा गया। समय समय पर काउंसलिंग के द्वारा गत दिवस बच्ची ने कुछ विशेष जानकारी दी, जिससे सुपरवाइजर उमा द्वारा फिरोजाबाद क्षेत्र के थाने व कंट्रोल रूम में संपर्क करके उसके घर का पता लगाया गया। बच्ची सितारा उर्फ पूजा के माता-पिता उसे लेने के लिए आंचल छाया आश्रम पर पहुंच गए। जिस तरह बच्ची अपने माता-पिता से मिली, वह दृश्य अति संवेदनशील व दिल को छू लेने वाला था। सीडब्ल्यूसी के साथ मिलकर सारी कागजी कार्रवाई पूर्ण करके बच्ची को माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। आंचल छाया आश्रम के प्रतिनिधियों समेत सभी ने इस बच्ची के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आंचल छाया आश्रम इसी तरह से बच्चों के लिए गत 27 वर्षों से निरंतर कार्य कर रहा है।

## गांव के युवकों ने ही मांगी थी पूर्व सरपंच से फिरौती

**फरीदाबाद।** गांव पन्हेड़ा खुर्द के पूर्व सरपंच से पांच लाख की फिरौती मांगने के दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन व उनकी टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपियों की पहचान गांव पन्हेड़ा खुर्द निवासी दिनेश और हरीश के रूप में हुई है, दोनों सगे भाई हैं। इनके खिलाफ पहले से कई केस दर्ज हैं। आरोपी दिनेश के खिलाफ लूट, चोरी, स्नेचिंग, लड़ाई-झगड़ा, अवैध हथियार इत्यादि धाराओं के तहत 11 और हरीश के खिलाफ सात केस दर्ज हैं। आरोपियों ने 21 फरवरी को दो साथियों के साथ मिलकर अपने गांव के पूर्व सरपंच पुष्पेंद्र से पांच लाख की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने दोनों को एक-एक देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में सामने आया आरोपी नशेड़ी किस्म के व्यक्ति हैं। पूर्व सरपंच पुष्पेंद्र की गांव में इंटरलॉक टाइल बनाने की फैक्टरी है। अच्छे पैसे ऐंठने के लिए आरोपियों ने पुष्पेंद्र को फोन कर रंगदारी मांगी। पैसे देने से मना करने पर आरोपी उसकी फैक्टरी पर गए और मजदूरों के साथ मारपीट कर हवाई फायर भी किया। इसके बाद एक गोली सरपंच के घर के बाहर खड़ी गाड़ी पर भी चलाई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग मोबाइल फोन व एक बाइक बरामद की है। पूछताछ के बाद दोनों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## मुख्यमंत्री से मिली फोरलेन सड़क निर्माण की मंजूरी

**फरीदाबाद।** एनआईटी क्षेत्र के निवासियों को लंबे समय के इंतजार के बाद सड़क निर्माण कार्य की सौगात मिली है। प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं एफएमडीए के अध्यक्ष मनोहर लाल ने फोरलेन सड़क निर्माण की मंजूरी दे दी है। इसके तहत बड़खल विधानसभा क्षेत्र के एनआईटी में एसीपी कार्यालय से व्यापार मंडल तक की सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा, जिसका शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर व विधायक सीमा त्रिखा ने किया। फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के अंतर्गत बनाई जाने वाली इस सड़क के निर्माण पर 10 करोड़ रुपये से ज्यादा का खर्च किए जाएंगे। वहीं, सड़क निर्माण की अवधि छह माह तय की गई है। सीमा त्रिखा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सड़क निर्माण की मंजूरी देने के लिए धन्यवाद किया और कहा कि इस सड़क के कई हिस्से काफी दिनों से टूटे हुए थे, जिसके कारण आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। एसीपी मुख्यालय से तिकोना पार्क, सब्जी मंडी से चिमनीबाई चौक, ईएसआई चौक, मेट्रो चौक, दो-तीन नंबर गोल चक्कर से तिकोना पार्क सब्जी मंडी तक का सड़क निर्माण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, सरदार जसवंत सिंह, पंकज सिवाल, अमित आहुजा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## छात्राओं की जांच के लिए लगाया स्वास्थ्य शिविर

**पलवल।** स्थानीय जीजीडीएसडी महाविद्यालय के परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला प्रकोष्ठ द्वारा रोटरी क्लब पलवल सिटी के सौजन्य से छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार द्वारा की गई। इस शिविर के दौरान छात्राओं का हिमोग्लोबिन एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई है एवं उन्हें कैल्शियम के पाउच एवं सेनेटरी नैपकिन भी बांटे गए। जिन छात्राओं में खून की कमी है, उन्हें मल्टीविटामिन की दवाइंयां भी दी गई। महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. वनीता सपरा ने बताया कि छात्राओं में खून की कमी से होने वाली मुश्किलों से अवगत कराने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गुरु नानक चिकित्सालय की प्रसूतिशास्त्री डॉ. तनु सोनी ने छात्राओं से उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए बातचीत भी की।

# अमन और शीतल एसडी कॉलेज पलवल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**गोस्वामी** गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय पलवल के खेलकूद विभाग द्वारा 59वां एथलेटिक मीट का आयोजन प्राचार्य डॉ. नरेश कामरा के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस आयोजन में खेलकूद विभाग द्वारा अनेक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों के लिए 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर की रेस, लेमन रेस , श्री लेग्स रेस, शॉट पुट, लांग जंप, हाई जंप, टग ऑफ वार आदि प्रतियोगिताओं के साथ स्टाफ के लिए 100 मीटर रेस एवं म्यूजिकल चेयर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र कालड़ा एवं विशिष्ट अतिथि प्रबंध समिति के सचिव बंशीधर मखीजा थे। कार्यक्रम का आरंभ ध्वजारोहण एवं विद्यार्थियों द्वारा अच्छी खेल भावना की शपथ के साथ

## गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेश कामरा ने अपने वक्तव्य में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि अच्छे खेल कौशल के माध्यम से, एथलीट लचीलापन और दृढ़ता के साथ सफलता और विफलता दोनों को संभालना सीखते हैं। वे समझते हैं कि असफलताएं और चुनौतियां खेल और जीवन का स्वाभाविक हिस्सा हैं और वे निराशाओं से उबरने और आगे बढ़ने की क्षमता विकसित करते हैं। आयोजन की मास्टर ऑफ सेरेमनी एवं वॉइस प्रिंसिपल डॉ. मंजुला बत्रा ने उच्च शिक्षा में खेलों के महत्व के बारे में बताया कि भारत एक युवा देश है और हमारे युवा जो उत्साह से परिपूर्ण हैं तथा सपनों और आकांक्षाओं की तरफ उड़ान भरने को सज हैं। वे खेलकूद से जीवन की चुनौतियों का सामना करना सीखते हैं। इसलिए सांकृतिक भेदभाव मिटा कर एक स्वस्थ, खुशहाल समाज की नींव रखने में खेलकूद की अहम भूमिका होती है। मुख्य अतिथि एडवोकेट महेंद्र कालड़ा ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थियों को खेल भावना के साथ खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहिए। खेल भावना एक दृष्टिकोण है, जो इमानदारीपूर्वक खेलने, टीम के साथियों और विरोधियों के प्रति शिष्टाचार बरतने, नैतिक व्यवहार और सत्यनिष्ठा दिखाने तथा जीत या हार में बड़प्पन के प्रदर्शन की प्रेरणा देता है। मुख्य अतिथि महेंद्र कालड़ा इस अवसर पर खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाले विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए विशेष छात्रवृत्ति की घोषणा भी की। विशिष्ट अतिथि बंशीधर मखीजा प्रेरणादायक वक्तव्य दिया और कहा कि खेल भावना एक आकांक्षा या लोकाचार को अभिव्यक्त करती है कि गतिविधि का आनंद लेते समय भी हमें शिष्टाचार नहीं भूलना चाहिए। स्पोर्ट्स क्लब के सचिव डॉ. नरेश सिंह ने खेलकूद विभाग की पूरे वर्ष की उपलब्धियां का ब्यौरा दिया। इस खेलकूद प्रतियोगितामें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर एवं 1500 मीटर रेस में बीए प्रथम वर्ष के छात्र अमन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट में लवकेश एवं लांग जंप में सचिन प्रथम स्थान पर रहे। बालिकाओं की प्रतियोगिता में 100 मीटर में कल्पना एवं 200 मीटर में कविता प्रथम स्थान पर रही। लेमन रेस में लक्ष्मी द्वितीय स्थान पर एवं शॉट पुट में कुमकुम प्रथम स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया।

# 31 महिला विभूतियों को भारतीय लाडली गौरव अवार्ड से सम्मानित किया

**फरीदाबाद।** बेटी बचाओ अभियान ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देश के कोने-कोने से आई 31 महान महिला विभूतियों को भारतीय लाडली गौरव अवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन चेयरमैन जगजीत कौर व संयोजन राष्ट्रीय संयोजक हरीशचंद्र आजाद ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शहीद राजा नाहर सिंह के वंशज एवं वरिष्ठ इनेलो नेता सुनील तेवतिया ने कार्यक्रम में शिरकत की। सबसे पहले मुख्य अतिथि सुनील तेवतिया द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री तेवतिया ने कहा कि सभी महान विभूतियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बेबी प्रियंका व अन्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति पेश की।

श्री तेवतिया ने कहा कि बेटी बचाओ अभियान की टीम देश में बहुत अच्छा कार्य कर रही है, जिनके प्रयासों से देश में लिंग अनुपात में बहुत सुधार हुआ। उन्होंने देश की महान महिला विभूतियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हमारे देश की संस्कृति ऐसी महान महिला विभूतियों के कार्यों से ही विश्व में सबसे श्रेष्ठ संस्कृति है।

भारतीय महिला गौरव अवार्ड से सम्मानित विभूतियां जसलीन कौर डीसीपी सेंट्रल फरीदाबाद, यशिका यादव प्रिंसिपल जज फैमली कोर्ट, ममता खरबंदा दहिया डीसीपी क्राइम स्टेट, गरिमा मितल सीइओ स्मार्ट सिटी फरीदाबाद, अनमोल खरब बेडमिंटन खिलाड़ी स्वर्ण पदक विजेता, सीमा बंसल डायरेक्टर एसएसबी अस्पताल, मोनिका भारद्वाज एसीपी वूमेन सेफ्टी, पूनम हुड्डा एसएचओ बल्लभगढ़, सविता एसएचओ वूमेन एनआईटी, इंदू बाला वूमेन एसएचओ सेक्टर-16, मोनिका एसीपी फरीदाबाद, संगीता एस बहल गुडगांव, सुनीता शर्मा अंबाला, मधुबाला भिवानी, शंकुतला विजयवर्गीया जयपुर, संगीता तिवारी बिहार, राशि चौधरी मुंबई, जागृति चौधरी आदि को सम्मानित किया।

# पैर से सरिया हुआ आरपार, एकॉर्ड अस्पताल के डॉक्टरों ने बचाई जान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल में दुर्घटना के दौरान पैर से आरपार हुए सरिये का सफल ऑपरेशन कर मरीज को नया जीवन दिया है। मरीज का पैर कटने से बच सका। इस सफल ऑपरेशन को अस्पताल ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार, डॉ. नमन गोयल, डॉ. अभिषेक और डॉ. राकेश कुमार ने अंजाम दिया। ऑपरेशन के बाद मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ है। अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. प्रबल रॉय ने टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा की इस तरह के बढ़े ऑपरेशन अब फरीदाबाद में होने से लोगों को दिल्ली जाने से राहत मिली है।

ग्रेटर फरीदाबाद निवासी 32 वर्षीय पंकज डीपीएस स्कूल में सुपरवाइजर के पद कार्यरत है। रोजाना के तरह बुधवार सुबह वह घर से अपनी बाइक पर ड्यूटी जा रहा था। तभी बाइक के आगे सरिया लाद कर ले जा रहे रिक्शा से उसकी बाइक टकरा गई और तीन फुट लंबे सरिये उसके दायां पैर के आर पार हो गए। तभी आसपास के लोगों ने घायल को तुरंत एकॉर्ड अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने तुरंत उसका इलाज शुरू कर दिया। मरीज की जान बचाने के लिए तुरंत ऑपरेशन की तैयारी की गई। डॉ. युवराज ने बताया कि लोहे के सरिया होने के कारण पैर में इंफेक्शन फैलने का खतरा काफी बढ़ गया था। इलाज के देरी होने पर कई बार मरीज का पैर काटने तक की नौबत आ जाती है। इसलिए हमने सबसे पहले ग्रेंडर से सरिया काटे। उसके बाद ऑपरेशन कर पैर के अंदर फंसे सरिया को निकाल दिया गया।

# अमृता अस्पताल फरीदाबाद ने लांच किया नया मैमोग्राफी मोबाइल क्लीनिक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अमृता** अस्पताल फरीदाबाद ने अपना पहला मैमोग्राफी मोबाइल क्लीनिक लांच किया है, जो स्क्रीनिंग प्रक्रियाओं में सुधार और पहुंच का विस्तार करके भारतीय महिलाओं में स्तन कैंसर को खत्म करने के प्रयास में आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को घर पर सेवाएं प्रदान करेगा।

स्तन कैंसर से पीड़ित लोगों की जीवन प्रत्याशा शीघ्र पहचान और समय पर उपचार से बहुत प्रभावित होती है। भारत में स्तन कैंसर से महिलाओं के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा है। दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में किसी भी जनसंख्या-आधारित कैंसर रजिस्ट्री की तुलना में आयु-समायोजित दर सबसे अधिक है। सुलभ स्क्रीनिंग की तत्काल आवश्यकता को पहचानते हुए, मोबाइल मैमोग्राफी मोबाइल क्लिनिक की शुरुआत एक शक्तिशाली पहल के रूप में सामने आई है। उच्च गुणवत्ता वाली मैमोग्राफी सेवाएं सीधे समुदायों तक पहुंचाते हुए, यह मोबाइल यूनिट विशेष रूप से फरीदाबाद और इसके आसपास के जिलों को लक्षित करेगी, जहां प्रभाव सबसे अधिक ध्यान देने योग्य है। अमृता अस्पताल फरीदाबाद के एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर स्वामी निजामृतानंद पुरी ने कहा, मोबाइल मैमोग्राफी मोबाइल क्लीनिक का लांच अमृता के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह पहल, जिसका उद्देश्य उन समुदायों तक सीधे पहुंच योग्य मैमोग्राफी सेवाएं पहुंचाना है।

# पलवल को दी 96 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

## विकास परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से किए उद्घाटन व शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**प्रदेश** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अनेक परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसी कड़ी में पलवल जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन व होडल के विधायक जगदीश नायर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, डायरेक्टर सेकेंडरी एजुकेशन हरियाणा जितेंद्र कुमार, उपायुक्त नेहा सिंह, एसडीएम पलवल नरेंद्र सिंह, डीडीपीओ संजय मुख्य रूप से मौजूद रहे।

हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन व होडल के विधायक जगदीश नायर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया है। जिले में मुख्यमंत्री द्वारा 10 परियोजनाओं की सौगात दी गई है। इन सौगातों में राजकीय महाविद्यालय भैंडोली के भवन का शिलान्यास किया गया है, जिस पर 30 करोड़ 97 लाख रुपये की लागत आएगी। वहीं उटावड़ -सकरावा-भादस 5.50 किलोमीटर लंबी सड़क के सुधारीकरण का शिलान्यास किया गया है, जिस पर सात करोड़ 12 लाख 79 हजार रुपये की लागत आएगी। वहीं होडल-नूंह-पटौदी-पटौदा 26 किलोमीटर लंबी सड़क के सुधारीकरण कार्य का शिलान्यास किया, जिस पर 13 करोड़ 26 लाख 54 हजार रुपये की लागत आएगी। वहीं पलवल शहर के लिए बरसाती पानी की निकासी परियोजना का शिलान्यास भी किया, जिस पर 38 करोड़ 31 लाख 28 हजार रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा पांच करोड़ 23 लाख रुपये की लागत से बनाए गए राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धतीर के भवन, गांव सीहा में 35 लाख 88 हजार रुपये की लागत से बने राजकीय पशु चिकित्सालय, गांव बेढा पट्टी में 29 लाख 91 हजार रुपये की लागत से बनाए गए राजकीय पशु औषद्यालय तथा गांव मंडकौला में 35 लाख 83 हजार रुपये की लागत से बने राजकीय पशु चिकित्सालय और गांव कमरावली में 1.50 लाख रुपये की लागत से सुधारीकरण कर बनाए गए आदर्श प्ले स्कूल व गांव धींगडाका में 20 लाख रुपये की लागत से बने आदर्श प्ले स्कूल का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पलवल जिले में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए स्कूल व कॉलेजों का निर्माण किया गया है। जिला में सड़कों का जाल बिछाया गया है। जिले में पशुओं की देखभाल के लिए पशु चिकित्सालय बनाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि जनहित के सभी कार्य समानता के आधार पर किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि जिन विकास कार्यों को शुरू किया गया है, वे सभी आगामी छह महीने में पूरे कर लिए जाएंगे। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल, पलवल निगरानी समिति के पूर्व चेयरमैन मुकेश सिंगला सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना के लिए 15 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**डॉ. भीमराव** अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना का लाभ उठाने के लिए विशेष छूट प्रदान की गई है। विद्यार्थियों के लिए इस योजना का लाभ उठाने के लिए निर्धारित की गई तिथि को 31 जनवरी से बढ़ाकर 15 मार्च तक कर दिया गया है। अब आवेदक 15 मार्च तक अपना आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर मेधावी संशोधित छात्रवृत्ति योजना 2023-24 के अंतर्गत इस वर्ष उत्तीर्ण हुए दसवीं कक्षा के सभी वर्गों जैसे- अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग ब्लॉक ए व बी एवं अन्य सभी समुदाय के विद्यार्थी व बारहवीं तथा स्नातक के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किए गए है, जिनमें से बहुत से ऐसे आवेदन भरे गए हैं, जिनके दस्तावेज स्कीम की हिदायत अनुसार पूर्ण नहीं करवाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिनके आवेदन पत्र अपूर्ण हैं व जिला कल्याण कार्यालय द्वारा जिन आवेदनों पर आपत्ति लगाई गई है, वे छात्र अपने आवेदन पर लगी त्रुटि को जल्द से जल्द दूर करवाएं, ताकि योजना का लाभ उठाया जा सके।

उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए पुराना कोर्ट परिसर स्थित जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय पलवल से संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिन छात्रों ने अभी तक छात्रवृत्ति हेतू आवेदन नहीं किया है, वे आगामी 15 मार्च तक अपना आवेदन करके स्कीम का लाभ उठाएं।

## महिला शक्ति
### सदन में स्थान

**भारतीय महिलाओं** ने राजनीति के शिखर पर स्थान बना कर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है। वर्तमान समय में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन हो रहा है। भारतीय महिलायें राजनीति में अपना स्थान मजबूत कर रही हैं, जबकि अब तक इस क्षेत्र पर पुरुषों का प्रभुत्व था। पिछले वर्षों में भारतीय राजनीति विकसित हुई है और महिलायें इसमें प्रमुख हितधारक के रूप में उभरी हैं, उन्होंने परंपरा को चुनौती दी है तथा राष्ट्रीय राजनीतिक विमर्श को बदला है। महिलाओं की बढ़ती सहभागिता न केवल उनकी दृढ़ता का प्रतीक है, बल्कि इससे समावेशन की दिशा में व्यापक सामाजिक परिवर्तन भी दिखता है। भारतीय राजनीतिक क्षेत्र लंबे समय से 'पितृसत्तात्मक ढांचों' और जेंडर असमानता का शिकार रहा है, जहां महिलाओं का हाशियाकरण हुआ या उनकी उपस्थिति बहुत कम रही। लेकिन अब यह स्थिति व्यापक रूप से बदल रही है और महिलायें ज्यादा जोश के साथ अपनी उपस्थिति अनुभव करा रही हैं। सभी राजनीतिक पार्टियों में सचेतन ढंग से महिला मतदाताओं को खुश करने के प्रयास हो रहे हैं और जनसंख्या संरचना में उनका महत्व रेखांकित किया जा रहा है। महिलाओं के बढ़ते महत्व का एक प्रमुख प्रेरक स्थानीय स्वशासी संस्थानों में महिला आरक्षण निर्धारित कर उसका क्रियान्वयन है। 1993 में संविधान में महत्वपूर्ण 73वें व 74वें संशोधनों ने स्थानीय निकाय संस्थानों में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण का प्राविधान किया था। इस सफलता से उत्साहित होकर महिलाओं ने राज्य विधानसभाओं तथा संसद में भी ऐसे ही आरक्षण की मांग तेज की। अंतत: नरेन्द्र मोदी की सरकार ने यह काम कर दिखाया।

महिला आरक्षण विधेयक के कारण राजनीतिक पार्टियां महिलाओं को अधिकाधिक प्रतिनिधित्व देने का प्रयास कर रही हैं। संसद में महिलाओं के लिए सीटों के आरक्षण से भारत में राजनीतिक परिदृश्य बदलेगा। इससे सीटों का ज्यादा समतापूर्ण वितरण सुनिश्चित होगा तथा नीति-निर्माण संस्थाओं में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व को संबोधित किया जा सकेगा। इससे राष्ट्र का भविष्य तय करने में महिलाओं के स्वर के बारे में शक्तिशाली संदेश जाता है तथा प्रशासन में उनका महत्वपूर्ण स्थान रेखांकित होता है। विधायी उपायों के साथ सभी विचारधाराओं वाली पार्टियां सक्रिय रूप से महिला मतदाताओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों को संबोधित कर रही हैं। इनमें स्वास्थ्यरक्षा, शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तीकरण शामिल हैं। वास्तव में आज महिलायें राजनीतिक प्रक्रिया में केवल निष्क्रिय दर्शक बने रहने से संतुष्ट नहीं हैं और वे सर्वोच्च स्तर पर स्थान चाहती हैं। इस सहभागिता से प्रशासन में नए दृष्टिकोण शामिल हुए हैं तथा ऐसे मुद्दों की प्राथमिकता बदली है जिनको लंबे समय से अनदेखा किया जा रहा था। इसके साथ ही जेंडर समानता तथा सामाजिक न्याय को प्रोत्साहन देने वाली नीतियों की पैरोकारी बढ़ी है। लेकिन इसके बावजूद भारतीय राजनीति में जेंडर समानता स्थापित करने में चुनौतियां बनी हुई हैं। गहराई तक जड़ें जमाए पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण, जेंडर पूर्वाग्रह तथा व्यवस्थागत बाधायें महिलाओं की सहभागिता और प्रतिनिधित्व में बाधायें बनी हुई हैं। इसके साथ ही अक्सर राजनीति में महिलाओं को उत्पीड़न, दबाव और भेदभाव का सामना करना पड़ता है। इन मुद्दों को संबोधित करने के लिए नीति-निर्माताओं, राजनीतिक पार्टियों, सिविल सोसाइटी तथा आम जनता की ओर से निरंतर प्रयास जरूरी हैं ताकि महिला नेताओं के लिए समुचित परिवेश बन सके। जेंडर समानता सिद्धान्तों को स्वीकार कर भारत अपनी लोकतांत्रिक इच्छायें पूरी कर पूरी दुनिया के लिए अनुकरणीय समावेशी शासन-प्रशासन स्थापित कर सकता है।

# भारतीय महिलाओं की अदम्य भावना

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते समय महिला सशक्तीकरण और विभिन्न क्षेत्रों में आज महिलाओं द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति रेखांकित करना जरूरी है।

**दर्शना जरदोश**
(लेखिका, केन्द्रीय रेलवे व टेक्सटाइल राज्य मंत्री हैं)

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते समय महिला सशक्तीकरण और विभिन्न क्षेत्रों में आज महिलाओं द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति रेखांकित करना जरूरी है। इस बहुआयामी प्रगति में भारतीय महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत विविधताओं से भरी संस्कृति व इतिहास वाला देश है जिसे बनाने में महिलाओं की उपलब्धियां व संघर्ष उल्लेखनीय है। पिछले वर्षों में भारत की महिलाओं ने बहुआयामी भूमिकायें निभाई हैं। उन्होंने राष्ट्र के विकास, आर्थिक प्रगति तथा समग्र रूप से अनेकानेक उपलब्धियों में अपना योगदान दिया है। भारत का इतिहास उन दृढ़ व अदम्य इच्छाशक्ति वाली महिलाओं से भरा पड़ा है जिन्होंने अनेक सामाजिक मानकों को तोड़ कर अपने लिए स्थान बनाया है।

इनमें झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, सरोजनी नायडू तथा सवित्रीबाई फुले से लेकर पी.टी उषा तक अनेकानेक महिलायें शामिल हैं जिन्होंने मार्गदर्शक के रूप में जेंडर समानता की नीव डाली है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं ने भारत को वर्तमान समय में 'विश्व शक्ति' बनाने में प्रमुख नेतृत्वकारी भूमिका अदा की है। महिलाओं ने देश के सामाजिक ढांचे में महत्वपूर्ण योगदान करते हुए परिवारों, समुदायों और संस्थानों में उल्लेखनीय भूमिका अदा की है। अतीत की नेतृत्वकारी महिलाओं से लेकर वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों में खोजी महिलाओं ने भारतीय संस्कृति को हमेशा के लिए स्थाई रूप से बदल दिया है। भारतीय महिलाओं ने न केवल देश की सीमाओं के भीतर, बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। अग्रणी बिजनेस प्रमुखों से लेकर वैज्ञानिकों, कलाकारों और एथलीटों तक भारतीय महिलाओं ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की है। इससे उनको न केवल व्यापक स्तर पर सम्मान प्राप्त हुआ है, बल्कि उन्होंने नई पीढ़ी के लोगों को बड़े सपने देखने को प्रेरित किया है।

महिलाओं ने जहां शासन-प्रशासन के हर क्षेत्र तथा सामाजिक-राजनीतिक ढांचों में प्रवेश कर स्वयं को स्थापित किया है, वहीं अब भी इन स्थितियों में सुधार की संभावना बनी हुई है। वास्तव में हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जीवन के हर क्षेत्र और सभी आयामों में जेंडर समानता स्थापित की जा रही है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से परिभाषित किया है कि वे देश को कहां ले जाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने 'महिलाओं द्वारा संचालित विकास से महिला नेतृत्व में विकास' की अवधारणा प्रस्तुत की है। यह दृष्टिकोण में व्यापक बदलाव का संकेत है जिससे वर्तमान में प्राप्त उपलब्धियों के साथ ही भावी चुनौतियां भी रेखांकित हुई हैं। किसी भी समाज में जेंडर समानता का स्तर आमतौर से विकास और आधुनिकीकरण के स्तर से जुड़ा होता है। जेंडर समानता को प्रोत्साहित करने वाले समाजों में सबके लिए ज्यादा अवसर पैदा होते हैं, सामाजिक एकजुटता मजबूत होती है तथा भेदभाव का स्तर लगातार कम होता है। हालिया दशकों में महिला शिक्षा पर लगातार जोर देना एक सकारात्मक प्रवृत्ति के रूप में सामने आया है।

हालांकि, अब भी महिला सशक्तीकरण तथा जेंडर समानता के मामले में खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में चुनौतियां बनी हुई हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक लड़कियों व महिलाओं समेत सबकी समतापूर्ण पहुंच की चुनौतियां हैं। इनके बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी पहले ने लड़कियों की शिक्षा प्रोत्साहित करने में उल्लेखनीय केन्द्रीय भूमिका निभाई है। भारत के आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता 2022 में 22 प्रतिशत से बढ़ कर 2023 में 37 प्रतिशत पहुंच गई है। उद्यमिता के तेजी से बदलते परिदृश्य में महिलायें अपना स्थान बना रही हैं। महिलायें उल्लेखनीय नेतृत्वकारी भूमिका निभाते हुए खोजों में योगदान कर अनेक क्षेत्रों में परिवर्तन का कारण बन रही हैं। महिला उद्यमी अनेक क्षेत्रों में पुनर्गठन को बढ़ावा दे कर समावेशन को प्रोत्साहन दे रही हैं, भावी पीढ़ियों को प्रेरित कर रही हैं तथा स्थापित परंपरागत नियमों को बदल कर उद्योगों को पुन: परिभाषित भी कर रही हैं। महिलाओं ने अनेक मुनाफा कमाने वाली फर्में स्थापित की हैं।

महिलाओं का योगदान मुनाफा बढ़ाने से लेकर खोजों को प्रोत्साहित करने, समावेशन को बढ़ावा देने तथा सकारात्मक सामाजिक प्रभाव डालने में सफल हुआ है। टेक्सठाइल क्षेत्र में वर्तमान समय में 25 लाख से अधिक महिला बुनकर व सहायक कर्मियों के रूप में काम कर रही हैं। ये महिलायें न केवल उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान करती हैं, बल्कि उनका नेतृत्व भी कर रही हैं। इस प्रकार वे परंपराओं में जकड़े उद्योगों में आमूल परिवर्तन कर रही हैं। राजनीतिक संस्थानों में महिलाओं का बढ़ता प्रतिनिधित्व लोकतंत्र व समावेशन के प्रति प्रतिबद्ध देश के रूप में हमारी छवि बना रहा है। उच्च महिला राजनीतिक प्रतिनिधित्व वाले देश अक्सर नीति-निर्माण के प्रति ज्यादा संतुलित व विविधतापूर्ण दृष्टिकोण प्रदर्शित करते हैं तथा व्यापक रूप से सामाजिक मुद्दों का समाधान करने में सफल रहते हैं।

इस विचार को आगे बढ़ाते हुए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-महिला आरक्षण विधेयक' पेश किया गया जिसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्राविधान है। इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा। हालांकि, पंचायत राज संस्थानों व नगर निकायों में महिलाओं की सहभागिता काफी बढ़ी है, पर राज्य विधायिकाओं और संसद में उनका प्रतिनिधित्व सीमित बना हुआ है। लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या केवल 15 प्रतिशत है, जबकि यह अनेक राज्य विधानसभाओं में केवल 10 प्रतिशत है। नारी शक्ति वंदन कानून लागू होने के बाद लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या 181 हो जाएगी जो वर्तमान समय में 82 है। हालांकि, आज महिलायें जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं, पर यह स्वीकार करना जरूरी है कि भारतीय रेलवे कार्यबल में महिलाओं की संख्या केवल 6-7 प्रतिशत है। इस कम प्रतिनिधित्व के बावजूद 'प्रथम महिलाओं' ने अनेक पुरुष-प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में प्रशंसनीय रूप से प्रवेश किया है। ऐसी ही एक उल्लेखनीय महिला सुश्री जया वर्मा सिन्हा रेलवे बोर्ड की पहली अध्यक्ष व सीईओ हैं। इसके साथ ही भारतीय रेलवे में 800 से अधिक महिलायें लोको पायलेट, लोको पायलेट शंटर तथा सहायक लोको पायलटों के रूप में काम करती हैं। कुछ ट्रेनों का संचालन पूरी तरह केवल महिलायें करती हैं जिससे उनकी क्षमता एवं दृढ़ता प्रकट होती है।

जब दुनिया ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया तब समाज के ऐसे वर्ग पर नजर डालना जरूरी हो गया है जिसके योगदान को अक्सर 'बेरोजगार महिला' बता कर अनदेखा किया जाता है। घर-परिवार में महिलायें अनेकानेक दायित्वों व कर्तव्यों का निर्वहन करती हैं जो परिवार, समाज और देश के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे परिवार में अपने बच्चों के पालन-पोषण के साथ ही वृद्धों की देखभाल, बच्चों की शिक्षा, घर के आर्थिक प्रबंधन तथा भावी प्रगति की योजनायें बनाने में जो भूमिका निभाती हैं वे किसी कामकाजी महिला से कम नहीं हैं। इसके साथ ही अनेक महिलायें स्वरोजगार या नौकरी के माध्यम से परिवार, समाज और देश की आर्थिक प्रगति में उल्लेखनीय योगदान करती हैं। हालांकि, बेरोजगारी की समस्या बनी हुई है, पर इससे जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाली महिलाओं का महत्वपूर्ण प्रभाव कम नहीं हो जाता है।

भारत में महिला सशक्तीकरण में प्रगति का उत्सव मनाते हुए हमें यह अवश्य स्वीकार करना चाहिए कि यह यात्रा जारी है। सरकार, सिविल सोसाइटी तथा जनता के सामूहिक प्रयास सार्थक व स्थाई परिवर्तन प्राप्त करने के लिए जरूरी हैं। महिला सशक्तीकरण का अर्थ केवल समानता तक सीमित नहीं है। यह टिकाऊ विकास, सामाजिक प्रगति तथा समाज की समग्र बेहतरी के लिए आधारभूत शर्त है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के बारे में कहा है, 'वह शक्ति है, सशक्त है, वह भारत की नारी है, न ज्यादा में, न कम में, वह सब में बराबर की अधिकारी है।' प्रधानमंत्री के इस विद्वतापूर्ण विचार पर सबको गौर करना चाहिए।

# महिलाओं द्वारा पोषित सांस्कृतिक परम्पराएं

**टीना वचानी**
(लेखिका, एक एनजीओ की संस्थापक व संचालक हैं)

देश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत में गहराई से समाया हुआ, भारतीय शास्त्रीय नृत्य रूप उस कलात्मक उत्कृष्टता के प्रमाण के रूप में खड़ा है जिसे उन्होंने पीढ़ियों से कायम रखा है। भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी, कुचिपुड़ी, मणिपुरी और कथकली जैसे ये सदियों पुराने नृत्य रूप कहानी कहने, लय और भावना का एक सुंदर मिश्रण दिखाते हैं। जैसे-जैसे आधुनिकता हमारे जीवन के हर पहलू में प्रवेश कर रही है, इन पारंपरिक नृत्य रूपों को संरक्षित करना और बढ़ावा देना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है, न केवल भारत की रचनात्मक विरासत की सुरक्षा के लिए बल्कि उस अद्वितीय स्त्री ऊर्जा के उत्सव के रूप में भी जिसने इन कला रूपों को आकार और पोषण दिया है, सदियों के लिए।

भारतीय शास्त्रीय नृत्य रूपों की उत्पत्ति प्राचीन धर्मग्रंथों और ग्रंथों से होती है, जो पौराणिक कथाओं, महाकाव्यों और लोककथाओं की कहानियों को व्यक्त करने के माध्यम के रूप में कार्य करते हैं। उदाहरण के लिए, भरतनाट्यम की जड़ें नाट्य शास्त्र में मिलती हैं, जो ऋषि भरत मुनि द्वारा प्रस्तुत कला प्रदर्शन पर एक ग्रंथ है। इसी तरह, कथक की उत्पत्ति हिंदी शब्द कथा से हुई है और यह महाभारत और रामायण जैसे हिंदू धर्मग्रंथों से कहानी कहने के माध्यम के रूप में विकसित हुआ है। इस प्रकार, प्रत्येक नृत्य शैली एक अद्वितीय इतिहास रखती है, जिसमें क्षेत्रीय विविधताएं देश के विविध सांस्कृतिक परिदृश्य को जोड़ती हैं, जो अक्सर प्रतिभाशाली महिलाओं की रचनात्मक अभिव्यक्तियों द्वारा आकार और कायम रहती हैं जो इन परंपराओं की पथप्रदर्शक रही हैं।

राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने के लिए इन नृत्य शैलियों को संरक्षित करना महत्वपूर्ण है। ये कला रूप केवल प्रदर्शन से कहीं अधिक काम करते हैं; वे भारतीय विरासत, नैतिकता और आध्यात्मिक विश्वासों के जीवंत भंडार हैं। विस्तृत हाथ की हरकतें, चेहरे के भाव और शरीर की हरकतें उन कहानियों को बयान करती हैं जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक चली आ रही हैं, जो अतीत और वर्तमान के बीच संबंध का काम करती

हैं। अपने सांस्कृतिक महत्व के अलावा, ये नृत्य कलाकारों को खुशी और उत्सव से लेकर दु:ख और आत्मनिरीक्षण तक भावनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला व्यक्त करने में भी सक्षम बनाते हैं। जटिल फुटवर्क, सुंदर चाल और अभिव्यंजक हावभाव कलाकारों को एक ऐसी दुनिया में चुपचाप जटिल कथाओं और भावनाओं को संप्रेषित करने की अनुमति देते हैं जो विकसित हो रही है लेकिन अभी भी परंपरा में गहराई से निहित है। शायद सांस्कृतिक पहचान के साथ यह गहरा संबंध ही है जिसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भारतीय कूटनीति में सबसे आगे रखने के लिए प्रेरित किया है। सांस्कृतिक कूटनीति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और प्रवासी भारतीय दिवस जैसी पहलों में स्पष्ट है, जो दोनों भारतीय संस्कृति के वैश्विक उत्सव बन गए हैं। उनके प्रधानमंत्रित्व काल में, दुनिया भर के मंत्रालयों और दूतावासों ने अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए शास्त्रीय नृत्य रूपों को सक्रिय रूप से समर्थन और बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के माध्यम से, भारतीय कलाकारों को वैश्विक मंचों पर प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान किया गया है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों का भारतीय परंपराओं के विविध स्पेक्ट्रम का अनुभव करने के लिए स्वागत किया गया है। कलात्मक अभिव्यक्ति का साधन होने के अलावा, नृत्य रूपों में समावेशिता और समझ को बढ़ावा देकर सामाजिक अंतराल को पाटने की क्षमता भी है। इन नृत्य रूपों द्वारा समर्थित विविधता, एकता, प्रेम, खुशी, दु:ख, करुणा और सांप्रदायिक सद्भाव के विषयों का उपयोग क्षेत्रीय, भाषाई और धार्मिक सीमाओं से परे एक साझा सांस्कृतिक समझ बनाने के लिए किया जा सकता है। बदले में, उन्नत सांस्कृतिक एकीकरण, भारतीय समाज का निर्माण करने वाले विविध समुदायों के बीच एकता और पारस्परिक सम्मान की भावना को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

हालांकि, हाल के दिनों में, आधुनिक सांस्कृतिक रुझानों का प्रवाह, सीमित बुनियादी ढांचा और युवा पीढ़ी के बीच घटती रुचि ने इन नृत्य रूपों के अभ्यास और विकास के लिए गंभीर चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। इन चुनौतियों से निपटने के किसी भी प्रयास के लिए स्कूल और समुदाय दोनों स्तरों पर शिक्षा और जागरूकता के निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, इन नृत्य शैलियों को व्यापक दर्शकों के लिए अधिक सुलभ बनाने के लिए सीखने और प्रदर्शन प्रदर्शित करने के लिए डिजिटल प्लेटफार्मों का लाभ उठाने की आवश्यकता है। शायद इन नृत्य रूपों को बढ़ावा देने और उनमें फिर से रुचि जगाने की इच्छा ने हमें रूट्स 2 रूट्स पर भरतनाट्यम, कथक और ओडिसी से शुरू होने वाले विभिन्न नृत्य रूपों के लिए ऑनलाइन नृत्य पाठ्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया है। दुनिया भर के 60 दूतावासों के साथ-साथ भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर), सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) के सहयोग से शुरू किए गए इस मिशन का उद्देश्य दुनिया भर में नृत्य प्रेमियों को एक विशेष अवसर प्रदान करना है।

भारतीय शास्त्रीय नृत्य रूपों में निहित लयबद्ध पेचीदगियों, पारंपरिक आख्यानों और कहानी कहने वाले तत्वों में खुद को डुबो दें। इसके अधिकांश समर्थक और अभ्यासकर्ता महिलाएं होने के कारण, इस पहल का उद्देश्य उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए एक मंच प्रदान करना भी है। जैसा कि हम महिला दिवस मनाते हैं, भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों को संरक्षित करने का महत्व अतिरिक्त महत्व रखता है। यह राष्ट्र की आत्मा में एक रणनीतिक निवेश के रूप में खड़ा है। हमारे नृत्य रूप हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के साथ एक शाश्वत संबंध का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## आप की बात

### पुरुषवादी सोच

**साल** में एक दिन महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। उस दिन महिलाओं की प्रशंसा में जमकर शब्दों की जुगाली की जाती हैं। उस दिन महिलाओं के लिए बराबरी का दर्जा से लेकर उन्हें और ऊपर तक उठाने की पेरवी की जाती है। लेकिन अगले दिन से फिर दुनिया पहले की तरह चलने लगती है। विश्व की 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं वही चूल्हा-चौका, बच्चों की परिशि, घर संभालने की जिम्मेदारी और परिवार के वयोवृद्धों की देखभाल में जुट जाएंगी। जैसे जैसे जमाना विकास की ओर बढ़ रहा है, वैसे वैसे महिलाओं को संसार में सुख पूर्वक जीने के संसाधन उपलब्ध हो रहे हैं। लेकिन पुरुषवादी सोच सुदूर गांवों से लेकर अति विकसित देशों के शहरों तक आज भी जारी है। भले ही मुट्ठी भर महिलाएं सफलता के शिखर चूमने में सफल रही हों, मगर इस आधी आबादी का एक बड़ा हिस्सा आज भी बराबरी का दर्जा पाना तो दूर अभी अपने जीवन यापन के लिए ही संघर्ष कर रहा है। खासकर भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों, ईंट भट्ठों व भवन निर्माण आदि क्षेत्रों में काम करने वाली महिलायें भयंकर दमन और शोषण का शिकार हैं। संदेशखाली जैसी छोटी-बड़ी घटनायें शायद देश के अन्य भागों में भी पुरुषवादी सोच के कारण होती हैं, पर उनको सुर्खियों में जगह नहीं मिलती है।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### आधी आबादी का महत्व

**महिला** इस समाज में आधी आबादी और उस पहिए की भांति है जिसके बिना जीवन की गाड़ी चलना असंभव है। अब खुशी की बात है कि अब समाज के पुरुषवादी एवं रूढ़िवादी तबके को भी समझ में आने लगा है कि महिला के बिना इस जीवन की कल्पना करना भूल ही नहीं, हमारी अज्ञानता का परिचायक था। घर की चारदिवारी और चूल्हे चौके तक सीमित रखे जाने व वासना पूर्ति का साधन समझे जाने वाली अनेक महिलाएं और बेटियां समाज के लिए वरदान साबित हो रही हैं। आज राष्ट्र निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में महिलायें परचम लहरा रही हैं और अपना योगदान दे रही हैं। आज महिलायें पुलिस, तीनों सेनाओं, इंजीनियरों, अभिनेत्रियों, चिकित्सकों, वन संरक्षकों, शिक्षिकाओं, वैज्ञानिकों, आदि के रूप में योगदान कर अपनी शक्ति व क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं। वे समाज को मजबूर कर रही है कि उनको समान दर्जा दिया जाए। विधायिकाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का कानून एक वरदान है। सबको महिलाओं और बेटियों को सम्मान देते हुए उनको अपने अधिकार, पेशा, नौकरी, शिक्षा व कॅरियर के लिए स्वतंत्रता देनी चाहिए। जीवन के सभी क्षेत्रों में आधी आबादी को कम से कम आधा स्थान जरूर मिलना चाहिए।

**- तारामुनी देवी,** वैशाली

### भयभीत ममता बनर्जी

**ममता बनर्जी** के नेतृत्व वाली राज्य सरकार संदेशखाली मामले में आरोपी शाहजहां मामले की जांच हाई कोर्ट द्वारा सीबीआई को देने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने जा रही है। इसके लिए कांग्रेस के वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी की सहायता ली जाएगी। आखिर ममता बनर्जी यह सब क्यों कर रही हैं? शाहजहां ने सन्देशखाली में महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया, उनकी जमीनें हड़पीं, केन्द्र सरकार द्वारा गरीब जनता के लिए निर्धारित योजनाओं का पैसा हड़पा तथा घोटाले की जांच करने वाली टीम पर प्राणघातक हमला कराया। उसे हाईकोर्ट के दो बार आदेश देने पर 56 दिन बाद गिरफ्तार किया गया। अब ममता सरकार कह रही है कि उसकी जांच प्रदेश में ही होनी चाहिए। पूरे प्रकरण से स्पष्ट है कि राज्य सरकार एक जघन्य अपराधी को संरक्षण दे रही है। आखिर ममता बनर्जी इतना डर क्यों रही हैं? कहा जाता है कि शाहजहां शेख टीएमसी के बड़े अल्पसंख्यक वोटबैंक का ठेकेदार है और वह पार्टी का खजाना भी भरता रहा है। सीबीआई और ईडी के सामने उसके खुलासे ममता बनर्जी और उनकी पार्टी का भविष्य संकट में डाल सकते हैं। राजनीतिक रूप से ममता-विरोधी यह मौका हाथ से जाने नहीं देना चाहते हैं।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### युवाओं से ठगी

**सहायक** की नौकरी दिलवाने के नाम पर भारतीय युवाओं को रूस में ले जाकर युद्ध में लड़ने के लिए धकेल देना हैरान करने वाली दुखद घटना है। इससे पूर्व रोजगार दिलवाने के नाम पर खाड़ी देशों में भारतीय नागरिकों को विशेष तौर से महिलाओं को ले जाकर वहां उनसे मनमाने कार्य लिए जाने की खबरें सामने आती रही हैं। इनमें यौन शोषण, मारपीट व अन्य तरह से परेशान करने की घटनाएं शामिल हैं। ऐसी घटनाओं को देखते हुए भारत सरकार के साथ राज्य सरकारों को भी विदेश में रोजगार के नाम पर जाने वाले सभी नागरिकों और उन्हें वहां ले जाने वाली एजेंसी की प्रामाणिकता की अच्छी तरह से जांच पड़ताल के बाद ही विदेश जाने की अनुमति मिलनी चाहिए। इज़राइल भेजे गए हजारों नौजवानों के मामले में उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकार ने इज़राइल सरकार के कर्मचारियों के साथ मिल कर समुचित व्यवस्था की है। इसका अनुसरण किया जाना चाहिए। देश के नागरिकों को भी अधिक वेतन के लालच में ठगों के जाल में फंसने से बचना चाहिए तथा यथासंभव देश में ही काम तलाशना चाहिए।

**- विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

# सरकार की नीतियों व योजनाओं में महिलाएं केंद्र बिंदुः योगी

## महायोगी गोरखनाथ विवि में निशुल्क सिलाई-कढाई प्रशिक्षण ले रही महिलाओं को सीएम ने दिया सिलाई मशीन का उपहार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों और योजनाओं में महिलाएं केंद्र बिंदु हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार जितनी भी जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही हैं, उनमें सर्वाधिक संख्या उन योजनाओं की है जिनका सीधा प्रभाव महिलाओं पर पड़ता था। सरकार और समाज के लिए महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सर्वोपरि होना चाहिए। सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी प्रतिबद्धता से महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद एवं महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय भी महिलाओं के सम्मान-स्वावलंबन के लिए सराहनीय योगदान दे रहा है।

सीएम योगी शुक्रवार शाम महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सौजन्य से आयोजित सात दिवसीय निशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षु महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुफ्त सिलाई मशीन वितरित करने के बाद अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री, इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में 221 महिलाओं को मुफ्त सिलाई मशीन वितरित की गई। नौ प्रशिक्षुओं को सिलाई मशीन सीएम योगी ने खुद अपने हाथों से प्रदान किए। प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को प्रेरित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी के सशक्तिकरण के बिना भारत को सशक्त और समर्थ नहीं बनाया जा सकता है। इसके लिए सुरक्षा का वातावरण देकर महिलाओं के स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त करना होगा।

सीएम योगी ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने व्यक्ति, मत, मजहब या क्षेत्र को योजनाओं का आधार नहीं बनाया। बल्कि योजनाओं का आधार गांव, गरीब, किसान, महिलाओं को बनाया गया। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और मातृ वंदन सीधे महिलाओं के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी हैं तो शौचालय, उज्ज्वला, सौभाग्य और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं के केंद्र भी महिलाएं हैं क्योंकि यदि परिवार में अभाव होगा तो सबसे अधिक दिक्कत महिला को ही होती है। पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना शिल्पियों के साथ ही महिलाओं की आत्मनिर्भरता के लिए है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ही तरह प्रदेश सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए कन्या सुमंगला, सामूहिक विवाह जैसी योजनाएं चलाई हैं। छात्रों के साथ छात्राओं को स्मार्टफोन उपलब्ध कराकर उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर के आयोजन तथा मुफ्त सिलाई मशीन वितरण के इस कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय परंपरागत पाठ्यक्रमों के संचालन करने के साथ कई सामाजिक व रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बन गया है। किसी भी संस्था की उपादेयता के लिए समाज के सापेक्ष बने रहना जरूरी है। यह विश्वविद्यालय इस जिम्मेदारी को पूरी तरह समझ और निभा रहा है। इस विश्वविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय, आयुर्वेद, नर्सिंग, पैरामेडिकल और फार्मेसी संकाय के विद्यार्थियों की तरफ से गांवों में स्वास्थ्य शिविर का लगाया जाना भी इसी सामाजिक भूमिका का अंग है।

# गैस सिलेंडर की कीमत में 100 रुपए की छूट पर सीएम योगी ने पीएम मोदी का जताया आभार

● मुख्यमंत्री ने बताया मातृशक्ति का सम्मान और पर्यावरण को संरक्षित करने वाली लोक-कल्याणकारी सौगात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस के अवसर पर एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपए की छूट के निर्णय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया है। अपने एक्स अकाउंट पर लिखते हुए मुख्यमंत्री ने इस फैसले को मातृशक्ति का सम्मान और पर्यावरण को संरक्षित करने वाली लोक-कल्याणकारी सौगात बताया है।

सीएम ने लिखा, आज महिला दिवस के अवसर पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 की छूट का निर्णय करोड़ों परिवारों को आर्थिक राहत देने के साथ ही मातृशक्ति को धुंए और प्रदूषण से मुक्ति दिलाकर स्वस्थ व खुशहाल जीवन प्रदान करेगा। मातृशक्ति के सम्मान और पर्यावरण को संरक्षित करने वाली इस लोक-कल्याणकारी सौगात के लिए प्रदेश वासियों की ओर से आपका हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी।

## डीए-डीआर की अतिरिक्त किस्त की मंजूरी पर भी जताया आभार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मोदी** कैबिनेट द्वारा शुक्रवार को केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनर्स की महंगाई राहत (डीआर) की अतिरिक्त किस्त को मंजूरी दी गई है। इसके तहत मूल वेतन/पेंशन की 46 प्रतिशत की मौजूदा दर से 4 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। सीएम योगी ने इसे होली से पहले 49 लाख से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और 67 लाख से अधिक पेंशनर्स को लाभान्वित करने वाला निर्णय बताया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स अकाउंट से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस बड़े निर्णय के लिए आभार जताया है।

# पांच प्रणालियों के आधार पर शहरों के कायाकल्प की तैयारी

● सरकारी अफसरों को ट्रेनिंग दिलाएगी योगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** के नगरों में योगी सरकार ट्रिपल इंजन की ताकत के साथ काम कर रही है। प्रदेश के शहरों के कायाकल्प के अभियान को और तेज गति देने के लिए योगी सरकार ने हाल ही में दुनिया की जानी-मानी संस्था वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (डब्ल्यूआरआई) इंडिया के साथ करार किया है। सरकार अब शहरों में विकास को गति दिने के लिए पांच प्रणालियों को विकसित करने जा रही है।

योगी सरकार न केवल यूपी में विकास की गति को मापेगी, साथ ही महत्वपूर्ण डब्ल्यूआरआई इंडिया के सुझावों के आधार पर आगे की दिशा और गति का निर्धारण करेगी। इसके लिए प्रदेश के वरिष्ठ सरकारी अफसरों और शहरी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वर्गों की ट्रेनिंग भी करायी जाएगी। उत्तर प्रदेश का नगर विकास विभाग, वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट इंडिया के साथ मिलकर शहरी क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने और लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने की कवायद में जुट गया है। डब्ल्यूआरआई इंडिया टीम एक नॉलेज पार्टनर के रूप में योगी सरकार को अपनी सहायता और टेक्नोलॉजी विशेषज्ञता प्रदान करेगी। वहीं नगर विकास विभाग की ओर से टीम को हर स्तर पर सहायता प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही वर्कशॉप और ट्रेनिंग प्रोग्राम भी संचालित किये जाएंगे। डब्ल्यूआरआई इंडिया की टीम सीएम ग्रिड्स और अन्य राज्य में चल रही योजनाओं के तहत सड़क विकास और विस्तार जैसी प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति को ट्रैक और मॉनीटर करेगी। इसके लिए एक पूरी प्रणाली को तैयार करने में योगी सरकार की मदद करेगी। डब्ल्यूआरआई इंडिया की टीम राज्य स्तर पर स्टॉर्मवाटर प्रबंधन के लिए रणनीति विकसित करने में सरकार की मदद करेगी। इसमें आधारभूत डेटा विश्लेषण तैयार करना और विकास के लिए आवशयक उपकरण शामिल हैं, जैसे गैप विश्लेषण, वर्षा-अपवाह सिमुलेशन और बाढ़ मॉडलिंग। डब्ल्यूआरआई इंडिया की टीम नगरीय प्रशासन को जलवायु और पर्यावरण के अनुकूल विकास जैसे क्षेत्रों में ट्रेनिंग और कैपिसिटी बिल्डिंग का भी कार्य करेगी।

योगी सरकार अपने अधिकारियों और स्टेक होल्डर्स के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजिए करवाएगी। डब्ल्यूआरआई इंडिया की टीम प्रदेश के शहरों में स्थानीय अधिकारियों को क्लाइमेट फ्रेंडली अर्बन प्लानिंग करने के लिए सहायता प्रदान करेगी। टीम इसके लिए अपना मार्गदर्शन और डेटा विकसित करने के लिए नगरीय विकास विभाग के साथ सहयोग करेगी। डब्ल्यूआरआई इंडिया की टीम राज्य के भीतर ई-मोबिलिटी के लिए एक सक्षम वातावरण बनाने के लिए अपने सुझाव देगी।

# संगम में 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**महाशिवरात्रि**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/प्रयागराज

**प्रयागराज** के संगम तट में लगे आस्था के सबसे बड़े वार्षिक समागम माघ मेले के आखिरी स्नान पर्व महाशिवरात्रि का सकुशल समापन हो गया। महाशिवरात्रि पर लाखों की तादाद में श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई। प्रदेश की योगी सरकार की तरफ से इस बार के माघ मेले को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए कई नवाचार भी किए गए।

त्रिवेणी के तट पर लगे माघ मेले के आखिरी स्नान पर्व महाशिवरात्रि पर 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। माघ मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद के मुताबिक सुबह से ही संगम में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहा। शुक्रवार संगम में 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी लगाई है। उन्होंने यह भी बताया है कि 54 दिनों तक चले इस माघ मेले के 6 प्रमुख स्नान पर्वों पर 3 करोड़ 27 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है। आगामी महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर इस बार माघ मेले का आयोजन योगी सरकार ने किया था।इसीलिए यह माघ मेला महाकुंभ के लिए नवाचार की प्रयोगशाला भी रहा। माघ मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद बताते हैं कि इस बार के माघ मेले में कई नए नवाचार किए गए। माघ मेला में पहली बार रोशनी की सतत व्यवस्था और विद्युत की बचत के लिए 165 से अधिक एलइडी सोलर हाइब्रिड स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पूरे मेला क्षेत्र में 21 हजार शौचालय बनाए गए हैं। माघ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं और पर्यटकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु 10 वाटर एटीएम लगाए गए। मेला क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर थीमैटिक और स्पाइरल लाइट का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा मेला क्षेत्र के पॉन्टून पुल में पहली बार डेलिनेटर्स लाइट्स का इस्तेमाल किया गया है। मेला क्षेत्र के दो पांटून पुल में इसका प्रयोग किया गया। सिंचाई विभाग की तरफ से मेला क्षेत्र में नदियों के पानी के बहाव से होने वाले कटाव को रोकने के लिए पहली बार जियो बैग का इस्तेमाल किया गया। माघ मेला में आने वाली श्रद्धालुओं और पर्यटकों की लाखों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल भी पहली बार प्रभावी रूप से किया गया।

## बुजुर्ग मतदाता घर से वोट देने के लिए फार्म-12 डी में करें आवेदनः नवदीप रिणवा

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा-निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने हेतु निर्धारित फार्म-12डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फार्म-12डी अधिसूचना जारी होने के 5 दिवसों के अन्दर सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा तथा भरा हुआ फार्म-12डी प्राप्त किया जाएगा। फार्म-12डी भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के होम पेज पर मेन्यू के अंतर्गत कैंडिडेड नामिनेशन एंड अदर फार्म्स के लिंक पर उपलब्ध है, जहां से इसे डाउनलोड करके भरकर सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में जमा कराया जायेगा।

## आवश्यक सेवा प्रदाता के रूप में पहचानी जाएंगी सेमीकंडक्टर यूनिट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**देश** में पहली बार सेमीकंडक्टर पॉलिसी लागू कर भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की दिशा में योगी सरकार महत्वपूर्ण काम कर रही है। प्रदेश में सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने वाले उद्यमियों को योगी सरकार न सिर्फ वित्तीय प्रोत्साहन देगी, बल्कि गैर वित्तीय प्रोत्साहन भी प्रदान करेगी। सेमीकंडक्टर पॉलिसी के अनुसार राज्य में सेमीकंडक्टर उद्योग को आवश्यक सेवा और रख-रखाव अधिनियम के तहत एक आवश्यक सेवा प्रदाता के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस अधिनियम की स्थापना कुछ सेवाओं की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए की गई थी, जिनके बाधित होने पर लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित होगा। ऐसे में सेमीकंडक्टर यूनिट की सफलता के लिए यह योगी सरकार का बहुत बड़ा कदम होगा। इसके अतिरिक्त, पॉलिसी में प्रोत्साहन के लिए कई और महत्वपूर्ण उपाय भी किए गए हैं। इसके अनुसार औद्योगिक प्राधिकरण चौबीस घंटे पर्याप्त पानी उपलब्ध कराएंगे तथा एसटीपी निस्तारण की सुविधा भी प्रदान करेंगे अथवा बनाएंगे। इसके साथ ही इकाई को 'ओपन एक्सेस' के माध्यम से विद्युत प्राप्त करने की अनुमति दी जाएगी। यही नहीं, इकाई को नवीकरणीय हरित ऊर्जा के लिए पॉवर बैंकिंग भी प्रदान की जाएगी। यह राज्य के विद्युत नियामक आयोग (ईआरसी) दिशानिर्देशों के अनुसार शासित होगा। सरकार पावर ग्रिड में पर्याप्त अतिरिक्तता सुनिश्चित करेगी, ताकि फैब परियोजनाओं के निर्बाध संचालन के लिए विश्वसनीय बिजली की आपूर्ति प्रदान की जा सके। इकाइयों के प्रोत्साहन के लिए नॉन-डिस्टर्बेन्स प्राविधान भी लागू किए जाएंगे। इसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर इकाइयों को संरक्षण दिया जाएगा, ताकि उनको बाधारहित व्यवसाय के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके। इसके तहत सुनिश्चित व्यापार निरंतरता प्रदान करने के लिए इकाइयों को कुछ इम्यूनिटी भी दी गई है।

# यूपी में आज कोई सुरक्षित नहींः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था बर्बाद कर दी है। यूपी में आज कोई सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में हर दिन हत्यायें हो रही है। भाजपा सरकार में अपराधी बेखौफ है। अपराधियों, माफियाओं को भाजपा सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। महिलाओं, बेटियों के साथ जघन्य घटनाएं हो रही है।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर में दो बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनकी मौत की घटना से पूरा प्रदेश शर्मसार है। बच्चियों को न्याय न मिलने से अब उनके पिता ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सहारनपुर में नौ साल की बच्ची का अपहरण कर रेप किया गया। बच्ची की हालत गंभीर है। सपा अध्यक्ष ने शाहजहांपुर में पिकअप चोरी की रिपोर्ट दर्ज न करने से आहत एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने खुद को आग लगा ली। आजमगढ़ में ग्राम प्रधान बलराम निषाद की हत्या कर शव पेड़ से लटकाया गया। जौनपुर में भाजपा नेता को ही दिनदहाड़े गोली मारी गई। भाजपा सरकार में उन्हीं के नेता भी सुरक्षित नहीं है। ये घटनाएं बताती है कि उत्तर प्रदेश में न्याय का शासन खत्म हो चुका है। जनता हताश और निराश है। यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब एफआईआर इतनी कम होती है तब भी एनसीआरबी रिपोर्ट में यहां की कानून व्यवस्था की इतनी दुर्गति दिखाई देती है। भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश पूरी तरह से अराजकता के हवाले है। भाजपा सरकार कानून व्यवस्था संभालने में पूरी तरह से विफल है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार में दहशत में जी रही है।

# मंहगाई से पीड़ित हैं महिलाएंः ममता चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। राहुल गांधी के पांच न्याय में से नारी न्याय की अवधारणा पर आयोजित कार्यक्रम के विविध रंग थे।

एक तरफ जहां नारी न्याय पर विमर्श हुआ, वहीं दूसरी तरफ महिला कांग्रेस की कर्मठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। वंचित वर्ग की महिलाओं के बीच साड़ी, फल और मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस की मध्य जोन की अध्यक्ष ममता चौधरी ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष से खाद्य महंगाई लगातार 10 प्रतिशत से ऊपर रही है। महिलाएं किस तरह से घर का चूल्हा जला रही हैं ये पीड़ा वो ही जानती है। चौधरी ने कहा कि एक तो रोजगार नहीं, ऊपर से महंगाई, गरीबों पर यह दो तरफा वार बहुत कष्टदाई है। कांग्रेस पार्टी महिला हकों की सशक्त पक्षधर अपनी नेता श्रीमती प्रियंका गांधी जी के नेतृत्व में प्रतिबद्ध है, महिलाओं को उनका हक दिलवाने के लिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शीला मिश्रा, सुशीला शर्मा, अनामिका यादव, प्रियंका गुप्ता, डॉ. सुधा मिश्रा, डॉक्टर रिचा शर्मा, मेहताब जायसी, सुषमा मिश्रा, लता द्विवेदी, उरुशा राना, मंजूदीप रावत आदि मौजूद थी।

## खेती की लागत को कम करने में बिजली का बहुत महत्वपूर्ण योगदानः एके शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व म प्रधानमंत्री द्वारा किसानों की खेती की लागत को कम करना और उनकी आय को दोगुना करने के संकल्प को पूरा किया जा रहा है। खेती की लागत को कम करने में बिजली का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है। किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के लिए विद्युत की ढांचागत व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है। किसानों के 5,001 कृषि फीडरों को पर्याप्त बिजली मिले इसलिए उन्हें अलग किया जा रहा। शर्मा ने संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि योगी सरकार ने चुनाव में किसानों को मुफ्त बिजली मुफ्त देने के वादे को पूरा किया है। अब 1 अप्रैल, 2023 से किसानों के निजी नलकूप के बिजली बिलों को माफ कर दिया गया है। साथ ही इसके पहले के बिलों के अधिभार में छूट की योजना भी लायी जायेगी। बिजली की व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त करने के बाद यह व्यवस्था की गई है। शीघ्र ही किसानों को इसका लाभ मिले इसके लिए रोडमैप बनाया जायेगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश के लाखों मजरों में बिजली नहीं थी। प्रदेश सरकार ने 1.21 लाख मजरों का विद्युतीकरण कराया। इसी प्रकार पहले 13 लाख निजी नलकूप के कनेक्शन थे, पिछले 2 वर्षों में 1.25 लाख निजी नलकूप कनेक्शन किसानों को दिये गये। प्रदेश में 3.25 करोड़ से अधिक विद्युत कनेक्शन हैं। विगत 2 वर्षों में 32.50 लाख कनेक्शन दिये गये। 5,20,400 अतिभारित ट्रांसफार्मर को हटाकर नये ट्रांसफार्मर लगाये गये।

# मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में गो दुग्ध और गन्ने के रस से किया रुद्राभिषेक

● महाशिवरात्रि पर भरोहिया स्थित पितेश्वरनाथ शिव मंदिर में सीएम ने किया दर्शन-पूजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोरखपुर

**देवाधिदेव** महादेव भोले शंकर की उपासना के पावन पर्व महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने भरोहिया के पितेश्वरनाथशिव मंदिर में जलाभिषेक तथा गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों के आरोग्य, सुख, समृद्धि व शांति की मंगलकामना की।

सीएम योगी शुक्रवार को सुबह लखनऊ से पीपीगंज के भरोहिया स्थित पितेश्वरनाथ शिव मंदिर पहुंचे। यहां बाबा पितेश्वरनाथ का दर्शन, पूजन व विधि विधान से जलाभिषेक कर सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण, सुख-समृद्धि एवं शांति की प्रार्थना की। पांडवकालीन मान्यता वाले पितेश्वरनाथ मंदिर का गोरक्षपीठ से गहरा नाता है। गोरक्षपीठाधीश्वर हर महाशिवरात्रि यहां जलाभिषेक करने आते हैं। जलाभिषेक करने के बाद मुख्यमंत्री ने भरोहिया में शिव मंदिर के सामने स्थित गुरु गोरखनाथ विद्यापीठ के परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना।

बच्चों का प्यार से माथा सहला कर आशीर्वाद दिया। कुछ लोगों से हंसी ठिठोली भी की। स्थानीय स्तर पर विकास से जुड़े कुछ मामलों पर उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि विकास में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। भरोहिया में मुख्यमंत्री के आगमन पर विधायक फतेह बहादुर सिंह, भरोहिया के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह, जंगल कौड़िया के ब्लॉक प्रमुख बृजेश यादव, गोरख सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

इसके बाद भरोहिया से गोरखनाथ मंदिर पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया। अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर शीश झुकाकर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात गोरखनाथ मंदिर परिसर में मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में उन्होंने भगवान भोले शंकर का दुग्ध, दही, घी, मधु और शर्करा से पंच स्नान तथा गो दुग्ध और गन्ने के रस से रुद्राभिषेक किया। मठ के पुरोहित एवं वेदपाठी ब्राह्मणों ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद मुख्यमंत्री ने हवन तथा आरती कर चराचर जगत के कल्याण के लिए महादेव शिव से प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में भी पूजन किया। उन्होंने यहां भगवान नंदी का पूजन कर भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। गोरखनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मानसरोवर मंदिर भी गए। यहां उन्होंने भोलेनाथ का दर्शन पूजन और जलाभिषेक किया।

# रालोद मंत्री का प्रदेश मुख्यालय पर किया गया भव्य स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के नवनियुक्त मंत्री अनिल कुमार का शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकदल मुख्यालय पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार अनिल कुमार अपराह्न 3 बजे प्रदेश मुख्यालय पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ा के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने सर्वप्रथम प्रदेश मुख्यालय स्थित भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रदेश मुख्यालय स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय, राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे एव मनोज चौधरी, राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष खालिद मसूद एवं पूर्व विधायक डा अजय तोमर की उपस्थिति में प्रदेश के नवनियुक्त मंत्री अनिल कुमार को प्रदेश पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लाद दिया। अपने स्वागत से अभिभूत नवनियुक्त मंत्री अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। मेरे दरवाजे 24 घण्टे कार्यकर्ताओं व आम जनता के लिए खुले रहेंगे और सरकार रहकर किसानों, मजदूरों व शोषित वंचित समाज तथा अल्पसंख्यकों और समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करने का प्रण करता हूं। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब ने मुझ जैसे अनुसूचित जाति के सामान्य कार्यकर्ता को मंत्री बनाकर न केवल प्रदेश के कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया है, बल्कि प्रदेश के वंचित और अनुसूचित जाति के लोगों को उनका खोया सम्मान देने का काम किया है।

# पचास हजार के इनामिया शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा में आज प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया 50 हजार के इनामिया शातिर अभियुक्त को थाना बबेरु व एसटीएफ की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार। अवैध गांजे की तस्करी के मामले में वांछित चल रहा था अभियुक्त। वांछित अभियुक्त रिंकू राठी पर पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र द्वारा 50 हजार रुपये का इनाम किया गया था घोषित। पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बबेरु व एसटीएफ की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 50 हजार के इनामिया

एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। 16.07.2023 को थाना बबेरु क्षेत्र में ओडिशा से लाई जा रही अवैध गांजे की खेप बरामद की गई थी जिसमें 02 अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया था। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किए जा रहे थे। अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी हेतु पुलिस उप.महानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह द्वारा प्रकरण में 02 वांछित अभियुक्तों 1. रिंकू राठी पुत्र गजेन्द्र नि. सैदपुर थाना भोजपुर मोदीनगर जनपद गाजियाबाद व 2. मनीष पुत्र जगबीर नि. डालयानपान्ना थाना दुजाना जनपद झज्जर हरियाणा पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। 07.03.2024 की रात्रि अभियुक्त रिंकू राठी को मुखबिर की सूचना पर दुर्गा टॉकीज गोलचक्कर के पास थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार कर लिया गया।

## महाशिवरात्रि पर निकली बारात

**संडीला ( हरदोई )।** महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य शिवबारात का आयोजन किया गया जिसमें अनेक आकर्षक झाकिंयों का प्रदर्शन किया गया तथा बड़ी संख्या में लोगों ने इसमें प्रतिभाग किया। महाशिवरात्रि के अवसर पर हरिजन सरांय स्थित खड़े हनुमान मंदिर से शिवबारात की शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ। यह शोभा यात्रा मुख्यमार्ग से होते हुए बेनीगंज रोड स्थित भुइयन देवी मंदिर पहुंची जहां इसका शानदार स्वागत किया गया। यह बारात वापस लौटी और मुख्यमार्ग से स्टेशन रोड तथा मानस नगर होते हुए इसका समापन हुआ।

## आग से जली 12 झोपड़ियां

**लखीमपुर खीरी।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी मझगई क्षेत्र के गांव धर्मापुर में आज अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई। दमकल दस्ते ने ग्रामीणों की मदद से घंटों प्रयास के बाद आग बुझाने में सफलता पाई। अग्निकांड में 12 झोपड़ियां जल गई हैं। जिसमें रखा घर गृहस्थी का सामान भी खाक हो गया।

# शिवालय में गूंजते रहे, हर-हर महादेव, जय भोलेनाथ के जयकारे

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**पांचाल** क्षेत्र फर्रुखाबाद छोटी काशी नगर मोहल्ला में प्राचीन शिव मंदिरों की अधिकता है। पवित्र गंगा नदी के तट पर बस पंचल नगर त्रेता युग का शिव मंदिर श्री रामेश्वर कपिल महाभारत कालीन के मंदिर पांडेश्वर नाथ मंदिर फर्रुखाबाद तामेश्वर नाथ मंदिर, कोतबालेश्वर, अर्ध नागेश्वर मंदिर, गंगेश्वर नाथ मंदिर, शिव मंदिर पुठरी, महाकाल मंदिर अंगूरी बाग, मनकामेश्वर मंदिर, आदेश्वर मंदिर, हजारी बाबा मन्दिर में भक्तों ने प्रात काल से ही ब्रह्म मुहूर्त में सिद्ध योग के साथ चार पैहरों की पूजा अर्चना जला अभिषेक, रुद्राभिषेक किया हजारों भक्तों ने गंगाजल के द्वारा अभिषेक करके पुण्य लाभ प्राप्त किया।

सिंगी रामपुर से गंगाजल ले शिव भक्तों ने गाते बजाते हुए अपने शिव का अभिषेक किया उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश, ग्वालियर, भिंडी, इटावा, शिकोहाबाद, तक के शिव भक्तों ने हजारों की संख्या में पैदल चलकर अभिषेक किया। फर्रुखाबाद क्षेत्र बासी पांडेश्वर नाथ मंदिर में प्रात: काल से भक्तों ने पवित्र गंगाजल से भोलेनाथ का अभिषेक किया जो दिन रात सैकड़ो की संख्या में भीड़ लगी रही। नगर में पुलिस प्रशासन द्वारा भीड़ नियंत्रण कर सराहनी कार्य किया पंडा बाग के प्रबंधक अनिल त्रिपाठी एवं मनीष मिश्रा द्वारा सीसीडी कैमरे द्वारा सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी। मंदिर में भीड़ को पंक्तिबद्ध कर व्यवस्था से सभी भक्तों ने दर्शन किए।

मंदिर तक रंगीली लाइटों एवं डिजिटल लाइटों से मंदिर की दिव्यता एवं भव्यता आकर्षण का केंद्र बना रहा। मंदिर के पुजारी गोपाल शर्मा, राजेश शर्मा, उमेश शर्मा ने भक्तों को महा आरती कर मंगलमय आशीर्वाद दिया। आचार्य रामेंद्रनाथ मिश्रा ने बताया इस वर्ष शिवरात्रि सर्वयोग सिद्धि योग, चार पहरो की पूजा का मंगलमय विधान है, जो उस वक्त सच्चे मन से आस्थाबान बनाकर शिव की उपासना दर्शन एवं साधना योग करेगा एउसकी मनोकामना से शिव पूरी करेंगे। ऐसा विधि ज्योतिष में आया है। सभी के मंगलमय आशीर्वाद प्रदान किया शिव उपासना में जब तक भजन कीर्तन रुद्राभिषेक के चार पैर की पूजा अब माननीय रूप से पंचांग का विधान में पूजा अर्चना से भक्तों को कराई गई। महाआरती दिव्या एवं भव्य श्रृंगार दर्शन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम मध्य रात एवं ब्रह्म मुहूर्त तक चला रहा।

# किसानों का निजी नलकूपों को निःशुल्क बिजली देकर दिया होली का तोहफा

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन ने एक वर्ष पहले की गई निजी नलकूपों के किसानों को निरूशुल्क बिजली देने की घोषणा को अमली जामा पहननाने की मंजूरी दे दी है। इसके तहत सरकार का शासनादेश का लाभ 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी होगा। सरकार की इस घोषणा से निजी नलकूप धारक किसानों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। सरकार की निजी नलकूपों का बिजली बिल माफ योजना का लाभ जनपद के कुल 17687 निजी नलकूप के उपभोक्ताओं को लाभ दिया जायेगा।फ्तेहगढ़ के आफीसर्स क्लब में कृषकों के लिए लागू की गई योजना का शुभारम्भ सीएम योगी के कार्यक्रम के सजीब प्रसारण के द्वारा कराया गया। जिसमे जानकारी दी गयी कि निजी नलकूपों के बिजली बिल 1 अप्रैल 2023 से माफकर दिये गये हैं ।

अब निजी नलकूप को बिजली मुफ्त दी जायेगी। इस योजना के अन्तर्गत जनपद फर्रुखाबाद में कुल 17687 निजी नलकूप के उपभोक्ताओं को लाभ दिया जायेगा। कुल निजी नलकूपों का लगभग 50 करोड़ का बिजली बिल माफ किया गया है। 1 अप्रैल 2023 से पहले के समस्त बकाया विद्युत बिल का भुगतान करना अनिवार्य होगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की भी दी जानकारी। 13 फरवरी 2024 को शुरू की गई है पीएम सूर्य घर मुख्य बिजली योजना में प्रदेश के समस्त घरों को रूफटॉप सोलर प्लान्ट लगाये जाने हेतु 75 प्रतिशत सब्सिडी एवं 25 प्रतिशत का अंशदान (आसान किस्तों में) का लाभ के साथ उक्त योजना में विद्युत घरेलू उपभोक्ताओं के लिए लागू की गयी है। जिसका लाभ उपभोक्ताओं द्वारा अधिक से अधिक लिया जाये। उक्त योजना के लिए पीएम सूर्य घर मोबाइल ऐप लांच किया गया है। सभी उपभोक्ताओं को 'एलईडी' बल्ब जलानें व राष्ट्रहित में बिजली बचानें व विद्युत का बिल ससमय भुगतान करनें की सलाह दी भी दी गयी।

# डेढ़ करोड़ की अफीम समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**पुलिस** एवं आबकारी संयुक्त टीम द्वारा आज शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में डेढ़ करोड़ की कीमती अफीम समेत तीन कुख्यात अंतर राज्यीय अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी आज शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेसवार्ता में देते हुए बताया कि झारखंड प्रान्त के जनपद पलामु के थाना एवं कस्बा पाकी निवासी इकबाल अंसारी एवं इसी प्रांत के जनपद सातेहार के थाना गारू के मोहल्ला रोल निवासी मो. तबारक अंसारी एक मोटरसाइकिल द्वारा झारखंड प्रांत से 4.550 किलो अवैध अफीम लेकर उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जनपद के लिए रवाना हुए, इन्हें फर्रुखाबाद जिलेके एक मार्ग पर रिसीव करने के लिए उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जनपद के थाना जलालाबाद के मो. महाजना निवासी योगेंद्र सिंह पहुंचा।

इधर मुखबिर की सूचना पर जिले के जहानगंज थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा व सर्विलांस प्रभारी उपनिरीक्षक विशेष कुमार तथा आबकारी निरीक्षक सचिन कुमार त्रिपाठी की संयुक्त टीम ने आज शुक्रवार तड़के 4.35 बजे थाना क्षेत्र के ताजपुर चौराहा पर नाकेबंदी करके मोटरसाइकिल सवार तीनों अंतरराज्यीय अफीम तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। यहां इन पकड़े गए अफीम तस्करों ने पुलिस को बताया कि वह झारखंड प्रांत से कम दामों पर अफीम को खरीद कर उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के थाना जलालाबाद के महाजना निवासी योगेंद्र सिंह एवं उदयवीर सिंह उर्फ बबलू को बेच करकेअच्छी कमाई करने के लिए आए थे। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इन पकड़े कुख्यात अफीम तस्करों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल 4.550 किलो अवैध अफीम, चार मोबाइल 1870 नगदी, आधार कार्ड आदि सामग्री बरामद कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

## मिलेट्स रेसीपी उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आज

**लखीमपुर खीरी।** खीरी जिले में श्री अन्न के उपयोग उसके महत्व के संबंध में जागरूक करने, कृषकों और कृषक उत्पादक संगठन की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम 09 मार्च को प्रात: 11 बजे से होगा। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मिलेट्स के विभिन्न उत्पादों को तैयार करने वाले शेफ के मध्यए मिलेट्स के गुणों के बारे में जानकारी रखने वालों के मध्य प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रम का आयोजन भी कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनपद के प्रतिष्ठित होटलए रेस्टोरेन्ट, कैफे कैन्टीन तथा फूड ज्वांइट्स आदि का सहयोग प्राप्त किया जाएगा तथा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। स्कूलों के माध्यम से प्रचार.प्रसार के लिए मिलेट्स पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं तथा मिलेट्स पहचानना, मिलेट्स के पोषक तत्व, निबंध लेखन, क्विज, प्रोजेक्ट वर्क आदि का आयोजन भी होगा।

## क्विक न्यूज

### तिलक समारोह में डांस कर रही दूल्हे की मां की मौत

**फतेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र के देवरार गांव निवासी सुखराम के बेटे कुलदीप की शादी कौशांबी के सैनी कोतवाली क्षेत्र के उचरावां गांव में तय थी। 11 मार्च को कुलदीप की बारात जानी है। बुधवार की देर रात लड़की पक्ष के लोग तिलक लेकर लड़के के गांव पहुंचे थे। लड़के पक्ष के रिश्तेदार भी तिलक समारोह में मौजूद थे। इस दौरान समारोह में डीजे बज रहा था। लोग डांस कर रहे थे। बताया जा रहा है कि इस बीच खुशी के माहौल में दूल्हे कुलदीप की मां ज्ञानमती (50) भी डीजे के धुन पर डांस करने लगीं। देखते ही देखते अचानक गस खाकर गिरी और बेहोश हो गई। यह देख तिलक समारोह में हड़कंप मच गया। उधर, घबराये परिजन आनन-फानन ज्ञानमती को अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही महिला की सांसें थम गईं।

### सड़क हादसे में घायल वृद्ध की उपचार दौरान मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गूजी गांव निवासी राम दुलारे का 64 वर्षीय पुत्र सूरज दीन साइकिल पर सवार होकर जा रहा था। जब वह थाना क्षेत्र के रेवाड़ी ओवर ब्रिज के ऊपर पहुंचा। तभी अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एम्बुलेन्स घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची जहां डॉक्टर ने कानपुर मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के भाई सूरज पाल ने बताया कि भाई साइकिल से बैंक जा रहे थे। तभी रास्ते मे किसी वाहन ने टक्कर मार दिया। गांव वालों ने देखा तो आकर बताया। भाई को अस्पताल लेकर गए जहाँ इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**फतेहपुर।** जिला अस्पताल में भर्ती अज्ञात व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसका शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम कराया गया। जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के बबेरू थाना क्षेत्र के पतवन गांव निवासी शिव मंगल सिंह का 30 वर्षीय पुत्र दिनेश जिला अस्पताल में अज्ञात में भर्ती था। इलाज के दौरान मौत हो गई तो पुलिस मृतक के शिनाख्त का प्रयास कर रही थी। शिनाख्त के बाद आज मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा उसके परिजनों को सौप दिया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक का मानसिक संतुलन ठीक नही था।

### बाइक सवार को डंफर ने मारी टक्कर, पत्नी की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बकंधा गांव निवासी फारूक अपनी 38 वर्षीय पत्नी यासमीन को बाइक पर सवार कर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मातिमपुर गांव गया जब वह वहां से वापस अपने घर लौट रहा था। तभी सदर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ बाईपास पर उसकी बाइक को डंफर ने टक्कर मार दिया जिससे उसकी पत्नी यासमीन गंभीर रूप से घायल हो गई तुरन्त इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टर ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए मार्च्युरी हाउस में रखवा दिया।

### रामगंगा नहर में डूबकर वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गुगौली गांव निवासी स्व. सिंगार सिंह का 65 वर्षीय पुत्र मुख्तार सिंह गांव के समीप स्थित राम गंगा नहर के पास जानवरों को हकाने गया था। तभी उसका पैर फिसल गया और वह नहर के गहरे पानी में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के साले सूरज भान सिंह ने बताया कि मृतक खेती किसानी व मजदूरी करता था। वह पत्नी मुन्नी देवी गोद लिए लड़के के साथ रहते थे।

### पढ़कर सुनाई जाएगी मतदाता सूची

**फतेहपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने बताया कि मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने के लिए अपने बूथ पर 09 एवं 10 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे पहुंचे। जहां मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाएगी। इस दौरान यदि आपका नाम मतदाता सूची में नहीं है तो वहीं फॉर्म-6 भरकर अपना पंजीकरण अवश्य कराएं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**फतेहपुर।** अपर जिला जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नित्या पाण्डेय ने बताया कि कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी परिसर न्यायालय में किया जाना है। लोक अदालत उद्घाटन प्रातः 09.50 बजे विटनेस हाल दीवानी न्यायालय परिसर में होगा।

## आत्महत्या के लिये प्रेरित करने के आरोप में मां व बेटी गिरफ्तार

**हमीरपुर।** सिसोलर क्षेत्र एक गांव में में दुष्कर्म पीडिता दो चचेरी बहनों के आत्महत्या कर लेने के बाद एक लडकी के पिता को मजदूर ठेकेदार की पत्नी व बेटी द्वारा प्रताड़ित करने के बाद आत्महत्या कर लेने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को मां व बेटी को गिरफ्तार कर लिया है। घाटमपुर क्षेत्र के बरौली ईट भट्टे में रेप के बाद दो नाबालिग चचेरी बहनों ने वीडियो वायरल होने के बाद आत्महत्या कर ली थी इसके बाद मजदूर ठेकेदार की पत्नी व बेटी ने एक लड़की के पिता राकेश निषाद को मुकदमा बापस लेने का दबाव बनाया तो पिता ने दो दिन पहले पेड़ से लटक कर फांसी लगा ली। मृतक के पुत्र वासुदेव ने मां बेटी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने दो टीमों का गठन किया जिसने शुक्रवार को निर्मला पत्नी रामरुप व उसकी बेटी सुधा पुत्री रामरुप निवासी ग्राम खैर का डेरा से सिसोलर पुलिस ने भमई गेट के पास गिरफ्तार कर लिया न्यायालय में पेश किया गया है।

## पब्लिक मीटिंग के लिये बारह व हेलीपैड स्थल के पांच स्थलों का हुआ चयन

● लोनिवि के अधिशासी अभियंता व एसडीएम सदर ने प्रसासन को भेजी रिपोर्ट

**संवाददाता।** हमीरपुर

**आगामी** लोकसभा चुनाव के लिये हमीरपुर विधानसभा के लिये पब्लिक मीटिंग के लिये बारह स्थल व उनकी क्षमता व हेलीपैड स्थल के लिये पांच स्थानों का सत्यापन कर लोनिवि अधिशासी अभियंता ने प्रशासन को रिपोर्ट सौप दी है।

जानकारी के मुताबिक लोक सभा चुनाव के लिये प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना हो गया है,ज्यादातर तैयारिया हो गयी है चाहे व कैमरा की व्यवस्था हो या मीटिंग,हेलीपैंड की हो। अधिशासी अभियंता एमएल वर्मा ने रिपोर्ट में कहा है कि जनसभा के लिये हमीरपुर शहर में पुराना तहसीलदार मैदान क्षमता आठ सौ, चौरादेवी ग्राउन्ड आठ सौ, रोटीराम तपोभूमि स्थल सुमेरपुर, राजकीय महाविद्यालय कुछेछा क्षमता दो हजार, रामलीला मैदान क्षमता दो सौ, रुक्मणि विद्यालय इंगोहटा क्षमता नौ सौ, रहमानिया इंटर कालेज मौदहा क्षमता 15 सौ, नेशनल इंटर कालेज मौदहा क्षमता दो हजार, पांडव गेस्ट हाउस, इमाम चौक क्षमता 150, कमेला मैदान में बालू व गिट्टी डंप है,इसी प्रकार मौदहा में हीकाजी हाउस के पीछे जहां पर जंगल खड़ा है दोनो मैदानों को शीघ्र खाली कराने को कहा गया है। इसी प्रकार हेलीपैड स्थल के लिये डिग्री कालेज कुछेछा, कमेला मैदान मौदहा, पुलिस परेढ ग्राउन्ड हमीरपुर, गायत्री तपोभूमि सुमेरपुर, रहमानिया इंटर कालेज खेल का मैदान मौदहा समेत हेलीपैड के लिये पांच स्थलों का चयन किया गया है। एसडीएम हमीरपुर ने इन स्थलों के लिये क्लीन चिट दे दी है।

# बम भोले के जयकारों से गूंजा सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर

● कांवरियों के जत्थों ने चढ़ाया गंगाजल, श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**फतेहपुर।** महाशिवरात्रि का पर्व इस वर्ष धूमधाम से मनाया गया। जिले के सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं का तांता देर रात से ही सिद्धपीठ के मुख्य द्वार पर लग गया था। सिद्धपीठ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी पुलिस ने पुख्ता इंतेजाम किये थे। महिला पुलिस के साथ-साथ पीएसी और पुलिस के जवान सिद्धपीठ परिसर के चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहे। सिद्धपीठ तांबेश्वर धाम में विराजमान भगवान शिव के दर्शन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। कांवरियों का जत्था भी बराबर आता रहा और उन्हें शिव दर्शन कराने के लिए मौके पर मौजूद पुलिस महकमे के जवान लगे रहे। दूध, गंगाजल, मेवा, मिष्ठान के साथ फूलों के श्रृंगार से भगवान शिव का पूजा-अर्चना का सिलसिला बराबर जारी रहा। मंदिर परिसर पर भजन-कीर्तन कर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को मनाने का पूरा प्रयास किया। अपनी-अपनी मन्नत पूर्ति के लिए श्रद्धालुओं ने परिक्रमा भी लगाई। मंदिर के समीप लगे मेले का श्रद्धालुओं ने लुत्फउठाया।

सिद्धपीठ तांबेश्वर धाम समेत अन्य स्थानों में विराजमान शिवलिंगों की पूजा की गई। सिद्धपीठ तांबेश्वर में कुंभ जैसा माहौल रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ अनन्त रही। भगवान शिव के दर्शन के लिए कांवरिया, श्रद्धालुओं एवं परिक्रमा लगाने वाले भक्तों की भीड़ देर रात से ही सिद्धपीठ के मुख्य द्वार पर

जमा होने लगी। महाशिवरात्रि के महापर्व के पूर्व ही पुलिस ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही आने वाले श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए तैयारियां कर ली थीं। प्रशासनिक तैयारियों के मुताबिक बनाए गए प्वाइंटों में महिला पुलिस कर्मियों के साथ-साथ पीएसी और पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। मंदिर के मुख्य द्वार से लेकर भगवान शिव के शिवलिंग और मंदिर परिसर से आधा किलोमीटर के दोनों छोरों पर पुलिस की चौक-चौबंद व्यवस्था नजर आई। मंदिर के अंदर दाखिल होने वाले श्रद्धालुओं पर पुलिस की बराबर निगाहें बनी रहीं। श्रद्धालुओं को भी पुलिस के अफसरों ने ज्यादा वक्त नहीं दिया। मंदिर परिसर में भक्तों ने प्रसाद वितरण के स्टाल भी लगाए। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के बीच भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।

# महाशिव रात्रि पर देवालयों में उमड़ी श्रद्धालु की भारी भीड़

● रुद्राभिषेक, महिला संगीत व प्रसाद वितरण का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** गुरसहायगंज (कन्नौज)

**देवों** के देव महादेव के महापर्व महाशिवरात्रि को नगर व क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों की सुन्दरता श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। कई मंदिरों एवं घरों में लोगों ने रूद्राभिषेक कर सुख-शांति की कामना कर जहां मंदिरों में शंकर भगवान के महिलाओं ने गीत गाये।

शुक्रवार को नगर के प्राचीन श्रीराम मंदिर, गंगेश्वर नाथ मंदिर, पशुपति नाथ मंदिर, सती माता मंदिर, काली देवी मंदिर, मनसा देवी मंदिर, मनकामेष्वर मंदिर में शिव भक्तों ने महाशिवरात्रि पर्व पर पूजा अर्चना करके भगवान शिव से सुख शांति के आर्शीवाद मांगे। इसके अलावा मंदिरों में महिलाओं ने भगवान शिव से

भगवान शिव की पूजा अर्चना करते भक्त।

सम्बन्धित मंगल गीत गाये। श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिये आयोजकों ने मंदिर में प्रसाद के अलावा भांग मिश्रित भगवान शिव की प्रिय ठंड़ाई का वितरण करवाया। मालियों ने अपनी-अपनी दुकानों पर फूल के अलावा धतूरे, भांग, बेलपत्री आदि की भी श्रद्धालुओं के लिये समुचित व्यवस्था की।

मंदिरों का भव्य नजारा भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। नगर व क्षेत्र में सैंकड़ों लोगों ने अपने-अपने घरों में विद्वान ब्रहमणों द्वारा रूद्राभिषेक का आयोजन कराया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता, पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, विहिप नेता नीरज मिश्रा, व्यापारी नेता अतुल गुप्ता, समाजसेवी देवेन्द्र गुप्ता सभासद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र गुप्ता उर्फबडे, सुमित सक्सेना, सभासद परमजीत आदि मौजूद रहे।

## बाल विवाह रोकने के लिये सरकार पूरी तरह संकल्पितः कैलाश गौतम

**हमीरपुर।** बाल मुक्त भारत अभियान के तहत साई ज्योति संस्थान के निदेशक कैलाश गौतम ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकारे इस सामाजिक अपराध के खात्मे के लिये संकल्पित है। शोधपत्र के अनुसार यह साफ हो गया है कि शिक्षा तक पहुच के विस्तार से लड़कियों के विवाह की उम्र आगे खिसकती है। कैलाश गौतम ने गुरुवार को कहा कि देश में बाल विवाह के खिलाफ जारी लड़ाई में देश में बहुत बदलाव आया है। वर्ष 2030 तक बाल विवाह के समाप्त के लिये 160 गैर सरकारी संगठनों का गठबंधन है। अठारह साल से पहले पढाई छोडने और बाल विवाह में एक सीधा संबंध है। यह टाइम बाउन्ड कार्यक्रम एक निर्धारित प्वाइंट पर खडा है। छानी बुजुर्ग गांव निवासी पूनम पत्नी शिवदास ने बाल विवाह मुक्त हमीरपुर अभियान में जुडकर अपने गांव को बाल विवाह मुक्त गांव बनाने का फैसला किया है। उन्होने गांव में आठ बाल विवाहों को रोका है।

# पशुचर और ग्राम समाज जमीनों पर कब्ज़ों का सिलसिला जारी

● नहीं हो रही कोई कार्रवाई, भूमाफिया के हौसले बुलंद

**संडीला ( हरदोई )।** प्रशासन की उपेक्षा का लाभ उठाकर भूमाफ़िया अब तक सैकड़ों बीघा पशुचर तथा ग्राम समाज की कीमती जमीनों पर कब्जा कर चुके हैं और यह क्रम लगातार जारी है। पशुचर और ग्राम समाज की जमीनों पर कब्जों का सिलसिला नगर से सटे विशेषकर दो गांवों में हो रहा है। पंजाबीखेड़ा जो कि नगर के चक्कररोड से जुड़ा हुआ है और नगर की सीमा भी इससे मिलती है। इसकी विशेष रूप से ककराली रोड के दोनो तरफ़ की लगभग 200 बीघा पशुचर और ग्राम समाज की जमीनों पर लेखपाल और ग्राम प्रधान ने सांठगांठ करके कब्ज़े करा दिए। लोगों ने ग्राम समाज और पशुचर जमीनों को जोतकर उन्हें खेतों में परिवर्तित कर दिया है। इसके अलावा कम से कम 10 बीघा भूमि पर खनन माफ़िया ने खुदाई करके यहां से

पशुचर जमीन पर कब्जे की तैयारी

हज़ारों ट्रॉली मिट्टी ले जाकर बेची, लेकिन राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारी तमाम शिकायतें मिलने के बाद भी संभवत: राजनीतिक दबाव के कारण पूरी तौर पर मौन हैं।

यही हाल ग्राम सभा आलमपुर के मजरे सेमराखेड़ा का है। सड़क के पूरब स्थित लगभग 50 बीघा पशुचर भूमि पर पहुंच, जुगाड़ तथा लेखपाल और ग्राम प्रधान की मिली भगत से अबतक कब्ज़ा हो चुका है। कई पशुचर भूखण्डों को खेतों में परिवर्तित कर दिया है और यह सिलसिला लगातार जारी है। कुछ समय पूर्व ही सेमराखेड़ा की कच्ची रोड के दाएं और बाएं लगभग 20-20 बीघा भूमि कब्जा की गयी है जिसमें बाईं ओर की भूमि पर बाकाएदा ट्रैक्टर चलाकर जुताई की जा चुकी है जबकि दाएं ओर की पशुचर भूमि पर जुताई की तैयारी है। यहां भी मिट्टी खनन माफ़िया ने अपना कहर बरपाया है और अब तक सैकड़ों ट्रॉली मिट्टी का अवैध खनन किया गया है।

सरकारी पशुचर भूमि पर कब्ज़ा हटाने का एक गंभीर प्रयास एसडीएम संजीव कुमार के कार्यकाल में हुआ था। जब उन्होंनें कड़ी कार्रवाई करते हुए इसी सेमराखेड़ा में धान की खड़ी फ़सल को जुतवा कर उसे कब्ज़े से मुक्त कराया था। इसके बाद फ़िर किसी अधिकारी इस ओर देखने की ज़हमत नहीं की। बारबार यह मुद्दा अधिकारियों के संज्ञान में सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों द्वारा उठाया जाता रहा लेकिन उनकी आवाज़ न कारखाने में तूती की आवाज़ साबित हुई। एक सामाजिक कार्यकर्ता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अब उनके द्वारा इस प्रकरण को अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं हुआ। अब वे उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करने की तैयारी कर रहे हैं। पशुचर और ग्राम समाज भूमि पर खेत बन जाने से जंगली पशुओं के लिए चारे की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है। यही कारण है कि यह जानवर खेतों में खड़ी फ़सलों को नुकसान पहुंचाते हैं। किसानों ने प्रतिबंध के बावजूद भयानक कटीले तार लगा रखे हैं जिससे रोज़ाना निरिह पशुओं को गंभीर घाव खाकर अपनी जान गवांनी पड़ती है।

# समय बढ़ाने संबंधी एसबीआई की अर्जी पर 11 मार्च को होगी सुनवाई

## चुनावी बॉण्ड

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की उस अर्जी पर 11 मार्च को सुनवाई करेगी, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा नकदी में परिवर्तित किए गए प्रत्एक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए समयसीमा 30 जून तक बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि एसबीआई ने चुनावी बॉण्ड के जरिए राजनीतिक दलों को मिले चंदे का विवरण निर्वाचन आयोग को छह मार्च तक सौंपे जाने संबंधी शीर्ष अदालत के निर्देश की जानबूझकर अवज्ञा की।

सोमवार के लिए निर्धारित शीर्ष न्यायालय की मामला सूची के अनुसार, पीठ इन दो याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे बैठेगी। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल हैं।

उच्चतम न्यायालय ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में, चुनावी बॉण्ड योजना को रद्द कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था। योजना को तुरंत बंद करने का आदेश देते हुए, शीर्ष अदालत ने योजना के तहत अधिकृत बैंक एसबीआई को 12 अप्रैल 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विवरण छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था। साथ ही, आयोग को अपनी वेबसाइट पर 13 मार्च तक यह जानकारी प्रकाशित करने को कहा था।



एसबीआई ने चार मार्च को, राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था। अपनी अर्जी में, एसबीआई ने दलील दी है कि प्रक्रिया को पूरा करने में समय लगेगा। अर्जी में कहा गया है कि चुनावी बॉण्ड को डीकोड (कूट रहित) करना और चंदे का मिलान इसे देने वालों से करना एक जटिल प्रक्रिया होगी। अर्जी में दलील दी गई है, बॉण्ड जारी करने से जुड़े आंकड़े और बॉण्ड को नकदी में परिवर्तित करने से संबद्ध आंकड़े दो अलग-अलग स्थानों पर हैं। यह चंदा देने वालों की गोपनीयता को सुरक्षित रखने के लिए किया गया था।

अर्जी में कहा गया है, चंदा देने वालों का विवरण (बैंक की) निर्दिष्ट शाखाओं में सीलबंद लिफाफों में रखा गया है और ये सीलबंद लिफाफे अर्जी दायर करने वाले बैंक की मुख्य शाखा में जमा किए गए हैं, जो मुंबई में है। शीर्ष अदालत में एक अलग याचिका दायर कर अनुरोध किया गया है कि, न्यायालय के निर्देशों की कथित अवज्ञा को लेकर एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की जाए। गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स तथा कॉमन काउज द्वारा दायर याचिका में दावा किया गया है कि समय दिए जाने के अनुरोध वाली एसबीआई की अर्जी अंतिम क्षणों में जानबूझ कर दायर की गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चंदा देने वालों और चंदे की रकम का खुलासा लोकसभा चुनावों से पहले नहीं हो।

याचिका में कहा गया है, यह इस न्यायालय के प्राधिकार को कमतर करने की एक स्पष्ट कोशिश है। अवमानना याचिका में कहा गया है कि चुनावी बॉण्ड योजना की धारा सात के अनुसार, क्रेता (बॉण्ड खरीदने वालों) द्वारा दी गई सूचना का खुलासा सक्षम अदालत द्वारा मांगे जाने पर किया जा सकता है। याचिका में कहा गया है कि चुनावी बॉण्ड का पूरी तरह से पता लगाया जा सकता है जो इस तथ्य से जाहिर है कि एसबीआई, बॉण्ड खरीदने वालों और चंदा प्राप्त करने वाले दलों का संख्या आधारित रिकॉर्ड रखता है। अवमानना याचिका में कहा गया है कि राजनीतिक दलों के वित्त पोषण को किसी भी तरह से गोपनीय रखना सहभागिता वाले लोकतंत्र की भावना और संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) के खिलाफ है।

## न्याय यात्रा का 17 मार्च को होगा समापन, इंडिया के घटकों के नेताओं को रैली मे किया गया आमंत्रित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का 17 मार्च को मुंबई में समापन होगा और इस मौके पर आयोजित होने वाली रैली में विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के सभी घटक दलों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संवाददाताओं से कहा, 17 मार्च की शाम मुंबई में एक विशाल रैली होगी। 17 मार्च को ही यात्रा का समापन होगा। इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं को रैली के लिए आमंत्रित किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इंडिया के घटक दलों के नेताओं को पत्र भेज रहे हैं। वेणुगोपाल ने उम्मीद जताई कि इस रैली में इंडिया के घटक दलों के नेताओं की मौजूदगी रहेगी।

# राष्ट्रपति मुर्मू 11 से 13 मार्च तक मॉरीशस के दौरे पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार से मॉरीशस के तीन-दिवसीय राजकीय दौरे पर रहेंगी, जहां वह इस द्वीप राष्ट्र के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। दो युद्धपोतों- आईएनएस तीर और सीजीएस सारथी- के साथ भारतीय नौसेना की एक टुकड़ी भी इस समारोह में हिस्सा लेगी। विदेश मंत्रालय ने दौरे की घोषणा करते हुए बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू अपने मॉरीशस समकक्ष पृथ्वीराज सिंह रूपुन और प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, राष्ट्रपति मुर्मू इसके अलावा मॉरीशस नेशनल असेंबली के अध्यक्ष, वहां के उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश और देश के कई महत्वपूर्ण नेताओं से भी मुलाकात करेंगी।

विदेश मंत्रालय ने बताया, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 12 मार्च को मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने के लिए 11 से 13 मार्च तक द्वीप राष्ट्र का दौरा करेंगी। मंत्रालय ने बताया, भारतीय नौसेना की एक टुकड़ी अपने दो युद्धपोतों के साथ समारोह में हिस्सा लेगी। टुकड़ी में भारतीय नौसेना के पहले प्रशिक्षण स्क्वाड्रन आईएनएस तीर और सीजीएस सारथी शामिल है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, मुर्मू और जगन्नाथ संयुक्त रूप से भारत से सहायता प्राप्त 14 परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। ये परियोजनाएं नई दिल्ली की मॉरीशस के साथ विकास साझेदारी के विस्तार और बहुआयामी प्रकृति को प्रदर्शित करेंगी, जो द्विपक्षीय संबंधों का एक प्रमुख स्तंभ है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण द्विपक्षीय समझौतों के आदान-प्रदान, संस्थागत सहयोग और क्षमता निर्माण सहयोग को मजबूत बनाने के प्रयास की भी गवाह बनेंगी।

# विश्वास है कि किसान नेता चीजों को समझेंगे और प्रदर्शन वापस लेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वास व्यक्त किया कि किसान नेता चीजों को समझेंगे और अपना प्रदर्शन वापस ले लेंगे। खाद्य मंत्री गोयल केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा और केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के साथ किसान संगठनों के संग चार दौर की वार्ता कर चुके हैं। ए किसान संगठन न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हमेशा किसानों के पक्ष में है और वह उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, कृपया कुछ लोगों के दुष्प्रचार से गुमराह न हों। यह सरकार किसानों के हित के प्रति कटिबद्ध है और हम हर किसान के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

गोयल ने कहा कि कृषि मंत्री और गृह राज्यमंत्री के संग उन्होंने किसान नेताओं को सुझाव दिया कि कैसे सरकार कृषक समुदाय के बेहतर भविष्य तथा देश को आत्मनिर्भर बनाने में मदद पहुंचाने के लिए उनके साथ मिलकर काम कर सकती है।

गोयल ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, मुझे विश्वास है कि वे चीजों को समझेंगे और यह प्रदर्शन वापस ले लेंगे। यह पूछे जाने पर कि आंदोलनकारी किसानों के साथ नए दौर की वार्ता का कोई कार्यक्रम है, तो उन्होंने कहा कि किसी के साथ संवाद एक सतत प्रक्रिया है। प्रदर्शन से पहले भी, हम किसान नेताओं के साथ नियमित संवाद कर रहे थे और... भविष्य में भी हम उनके साथ संवाद करते रहेंगे। किसान नेताओं के साथ चौथे दौर की वार्ता में तीन केंद्रीय मंत्रियों की समिति ने किसानों के साथ समझौता हो जाने पर पांच वर्षों के लिए सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दाल, मक्का और कपास खरीदने का प्रस्ताव दिया था।

# महबूबा ने नेशनल कान्फ्रेंस पर पीएजीडी को मजाक में बदलने का आरोप लगाया

**भाषा।** श्रीनगर

**फारूक अब्दुल्ला** के नेतृत्व वाली नेशनल कान्फ्रेंस (नेकां) द्वारा कश्मीर की तीन लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने के एकतरफा फैसले के बाद पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को नेकां पर गुपकर घोषणापत्र को मजाक में बदलने का आरोप लगाया। गुपकर घोषणापत्र (पीएजीडी) पांच राजनीतिक दलों का गठबंधन है, जो जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे की बहाली की मांग कर रहा है। केंद्र ने 2019 में जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को रद्द कर दिया था। यहां पार्टी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि नेकां का फैसला निराशाजनक और जम्मू-कश्मीर के लोगों की उम्मीदों को झटका है।

जब मुफ्ती से पूछा गया कि क्या नेकां के फैसले का मतलब गठबंधन का टूट जाना है, पीडीपी प्रमुख ने कहा, उमर (अब्दुल्ला) ने खुद कहा है कि पीडीपी गठबंधन से बाहर है। आप देख सकते हैं कि किसने गठबंधन तोड़ा है। हमने नहीं तोड़ा। यह एक अनोखा गठबंधन था, इसे टूटते हुए देखना निराशाजनक है। उन्होंने पीएजीडी को मजाक में बदल दिया है। नेकां ने घोषणा की है कि पार्टी कश्मीर घाटी की सभी तीन लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी और इसने कांग्रेस से जम्मू क्षेत्र की दो सीट पर चुनाव लड़ने को कहा है। पार्टी ने यह भी कहा है कि लद्दाख सीट पर साझा उम्मीदवार होगा।

जम्मू और कश्मीर में पांच लोकसभा सीट हैं, जिनमें दो जम्मू क्षेत्र से हैं वहीं लद्दाख में एक सीट है। पिछले आम चुनाव में, नेकां ने घाटी की सभी तीन सीट जीती थी, वहीं भाजपा ने जम्मू की दो सीट के साथ-साथ लद्दाख की एकमात्र सीट भी जीती थी। मुफ्ती ने हालांकि कहा कि पीडीपी अब भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है और पार्टी कांग्रेस के साथ भविष्य की रणनीति पर चर्चा करेगी।

उन्होंने कहा, हम कांग्रेस के साथ चर्चा करेंगे और एकतरफा फैसला नहीं लेंगे। हम पार्टी के भीतर भी इस (लोकसभा चुनाव लड़ना) पर विचार-विमर्श करेंगे और जल्द ही फैसला लेंगे। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी पीएजीडी के माध्यम से देश को यह संदेश देना चाहती है कि जम्मू-कश्मीर में पार्टियां एकजुट हैं। उन्होंने कहा, जब इंडिया गठबंधन ने आकार लिया, तो मैंने उनसे (सहयोगी दलों) कहा कि फारूक अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर में सीट बंटवारे पर फैसला लेंगे क्योंकि वह सबसे वरिष्ठ नेता हैं। जम्मू-कश्मीर के लोगों को पीएजीडी और इंडिया गठबंधन से उम्मीदें थीं। लेकिन, नेकां का फैसला एक बहुत बड़ा झटका है।

# अनुचित आरोपों के घाव इतने गहरे होते है कि पति-पत्नी का एक साथ रहना असंभव हो जाता है: उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि अनुचित आरोपों के घाव इतने गहरे होते हैं कि पति-पत्नी का एक साथ रहना असंभव हो जाता है और अधिक आपराधिक मुकदमों की वजह से दंपती में सुलह की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती। दिल्ली उच्च न्यायालय ने पत्नी द्वारा क्रूरता किए जाने के आधार पर एक व्यक्ति की तलाक की अर्जी मंजूर करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने तलाक की मंजूरी देते हुए कहा कि पत्नी द्वारा दहेज और उत्पीड़न की झूठी शिकायतों से पति और उसका परिवार अधिक आपराधिक मुकदमों के जाल में फंस गया, जिससे उसे मानसिक और शारीरिक क्रूरता का सामना करना पड़ा।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने हाल के अपने आदेश में कहा कि अनुचित आरोपों के घाव इतने गहरे होते हैं कि पति-पत्नी का एक साथ रहना असंभव हो जाता है और अधिक आपराधिक मुकदमों की वजह से दंपती में सुलह की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती। पीठ में न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा भी शामिल थीं। पीठ ने कहा, दहेज उत्पीड़न के ऐसे निराधार आरोप लगाना मानसिक उत्पीड़न और क्रूरता के अलावा और कुछ नहीं है।

पति और पत्नी दोनों सेना में अधिकारी हैं। पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी के लगातार उत्पीड़न, कलह और अनुचित व्यवहार ने उसकी मानसिक शांति को भंग किया और इससे उसके करियर की संभावनाओं, स्वास्थ्य के साथ-साथ आर्थिक स्थिति भी प्रभावित हुई। उसने दावा किया कि पत्नी अक्सर उसे शारीरिक और यहां तक कि आर्थिक रूप से भी प्रताड़ित करती थी। पारिवारिक अदालत द्वारा तलाक देने से इनकार करने के फैसले के खिलाफ अपील में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

## सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत

**बुलंदशहर (उप्र)।** बुलंदशहर जिले के खुर्जा नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बुलंदशहर-अलीगढ़ राजमार्ग पर एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक के चेचिस से टकरा गई जिससे एक बच्ची और दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। खुर्जा के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) वरुण कुमार सिंह ने बताया कि थाना खुर्जा नगर के बरोली मोड़ के पास एक ट्रक के चेचिस को सड़क किनारे खड़ा करके चालक दुकान पर चाय पी रहा था, इस बीच सात लोगों को लेकर जा रही एक कार (वैगनआर) ट्रक के चेचिस से टकरा गई। अंदेशा जताया कि कार चालक को नींद आने की वजह से यह टक्कर हुई और कार सवार चार लोगों की मौत हो गई व तीन अन्य घायल हो गए। घायल व्यक्तियों का कैलाश अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। गाड़ी में सवार सभी लोग पहासू थाना इलाके में अपने एक रिश्तेदार के यहां भंडारे में शामिल होकर दिल्ली वापस जा रहे थे।

## एनआईए और अपराध शाखा ने कपड़ा व्यापारी सहित दो लोगों को हिरासत में लिया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट के मामले की संयुक्त जांच कर रहे राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने बेल्लारी जिले के कौल बाजार से एक कपड़ा व्यापारी और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के एक कार्यकर्ता को हिरासत में लिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जांच दल को संदेह है कि हिरासत में लिए गए दोनों आरोपियों में से एक प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का सक्रिय सदस्य और साजिश का हिस्सा है। जांच दल का मानना है कि उसकी (पीएफआई कार्यकर्ता) कुछ आतंकी संगठनों से नजदीकियां भी थीं। पीएफआई कार्यकर्ता ने ही बम लगाने वाले व्यक्ति सहित कई लोगों को बरगलाया था। एक मार्च को एक व्यक्ति कैफे में आया और एक बैग को वहां रख दिया, जिसमें एक संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) लगा हुआ था।

# तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने ओवैसी की प्रशंसा की

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की प्रशंसा करते हुए कहा कि हैदराबाद के सांसद देशभर के नागरिकों की आवाज संसद में उठाते हैं। ओल्ड सिटी मेट्रो परियोजना की आधारशिला रखने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, रेड्डी ने कहा कि ओवैसी उन कुछ सांसदों में से एक हैं जो न केवल अल्पसंख्यक समुदायों बल्कि सभी 140 करोड़ भारतीयों के लिए आवाज उठाते हैं।

रेड्डी की टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं क्योंकि कांग्रेस ने बार-बार एआईएमआईएम को भाजपा की बी टीम करार दिया है और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के साथ गठजोड़ करने के लिए भी इसकी आलोचना की है। मुख्यमंत्री ने कहा, असदुद्दीन ओवैसी साहब, उनके भाई और पार्टी विधायकों को हराने के प्रयासों के बावजूद वे (हैदराबाद के पुराने शहर क्षेत्र से) लगातार जीत रहे हैं। यहां तक कि मैंने चुनाव के दौरान उन्हें हराने की भी कोशिश की, लेकिन यह संभव नहीं हो सका। मुख्यमंत्री ने कहा राजनीतिक दल विचारधारा के आधार पर चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि चुनाव खत्म होने के बाद वे विकास पर ध्यान केंद्रित करें।

रेड्डी ने शहर के विकास और मेट्रो रेल नेटवर्क के विस्तार के लिए एआईएमआईएम का समर्थन मांगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार लंदन में टेम्स नदी परियोजना की तर्ज पर शहर में मुसी नदी को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह को असदुद्दीन ओवैसी ने भी संबोधित किया और रेड्डी को शहर के विकास के लिए अपनी पार्टी की ओर से पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# वेक्टर जनित रोगों से बचाव में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण: डॉ. वीपी सिंह

**श्रावस्ती।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें वेक्टर जन्य बीमारियों से बचाव हेतु महिलाओं की भूमिका पर विशेष आयोजन किया गया। वैज्ञानिक व्याख्यान में प्रख्यात विज्ञान संचारक डॉ. वीपी सिंह ने कहा कि वेक्टर जन्य रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, फाइलेरिया आदि से बचाव में महिलाएं अहम भूमिका निभा सकती हैं। बलरामपुर के जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. राजेश कुमार पांडे ने कहा कि हमें कहीं भी मच्छरों को पनपने नहीं देना चाहिए। डीपीआरसी श्रावस्ती के सह प्राचार्य बृजेश कुमार पांडे ने कहा कि घर के अंदर और बाहर कहीं भी पानी एकत्र न होने दें क्योंकि इनमें ही मच्छर पनपते हैं। कलाकार राजेंद्र त्रिवेदी और इश्तियाक अली ने वेक्टर जनित रोगों से बचाव में जागरूकता के लिए कठपुतली नाटिका प्रस्तुत की।



महिलाओं द्वारा नवाचार के क्षेत्र में किए गए कार्यों पर फिल्म भी दिखाई गई। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में कई विशेषज्ञों, महिला ग्राम प्रधानों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों सहित लगभग 1000 लोगों ने सहभागिता की। डायट प्राचार्य संतोष कुमार सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ प्रवक्ता ओम प्रकाश यादव ने स्वागत भाषण दिया। डायट के ही वरिष्ठ प्रवक्ता गिरीश प्रसाद मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम में वैज्ञानिक व्याख्यान के सत्र में लोगों ने स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए प्रश्न भी पूछे। उन्हें वैज्ञानिक आधार पर सुझाव भी दिए गए। कस्तूरबा गांधी विद्यालय की प्राचार्य सुमन, सी -3 संस्था के जिला समन्वयक अशोक कुमार शर्मा और विज्ञान संचारक डॉ. अनूप चतुर्वेदी और संतोष त्रिपाठी ने भी लोगों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में महिला ग्राम प्रधान सुशीला मौर्य, हनिपुन निशां, पूजा चौहान, कामिनी सिंह, लक्ष्मी राय, नूरजहां को सम्मानित भी किया गया। कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं और शिक्षिकाओं ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की।

# उत्तराखंड के भाजपा विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**देहरादून।** उत्तराखंड में भाजपा के विधायक महेश जीना और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ हाल में देहरादून नगर निगम के आयुक्त गौरव कुमार से दुर्व्यवहार करने और उन्हें धमकाने के आरोप में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस कथित घटना के बाद नगर निगम के कर्मचारियों ने शहर में हड़ताल कर दी थी। अल्मोड़ा में सल्ट विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले जीना पर भारतीय दंड संहिता की धारा 147 (दंगा करने), 186 (लोक सेवक को सरकारी काम करने से रोकने), 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमानित करने) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत कोतवाली पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गढ़वाल के आयुक्त विनय शंकर पांडेय को इस कथित घटना की जांच करने और 15 दिन में सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया। उत्तराखंड के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) संघ ने इस कथित घटना की निंदा करते हुए बृहस्पतिवार को एक बयान जारी किया। ऐसा आरोप है कि विधायक ने अपने चार साथियों के साथ एक ठेके के आवंटन को लेकर पांच मार्च को देहरादून में नगर निगम के कार्यालय में हंगामा किया। कार्यालय में एक वरिष्ठ लिपिक तथा एक ठेकेदार से कथित तौर पर गाली गलौज की तथा उन्हें धमकी दी। जब आयुक्त को मामले की जानकारी दी गई तो विधायक ने आयुक्त तथा अन्य अधिकारियों से भी कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी जिसमें विधायक को नगर निगम आयुक्त से आक्रोश में बहस करते हुए देखा जा सकता है। बहरहाल, विधायक ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने नगर निगम आयुक्त से दुर्व्यवहार नहीं किया।

# पेज 1 का शेष

## कांग्रेस..

एक दिन भी खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ी। कांग्रेस ने कहा कि अगर वह आगामी चुनाव जीतती है तो वह 25 साल से कम उम्र के प्रत्येक स्नातक को सवैतनिक प्रशिक्षुता की गारंटी देगी, क्योंकि वह अच्छी तरह से शिक्षित लोगों के बीच भी उच्च बेरोजगारी पर मतदाताओं की चिंताओं को दूर करने की कोशिश करती है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर कहा, हम आपकी प्रति वर्ष 1 लाख रुपये की पहली नौकरी सुनिश्चित करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी यह ऐतिहासिक योजना बेरोजगारी की बीमारी का हमेशा के लिए इलाज है। राहुल गांधी, जो भारत जोड़ो यात्रा के अपने दूसरे चरण के बीच में युवाओं को कांग्रेस के लिए वोट करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, ने कहा कि पार्टी एक सरकारी या निजी संस्थान में एक साल की प्रशिक्षुता की गारंटी देने वाला प्रशिक्षु का अधिकार अधिनियम बनाएगी। उन्होंने कहा, यह क्रांतिकारी योजना उद्योग और भारत के कार्यबल के बीच कौशल अंतर को कम करके भारतीय उद्योगों का चेहरा और युवाओं की नियति बदल देगी।

## पीएम मोदी...

और क्षमता का उदाहरण है। बाद में पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार में भाग लेते हुए, मोदी ने सामग्री निर्माताओं से महिलाओं को अपने काम का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, सामग्री और रचनात्मकता का सहयोग जुड़ाव बढ़ाता है, सामग्री और डिजिटल का सहयोग परिवर्तन लाता है, और उद्देश्य के साथ सामग्री का सहयोग प्रभाव दिखाता है। उन्होंने सामग्री निर्माताओं से अपनी सामग्री के माध्यम से प्रेरणा लाने का आग्रह किया और याद किया कि उन्होंने लाल किले की प्राचीर से महिलाओं के प्रति अनादर का मुद्दा उठाया था। मोदी ने उनसे लड़कों और लड़कियों का पालन-पोषण करते समय माता-पिता के बीच समानता की भावना को आगे बढ़ाने का भी अनुरोध किया। मोदी ने कहा कि सामग्री निर्माताओं को नारी शक्ति की क्षमताओं का प्रदर्शन करना चाहिए और यह दर्शाने के लिए विचार दिए कि एक मां अपने दैनिक कार्यों को कैसे संचालित करती है और ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों की महिलाएं आर्थिक गतिविधियों में कैसे संलग्न होती हैं। उन्होंने कहा, 'सामग्री निर्माण गलत धारणाओं को सुधारने में मदद कर सकता है।' उन्होंने उस योजना के बारे में कहा, जिसके तहत गरीबों के लिए करोड़ों घर बनाए गए हैं, जिसमें पुरुषों की तुलना में अधिक महिलाओं को स्वामित्व मिल रहा है। उन्होंने कहा, पीएम स्वनिधि योजना, रेहड़ी-पटरी वालों के लिए एक सूक्ष्म ऋण सुविधा, ने सबसे गरीब श्रमिकों के जीवन में खुशियां ला दी है, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, 'लखपति दीदी' योजना, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण के लिए एक पहल है, जो उन्हें सशक्त बनाने का एक बड़ा मंच बन गई है। उन्होंने कहा कि समूह से जुड़ी महिलाएं विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, नमो ड्रोन दीदियां नवाचार, उपयुक्तता और आत्मनिर्भरता की चैंपियन हैं। हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के लिए ड्रोन की शक्ति का लाभ उठा रही है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर किए गए पोस्ट के साथ लघु वीडियो भी थे, जो इन योजनाओं का महिलाओं पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डालते थे। एलपीजी की कीमतों में कटौती के सरकार के कदम को महिलाओं के लिए एक उपहार बताया गया, जिस पर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और घोषणा के समय पर सवाल उठाया। शरद पवार गुट की एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने सुझाव दिया कि केंद्र का कदम एक राजनीतिक चाल हो सकता है। सुले ने कहा, मैं बिल्कुल भी आश्चर्यचकित नहीं हूं। समय को देखिए। वे पिछले 9 वर्षों से सत्ता में हैं। उन्होंने इस बारे में पहले क्यों नहीं सोचा? जब चुनाव होगा, मेरा मतलब है कि शायद अगले 5 वर्षों में इसकी घोषणा की जाएगी या 6 दिन, ये और एक जुमला है...हमारी सरकार में, सिलेंडर 430 रुपये था। वे इसकी बराबरी क्यों नहीं करते?

## बेंगलुरु...

जो 2,600-2,800 एमएलडी के बीच है। सिर्फ बेंगलुरु ही नहीं, तुमकुरु और उत्तर कन्नड़ जिलों के कुछ हिस्सों को भी राजस्व विभाग द्वारा पानी की कमी के प्रति संवेदनशील माना गया है। राज्य में कम से कम 236 तालुकों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है, जिनमें से 219 को गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य सरकार संकट से निपटने के लिए समाधान तलाश रही है, जिसमें निवासियों के संघों से पुनर्नवीनीकरण और उपचारित पानी भी शामिल है। सरकार द्वारा स्थापित हेल्पलाइन और नियंत्रण कक्ष अभिभूत हैं, जबकि अधिकारी अवैध जल टैंकर संचालन पर नकेल कसने की कोशिश कर रहे हैं। टैंकर की लागत में भी वृद्धि हुई है, जिसके कारण बेंगलुरु शहर के जिला कलेक्टर को चार महीने की अवधि के लिए 200 निजी तौर पर संचालित टैंकरों के लिए दरें तय करनी पड़ीं। मॉल और सिनेमाघरों को भी निर्देश दिया गया है कि वे पानी का उपयोग केवल पीने, सड़कों की सफाई और अन्य सफाई कार्यों के लिए करें। बीडब्ल्यूएसएसबी के आदेश में कहा गया है, बीडब्ल्यूएसएसबी अधिनियम 1964, अनुच्छेद 33 और 34 के अनुसार, हमने गैर-जरूरी उद्देश्यों के लिए पीने के पानी के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। बीडब्ल्यूएसएसबी के डेटा के अनुसार, बेंगलुरु शहर की आबादी 1.40 करोड़ है, जिसमें फ्लोटिंग आबादी भी शामिल है। आदेश में कहा गया है, बेंगलुरु शहर की 1.40 करोड़ आबादी को पीने के पानी की आपूर्ति करना महत्वपूर्ण है। गर्मी बढ़ने और भूजल संसाधनों में कमी के साथ, नागरिकों के लिए इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पीने के पानी की बर्बादी को रोकना आवश्यक है। बीडब्ल्यूएसएसबी के अध्यक्ष राम प्रसाद मनोहर ने जल संकट को दूर करने के लिए बोर्ड द्वारा उठाए गए उपायों के बारे में बताया। उन क्षेत्रों में पानी की कोई कमी नहीं है जहां कावेरी जल की आपूर्ति की जाती है। समस्या शहर के बाकी हिस्सों में है जहां कावेरी जल आपूर्ति अभी तक शुरू नहीं हुई है। मनोहर ने कहा, बेंगलुरु शहर में वास्तविक मांग 1,450 एमएलडी प्रति दिन है और हम वर्तमान में मांग को पूरा करने के लिए 1,470 एमएलडी की आपूर्ति कर रहे हैं। शहर भर में उल्लंघनों की पहचान करने की व्यवहार्यता के बारे में पूछे जाने पर, मनोहर ने कहा, हमने मीटर रीडरों को किसी भी उल्लंघन का निरीक्षण करने के लिए अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन गश्त करने का निर्देश दिया है।

## भारत ने....

कई दिन पहले मृत्यु हो गई, जिसने रूसी सेना में सहायक कर्मचारी के रूप में भी काम किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत उनके शवों को वापस लाने की पूरी कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि करीब 20 लोगों ने भारत सरकार से संपर्क किया है और सरकार उनका पता लगाने की पूरी कोशिश कर रही है। हालांकि, रूसी सेना में सहायक कर्मी के रूप में काम करने वाले भारतीयों की सटीक संख्या अभी तक ज्ञात नहीं है। जायसवाल ने भारतीय नागरिकों से अपील की कि वे रूसी सेना में सहायक नौकरियों के लिए एजेंट द्वारा दिए गए प्रस्तावों से बहकावे में न आएं क्योंकि यह जीवन के लिए खतरे और जोखिम से भरा है। उन्होंने कहा, कई भारतीय नागरिकों को रूसी सेना के साथ काम करने के लिए धोखा दिया गया है।

## हाईवे...

संगठनों के बीच यह अनूठा सहयोग घटना प्रबंधन प्रणाली को बढ़ाने और दुर्घटना पीड़ितों को समय पर सहायता प्रदान करने पर एनएचएआई के फोकस को रेखांकित करता है। यह व्यवस्था तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने और देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर कीमती जान बचाने में प्रमुख भूमिका निभाएगी।' एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव और एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड कुरुविला पी.सी., एनएचएआई और एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

## कोटा में...

में आने से 18 नागरिकों के झुलसने का समाचार दु:खद है। उन्होंने कहा प्रभु नीलकंठ से प्रार्थना है कि घायल नागरिकों को अति शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री दिलावर ने जिला कलेक्टर से फोन पर बात करके पूरे मामले की जानकारी ली तथा घायलों के उपचार के लिए सभी संभव उपाय करने के लिए निर्देश दिए।

# आयकर अधिकरण ने दिया कांग्रेस को झटका, हाईकोर्ट जाने की तैयारी

भाषा। नई दिल्ली

**आयकर अपीलीय** अधिकरण ने पिछले वर्षों के टैक्स रिटर्न में विसंगतियों के लिए जुर्माना लगाने के खिलाफ कांग्रेस पार्टी की अपील को शुक्रवार को खारिज कर दिया। पार्टी ने कहा कि वह सभी कानूनी विकल्पों पर विचार कर रही है और बहुत जल्द इसके खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख करेगी। सूत्रों ने बताया कि अधिकरण ने शुक्रवार को यहां आयकर विभाग द्वारा 210 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाए जाने के खिलाफ कांग्रेस की अपील खारिज कर दी।कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि पार्टी सभी कानूनी विकल्प तलाश रही है और बहुत जल्द उच्च न्यायालय का रुख करेगी।माकन ने पीटीआई–भाषा से कहा, भाजपा




सरकार ने जानबूझकर यह समय चुना जब आम चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कोष पर रोक लगाने का आदेश लोकतंत्र पर हमला है क्योंकि यह लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आया है।उनका कहना था, ऐसी स्थिति में कोई निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद कैसे कर सकता है जब आयकर अधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी

- 210 करोड़ रुपए के जुर्माने के खिलाफ की अपील को खारिज किया

के खातों से 270 करोड़ रुपए की धनराशि जब्त कर ली है या निकाल ली है। आदेश की पुष्टि करते हुए कांग्रेस के विधि प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेक तन्खा ने कहा कि अधिकरण ने इस संबंध में पिछले उदाहरणों का भी अनुसरण नहीं किया है और पार्टी जल्द ही उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी।तन्खा ने पीटीआई–भाषा से कहा, हम आयकर अपीलीय अधिकरण के आदेश से निराश हैं। हम जल्द ही उच्च न्यायालय का रुख करेंगे। उन्होंने 20 प्रतिशत जुर्माने के भुगतान पर राहत देने में अपने पिछली परिपाटियों का पालन नहीं किया और वह भी एक राष्ट्रीय पार्टी के संदर्भ में जोकि लोकसभा चुनाव लड़ने जा रही है। आयकर विभाग ने पिछले दिनों 210 करोड़ रुपए की रिकवरी की मांग का हवाला देते हुए कांग्रेस के प्रमुख खाते फ्रीज कर दिए थे। हालांकि बाद में आयकर अपीलीय अधिकरण ने अगली सुनवाई होने तक खातों पर रोक हटा दी थी। इस मामले में तन्खा ने बतौर अधिवक्ता कांग्रेस की पैरवी की। कांग्रेस ने पिछले महीने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर आर्थिक आतंकवाद शुरू करने का आरोप लगाया था और दावा किया था कि उसके खातों से 65 करोड़ रुपए से अधिक की राशि डाका डालकर निकाल ली गई, ताकि लोकसभा चुनाव से पहले उसे आर्थिक रूप से अपंग बनाया जा सके।

## आयकर अधिकारियों ने राजद विधान पार्षद के परिसरों पर छापेमारी की

**पटना।** बिहार के पटना में आयकर अधिकारियो ने कथित कर चोरी के मामले में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधान पार्षद विनोद जयसवाल से जुड़े ठिकानो पर छापेमारी की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी पश्चिम बंगाल इकाई के आयकर अधिकारियों ने की। सूत्रों के मुताबिक, सुबह जब आयकर अधिकारी पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद के करीबी माने जाने वाले राजद के विधान पार्षद जयसवाल के अनुग्रह नारायण रोड इलाके के परिसर में पहुंचे तो वह (जयसवाल) वहां मौजूद नही थे।जयसवाल से मामले पर टिप्पणी के लिए संपर्क नही हो सका।इस बीच, राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने पीटीआई-भाषा से आयकर के छापे के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की आलोचना की। तिवारी ने कहा, भाजपा, प्रवर्तान निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल उन लोगों के खिलाफ करती है जिनसे वह डरती है।

## ईडी ने शरद पवार के पोते की चीनी मिल को किया कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के सुप्रीमो शरद पवार के पोते रोहित पवार के स्वामित्व वाली एक चीनी मिल की 50 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है। यह कार्वाई कथित महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले मे ईडी द्वारा की जा रही धनशोधन जांच से जुड़ी है। ईडी ने एक बयान में कहा कि औरंगाबाद के कन्नड गांव में स्थित कन्नड सहकारी साखर कारखाना लिमिटेड (कन्नड एसएसके) की 161.30 एकड़ जमीन, संयंत्र, मशीनरी एवं भवन को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत अंतरिम रूप से कुर्क किया गया है। कन्नड एसएसके का स्वामित्व रोहित पवार की कंपनी बारामती एग्रो लिमिटेड के पास है। रोहित पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार गुट के विधायक भी हैं।कर्जत-जामखेड विधानसभा सीट से विधायक 38 वर्षीय रोहित पवार से ईडी पहले भी पूछताछ कर चुकी है। उससे पहले ईडी ने जनवरी में बारामती एग्रो, कन्नड एसएसके और कुछ अन्य संगठनों के परिसरों की तलाशी ली थी।

### क्विक न्यूज

## कांग्रेस में प्रधानमंत्री मोदी जैसे नेता की कमी : पद्मजा वेणुगोपाल

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मे एक दिन पहले शामिल हुईं पद्मजा वेणुगोपाल ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे मजबूत नेता की कमी है। पद्मजा का शुक्रवार को स्थानीय हवाई अड्डे पर भाजपा नेताओं ने भव्य स्वागत किया, जिनमे पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. सुरेंद्रन और कार्यकर्ता शामिल थे। बाद मे संवाददाताओं से बातचीत मे पद्मजा ने कहा कि उन्हे कांग्रेस छोड़ने का दु:ख है, लेकिन वह लंबे समय तक अपमान और पीड़ा के साथ रहने को तैयार नही थी। किसी ने उनसे पूछा कि कांग्रेस मे समस्याओं का सामना करने के बावजूद वह उस पार्टी मे मजबूती से डटी रही, फिर भाजपा मे शामिल होने की क्या जरूरत पड़ी। पद्मजा ने कहा, कुछ समय से प्रधानमंत्री मोदी के कामकाज के तरीके को देखने के बाद मैने महसूस किया कि हर पार्टी को मजबूत नेता की जरूरत है। कांग्रेस के पास ऐसा कोई नेता नही है। कांग्रेस के दिग्गज नेता और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण की बेटी पद्मजा ने आरोप लगाया कि पुरानी पार्टी के नेताओं के पास पदाधिकारियों से बात करने तक का समय नही है। उन्होंने कहा कि जब हाल मे वह दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय गईं तो पाया कि सोनिया गांधी किसी से नही मिलती। राहुल गांधी के पास समय नही है और अधिकतर वरिष्ठ नेता चले गए हैं। उस दिन मैने महसूस किया कि वहां रहने का कोई औचित्य नही है। मेरा काफी अपमान हो चुका था। पद्मजा ने कहा, चुनाव के दौरान, मुझे किसी भी समिति मे शामिल नही किया गया, पार्टी के भीतर चार-पांच लोग मुझे त्रिशूर से बाहर निकालने और हर जगह मेरे लिए समस्याएं पैदा करने का काम कर रहे थे और जब मैने इसके बारे मे शिकायत की, तो पार्टी नेतृत्व ने इस पर गंभीरता से ध्यान नही दिया, जिससे मै आहत हुई। उन्होंने कहा कि ए सब बाते कुछ समय से मेरे दिमाग मे चल रही थी, लेकिन मैने किसी से यह साझा नही किया। पद्मजा ने कहा, इसलिए, वे (कांग्रेस) मेरे अचानक लिए गए फैसले से स्तब्ध हो गए। उन्होंने कभी नही सोचा था कि मै ऐसा निर्णय भी ले सकती हूं। मैने उन्हे कहा कि अगर किसी को किनारे लगाओगे तो वह जवाबी प्रतिक्रिया करेगा। युवा कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष राहुल ममकूटथिल ने पद्मजा के भाजपा में शामिल होने पर बृहस्पतिवार को उनकी परवरिश को लेकर टिप्पणी की थी। इस बारे मे पूछे जाने पर पद्मजा ने कहा, उनकी टिप्पणी मेरा और मेरी मां का अपमान करने वाला है और इसलिए उक्त बयान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराऊंगी। पद्मजा के बड़े भाई के. मुरलीधरन अब भी कांग्रेस के सांसद है और उनकी प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उन्हे पार्टी बदलने के फैसले पर टिप्पणी करने का अधिकार नही है, क्योकि उन्होने खुद कई दल बदले है। पद्मजा ने कहा, मैने कांग्रेस मे रहने के दौरान कभी उनके बारे मे बुरा नही कहा और वह उसे छोड़कर दूसरे दल मे शामिल हुए। वह मेरे भाई है और इसलिए मेरी उनके खिलाफ कुछ कहने की कोई मंशा नही है।

## एनआईए ने शिवमोगा आईएसआईएस साजिश मामले में एक अन्य आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आईएसआईएस और लश्कर-ए-तैयबा समेत प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनो के पक्ष मे दीवारो पर नारे लिखने से संबंधित शिवमोगा आईएसआईएस साजिश मामले मे एक और आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि 2022 मे दर्ज किए गए इस मामले मे अराफात अली के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल करने के अलावा संघीय एजेंसी ने दो अन्य आरोपियो --मोहम्मद शारिक और माज मुनीर अहमद- को भी आरोपित किया है। एनआईए के मुताबिक अली ने अन्य आरोपियो को कथित रूप से कट्टरपंथ का पाठ पढ़ाया था और उन्हें जनवरी,2020 मे दीवारो पर नारे लिखने के काम पर लगाया था। अली को पिछले साल 14 सितंबर को केन्या से लौटने पर दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा, वह (अली) दो फरार आरोपियों-- अब्दुल मतीन ताहा और मुस्साविर हुसैन शाजेब के साथ जुड़ाव से संबंधित एक अन्य मामले (अल-हिंद मॉड्यूल मामला) मे गिरफ्तार कर लिए जाने की आशंका से पहले दुबई भाग गया था। अधिकारी ने बताया कि जांच से खुलासा हुआ कि ताहा और शाजेब के निर्देश पर ही अली ने शारिक, अहमद एवं अन्य को मंगलुरु मे दो स्थानो पर दीवारो पर आईएसआईएस, लश्कर एवं तालिबान के पक्ष मे नारे लिखने के लिए तैयार किया था। पहले एनआईए ने शारिक और अहमद समेत नौ आरोपियों के खिलाफ एक मुख्य और एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किए थे। अधिकारी ने बताया कि इस मामले मे जांच अभी जारी है।

## भारत-जापान की सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास संपन्न

**जयपुर।** भारत और जापान का संयुक्त सैन्य अभ्यास शुक्रवार को राजस्थान की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज मे पूरा हो गया। एक सैन्य प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) कर्नल अमिताभ शर्मा ने यहां एक बयान मे बताया कि भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच धर्म गार्जियन नामक पांचवां संयुक्त सैन्य अभ्यास आठ मार्च को महाजन फील्ड फायरिंग रेंज मे सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस संयुक्त अभ्यास मे भारत की राजपूताना राइफल्स बटालियन और जापान के 40 सैनिको का समूह शामिल था। अभ्यास का प्राथमिक उद्देश्य सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना और संयुक्त राष्ट्र के निर्देश के तहत अर्ध-शहरी वातावरण मे संयुक्त अभियानो को अंजाम देने के लिए संयुक्त क्षमताओ को बढ़ाना था। इसके अनुसार दो चरणो मे आयोजित यह अभ्यास शुरू मे कॉम्बैट कंडीशनिंग और कार्यनीतिक प्रशिक्षण पर केंद्रित था जिसे दोनो टुकड़ियों ने सफलतापूर्वक पूरा किया।

## भाजपा व तेदेपा ने साथ मिलकर काम करने का फैसला किया : तेदेपा सांसद

**नई दिल्ली।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य कनकमेदला रवींद्र कुमार ने शुक्रवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जन सेना और उनकी पार्टी ने सैद्धांतिक रूप से, आगामी चुनावो मे साथ मिलकर काम करने का फैसला किया है और इसके तौर-तरीको को अंतिम रूप दिया जा रहा है।तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा के साथ मुलाकात के एक दिन बाद कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा कि आंध्र प्रदेश मे एक साथ होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए गठबंधन के उद्देश्यो को लेकर प्रारंभिक चर्चा हुई है। उन्होने कहा, सैद्धांतिक रूप से भाजपा, तेदेपा और जन सेना ने साथ काम करने का फैसला किया है। जन सेना के अध्यक्ष और अभिनेता पवन कल्याण भी बृहस्पतिवार को शाह के आवास पर डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली चर्चा का हिस्सा थे।सूत्रों ने कहा कि इस गठबंधन मे भाजपा को कितनी सीटे मिलेगी, यह एक महत्वपूर्ण बिंदु है। आंध्र प्रदेश मे लोकसभा की 25 और विधानसभा की 175 सीट है।सूत्रों ने बताया कि तीनों दलों के शीर्ष नेता मतभेदो को दूर करने और आगे बढ़ने के तरीको को अंतिम रूप देने के लिए एक और दौर की वार्ता कर सकते है।भाजपा जहां 20 से अधिक विधानसभा और करीब आठ लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है, वही राज्य मे मुख्य विपक्षी दल तेदेपा उसे पांच-छह संसदीय सीट से ज्यादा देने को तैयार नही है।सूत्रों ने बताया कि तेदेपा यह भी चाहती है कि आंध्र प्रदेश मे हाशिए पर चल रही भाजपा विधानसभा की 10 से अधिक सीट पर चुनाव नही लड़े। तेदेपा नेताओ का मानना है कि भाजपा की मांग पर सहमति से राज्य की सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी को फायदा मिल सकता है। वाईएसआर कांग्रेस की कमान मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी के पास है।हालांकि भाजपा ने वार्ताओ पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नही की है लेकिन इसके कुछ नेताओ का तर्क है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील बड़ा कारक साबित हो सकती है जिससे इस गठबंधन को फायदा हो सकता है।भाजपा लंबे समय से राजग का विस्तार करने की कोशिश कर रही है।

## इलेक्ट्रिक वाहनों में मिलेगी छूट

**बेंगलुरु।** इलेक्ट्रिक स्कूटर को पसंद करने वालों के लिए एक खुशखबर ओला इलेक्ट्रिक ने मार्च महीने के लिए अपने एस 1 स्कूटर की कीमतों में 25,000 रुपये तक छूट की घोषणा की है। उनके इस बड़े कदम को उठाने का उद्देश्य भारत के विद्युतीकरण प्रयासों में तेजी लाकर ईवी अपनाने में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करना है।कीमत में कटौती कंपनी की मजबूत कीमत संरचना के साथ.साथ मजबूत एकीकृत इन.हाउस प्रौद्योगिकी और विनिर्माण क्षमताओं और विनिर्माण प्रोत्साहन की काबिलियत के कारण हुई। अब ओला एस1 चाहने वालों के लिए उनकी इच्छा पूरी करने का समय आ गया है क्योंकि एफएएमई फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफइलेक्ट्रिक व्हीकल्स योजना 31 मार्च 2024 को समाप्त होने की संभावना है और ईवी की कीमतों में बड़ा बदलाव हो सकता है।एक आकर्षक कीमत वाले उत्पाद पोर्टफोलियो के साथ ओला एस1 स्कूटर किसी भी पारंपरिक आईसीई वाहन से बेहतर परफॉर्मेंस देता है। इसी वजह से यह स्कूटर हर साल लगभग 30ए000 रुपये तक की बचत के साथ बाजार में बेहतर विकल्प बन जाता है।

## ईवी वाहन से पर्यावरण पर कम होगा असर

**बेंगलुरु।** एमजी मोटर ने एमजी ईवी को वॉव वैल्यू प्रोपोजीशन में अधिक सुलभ बनाने के लिए अपने ईवी को मजबूत करने की घोषणा की। 19.98 लाख रुपये की कीमत पर पेन पैनोरमिक स्काई रूफ के साथ अपने ईवी - एमजी जेडएस का एक नया वैरिएंट 'एक्साइट प्रो' उतारा है। एमजी मोटर इंडिया ने फास्ट चार्जिंग' विकल्प के साथ एमजी कॉमेट को दो नए वैरिएंट्स एक्साइट और एक्सक्लूसिव में भी लांच किया है। स्मार्ट ईवी- एमजी कॉमेट की रेंज 6.98 लाख रुपये से शुरू होती है। एमजी मोटर इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गौरव गुप्ता ने कहा कि एमजी निरंतर इनोवेशन करने और ग्राहकों को आकर्षक मूल्य प्रस्तावों (शानदार कीमतों) पर रोमांचक उत्पाद पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। कस्टमर फीडबैक के बाद मार्केट इनसाइट्स और इंडस्ट्री एनॉलिसिस का उपयोग करते हुए हमने अपनी ईवी के नए वैरिएंट्स- एमजी जेडएस और कॉमेट पेश किए हैं। हमारे उत्पादों के साथ-साथ, हम ईवी उपयोग को अधिक सुविधाजनक और सुलभ बनाने के लिए ईवी जागरूकता बढ़ाने और एक मजबूत ईवी पारिस्थितिकी तंत्र/ईको सिस्टम तैयार करने पर भी जोर देते हैं।

## एनआईटी-हमीरपुर के सहायक प्रोफेसर को तीन पेटेंट मिले

**हमीरपुर (हिप्र)।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), हमीरपुर के मेकैनिकल इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत डॉ. दिलशाद अहमद खान को बौद्धिक संपदा अधिकार विभाग, नई दिल्ली द्वारा तीन पेटेंट दिए गए है। संस्थान ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि ए पेटेंट बैट्री फ्री सोलर आयरन प्रेस एंड द हीटिंग सिस्टम और मैग्नेटोरियोलॉजिकल फिनिशिंग टूल विद इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कूलिंग एंड सिस्टम फॉर सप्लाइंग पॉलिशिंग फ्लयूड के लिए दिए गए है। एनआईटी-हमीरपुर के निदेशक प्रोफेसर एच.एम. सूर्यवंशी ने डॉ. खान को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए बधाई दी और नवाचार के प्रति उनके निरंतर प्रयास और समर्पण और विचारों को व्यावहारिक समाधानो मे बदलने की उनकी क्षमता की सराहना की।

## ई.बिजनेस में बढ़ी पसंद

**नोएडा।** भारत में ई.बिजनेस-टू.बिजनेस ईबी2बी में पसंद बढ़ रही । उड़ान ने कैलेंडर वर्ष 2023 में 2.3 करोड़ से अधिक ऑर्डर्स की आपूर्ति करते हुए 2.25 अरब से अधिक उत्पादों की शिपिंग की है। इन ऑर्डर्स को भारत के सभी राज्यों में शिप किया गया। आवश्यक वस्तुओं की कैटेगरी फ्रेश, एफएमसीजी, स्टेपल्स,ए फार्मा के अंतर्गत प्लेटफॉर्म पर 2 करोड़ ऑर्डर्स पूरे किए और लगभग 10 लाख टन से अधिक उत्पादों को भेजा गया। उड़ान पर विवेकाधीन इलेक्ट्रॉनिक्स,जनरल मर्चेंडाइज और लाइफस्टाइल, कैटेगरी के अंतर्गत 30 लाख ऑर्डर्स की आपूर्ति करते हुए 7 करोड़ से ज्यादा उत्पादों को भेजा गया। इस अवधि के दौरान प्लेटफॉर्म पर 900 विक्रेताओं में से हर एक ने 1 करोड़ रुपये की बिक्री हासिल की। जबकि 600 विक्रेताओं ने प्लेटफॉर्म पर 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया। उड़ान के कोफाउंडर एवं सीईओ वैभव गुप्ता ने कहा कि उड़ान भारत के छोटे व्यवसायों को सशक्त करने के अपने मूल दर्शन को लेकर प्रतिबद्ध है।

## 31 को स्कालरशिप परीक्षा

**नई दिल्ली।** फिटजी द्रोणाचार्य परीक्षा आयोजित करने वाला है। कोचिंग के इतिहास में यह दुनिया की सबसे बड़ी और पहली बार इस तरह की स्कालरशिप परीक्षा होगी। इसमें वैज्ञानिक पद्धति से तैयार बेहतरीन अकादमिक डायग्नोस्टिक टूल इस्तेमाल होगा। द्रोणाचार्य से भारत में प्रतियोगिता परीक्षाओं की दुनिया में एक नया दौर शुरू होने वाला है। छठी, सातवीं, आठवीं, नौवी, दसवीं,ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में जाने वाले छात्रों के लिए 31 मार्च 2024 को पूरे भारत में होगी। जयपुर,आंध्र प्रदेश और तेलंगाना अपवाद हैं। वैज्ञानिक पद्धति से डिजाइन की गई इस परीक्षा की मूल्यांकन पद्धति यूनिक है। यह गहन विश्लेषण और संपूर्ण परीक्षण के माध्यम से न केवल असाधारण प्रतिभाओं की पहचान करती है। फिटजी समूह के निदेशक आरएल त्रिखा ने कहा वैज्ञानिक पद्धति से छात्रों की प्रतिभा आंकना निश्चित रूप से उनकी सफलता का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

## भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे युवक को बीएसएफ ने मार गिराया

**जयपुर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानो ने गंगानगर जिले मे अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान से भारतीय सीमा मे घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे एक कथित घुसपैठिए को गोली मार दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके अनुसार यह घटना बीएसएफ की सुंदरपुरा चौकी के पास बीती रात हुई। पुलिस ने बताया कि बीएसएफ के जवानो ने लगभग 30 साल के एक युवक को पाकिस्तान की ओर से आते देखा। इस पर जवानों ने उसे लौटने की चेतावनी दी लेकिन उसने कोई ध्यान नही दिया। केसरीसिंहपुर थाना के अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि बीएसएफ जवानो की गोलीबारी से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

# सार्वजनिक बैंकों के कर्मचारियों का 17% वेतन बढ़ेगा

भाषा। नई दिल्ली

**सार्वजनिक** क्षेत्र के बैंकों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन में सालाना 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। नवंबर, 2022 से प्रभावी होने वाले इस फैसले से करीब आठ लाख बैंक कर्मचारी लाभान्वित होंगे। भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और बैंक कर्मचारी संगठनों के बीच शुक्रवार को 17 प्रतिशत की वार्षिक वेतन वृद्धि पर सहमति बनी। इससे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों पर सालाना 8,284 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। आईबीए, बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संगठनों के साथ बातचीत कर वार्षिक वेतन में संशोधन करता है। इस बीच, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन ने कहा कि सभी शनिवारों को छुट्टियों के रूप में मंजूरी देने पर भी सहमति जताई गई है। लेकिन




कामकाज के घंटों में संशोधन का प्रस्ताव सरकार की अधिसूचना के बाद प्रभावी होगा। बैंक अधिकारियों के संगठन ने कहा, नए वेतनमान का निर्धारण 8088 अंकों के महंगाई भत्ते (डीए) और उस पर अतिरिक्त भार को मिलाकर किया गया है। नए वेतन समझौते के तहत सभी महिला कर्मचारियों को चिकित्सा प्रमाणपत्र दिए बगैर भी हर महीने

- भारतीय बैंक संघ और बैंक कर्मचारी संगठनों के बीच सहमति बनी
- शनिवार की छुट्टी का भी प्रस्ताव

एक दिन की बीमारी की छुट्टी लेने की अनुमति होगी। इसमें कहा गया है कि संचित विशेषाधिकार अवकाश (पीएल) को सेवानिवृत्ति के समय या सेवा के दौरान कर्मचारी की मौत होने पर 255 दिनों तक भुनाया जा सकता है। बैंकों के संगठन आईबीए के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील मेहता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक संदेश में कहा, आज बैंक उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। आईबीए और यूएफबीयू,एआईबीओयू, एआईबीएएसएम एवं बीकेएसएम ने बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए वेतन संशोधन के संबंध में नौवें संयुक्त नोट और 12वें द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एक नवंबर, 2022 से प्रभावी होगा। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के मामले में इस बात पर सहमति बनी है कि मासिक अनुग्रह राशि का भुगतान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा भुगतान की जाने वाली पेंशना पारिवारिक पेंशन के अतिरिक्त किया जाएगा। यह राशि उन पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को मिलेगी जो 31 अक्टूबर, 2022 या उससे पहले पेंशन प्राप्त करने के पात्र बन गए हैं। उस तारीख को सेवानिवृत्त होने वाले लोग भी इसके दायरे में आएंगे।

## महिलाएं जन्म से ही नेतृत्व की भूमिका में रहती हैं : धनखड़

भाषा। बेंगलुरु

**उप राष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने लैंगिक विविधता और निर्णय लेने की प्रक्रिया में समावेशी संस्कृति के लिए अंतरिक्ष एजेंसी की प्रशंसा की और इसे अन्य संगठनों के लिए एक उपयुक्त उदाहरण बताया।बेंगलुरु स्थित इसरो के यू आर राव उपग्रह केंद्र पर वैज्ञानिक समुदाय से संवाद करते हुए धनखड़ ने कहा, भारत की रॉकेट वुमेन हमें आकाश और उससे भी आगे ले जा रही हैंअ उन्होंने अपने लिए और हमारी प्रगति के लिए पूर्व तय मानकों से आगे जाने की सीमाएं तोड़ दी हैं। उन्होंने इसरो के वैज्ञानिकों के साथ महिला दिवस भी मनाया और कहा, एक महिला हमेशा जन्म से ही नेतृत्व की भूमिका में होती है।

# ईडी ने धनशोधन के मामले में किया दो और गिरफ्तार

## महादेव एप मामला

भाषा। नई दिल्ली

**प्रवर्तन निदेशालय** ने शुक्रवार को बताया कि महादेव एप से जुड़े धनशोधन के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।
आरोप है कि इस मामले में छत्तीसगढ़ के कई बड़े नेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता है।
ईडी ने बताया कि गिरिश तलरेजा और सूरज चोखानी को क्रमश: दो और तीन मार्च को हिरासत में लिया गया था। एजेंसी ने बताया कि विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की अदालत ने उन्हें 11 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी के मुताबिक मामले में अबतक 11 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। ईडी ने बताया कि तलरेजा के पास महादेव ऑनलाइन बुक (एमओबी) एप की सहयोगी कंपनी लोटस365 में हिस्सेदारी थी। एजेंसी ने आरोप लगाया कि वह लोटस365 के अवैध संचालन में रतन लाल जैन उर्फ अमन और एमओबी के मुख्य प्रवर्तक सौरभ चंद्राकर के साथ हिस्सेदार हैं। ईडी ने दावा किया, तलरेजा ने लोटस365 के अवैध संचालन से हुई कमाई का धनशोधन कर सफेद धन बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस शाखा द्वारा प्रति माह 50 करोड़ रुपए की सट्टेबाजी से प्राप्त नकदी का लेनदेन किया जाता था और वह इस शाखा के कैश हैंडलिंग व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्यों में से एक था। एजेंसी के मुताबिक एक मार्च को पुणे में लोटस365 की शाखाओं में तलाशी ली और एक करोड़ रुपए नकद जब्त किए।एजेंसी ने 28 फरवरी को दुबई स्थित हवाला कारोबारी हरि शंकर टिबरेवाल के कोलकाता स्थित परिसर पर भी छापेमारी की कार्वाई की। ईडी के मुताबिक टिबरेवाल ने सट्टेबाजी वेबसाइट स्काईएक्सचेंज के अवैध संचालन में एमओबी के प्रवर्तकों के साथ भागीदारी की थी।

### ईडी ने भूषण स्टील बैंक धोखाधड़ी मामले में 367 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि भूषण स्टील लिमिटेड के खिलाफ बैंक धोखाधड़ी मामले से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और ओडिशा के कुछ शहरों में 367 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति कुर्क की गई है। ईडी ने एक बयान में कहा कि फर्जी निदेशकों के माध्यम से बेनामीदारों फर्जी कंपनियों के नाम पर की गई संपत्तियों को कुर्क करने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थाई आदेश जारी किया गया है। भूषण स्टील लिमिटेड (बीएसएल) का वर्ष 2018 में टाटा स्टील लिमिटेड ने कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) पूरा करने के बाद अधिग्रहण कर लिया था। ईडी ने बीएसएल, उसके प्रबंध निदेशक नीरज सिंगल और सहयोगियों पर कई फर्जी कंपनियां बनाने का आरोप भी लगाया है।

## उत्तराखंड में पूर्व मुख्यमंत्री खंडूरी के पुत्र ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी के बेटे मनीष खंडूरी ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। मनीष ने अपने इस्तीफे की घोषणा एक फेसबुक पोस्ट के जरिए की। उन्होंने कहा, मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता और अन्य सभी संबंधित पदों से इस्तीफा दे रहा हूं। मैंने यह फैसला बिना किसी निजी लाभ की प्रत्याशा या उम्मीद के किया है। मनीष 2019 में कांग्रेस में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन्हें 2019 के आम चुनाव में पौड़ी गढ़वाल लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था लेकिन उन्हें भाजपा के तीरथ सिंह रावत से तीन लाख से अधिक मतों से हार का सामना करना पड़ा था। मनीष के कांग्रेस से इस्तीफे की घोषणा के तुरंत बाद उत्तराखंड भाजपा के अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट ने कहा, हर कोई कांग्रेस छोड़ रहा है।

## मणिपुर के थोउबल जिले में सेना के अगवा किए गए अधिकारी को सुरक्षा बलों ने मुक्त कराया

**इम्फाल।** भारतीय सेना के जिस अधिकारी का मणिपुर के थोउबल जिला स्थित उनके आवास से असामाजिक तत्वों ने शुक्रवार सुबह अपहरण कर लिया, उन्हें शाम में सुरक्षा बलों ने मुक्त करा लिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) की पहचान चरांगपट ममांग लेइकई निवासी कोनसाम खेड़ा सिंह के रूप में हुई है। वह अभी थोउबल जिले के वाइकहोंग पुलिस थाने में हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया कि जेसीओ को मुक्त कराने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियों ने एक समन्वित तलाश अभियान शुरू किया, जिसके चलते आखिरकार शाम साढ़े छह बजे उन्हें सुरक्षित रूप से मुक्त कराया जा सका। सिंह अभी अवकाश पर हैं। पूर्वाह्न नौ बजे उनका अपहरण कर लिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार यह फिरौती का मामला लगता है क्योंकि उनके परिवार को पूर्व में भी इस तरह की धमकियां मिली थीं।

# नागपुर में आरएसएस की बैठक 15 से

- लोकसभा चुनाव, संदेशखालि और मणिपुर पर चर्चा की संभावना

भाषा। नई दिल्ली

**महाराष्ट्र के** नागपुर में अगले सप्ताह होने वाली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव, पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ कथित अत्याचार और मणिपुर की मौजूदा स्थिति समेत कई समसामयिक मुद्दों




पर चर्चा हो सकती है। सूत्रों ने इस बारे में जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 15 मार्च से शुरू होने वाली तीन दिवसीय बैठक में संघ के सर कार्यवाह पद के लिए भी चुनाव होगा, जो संगठन में प्रमुख के बाद दूसरा शीर्ष पद है। इस पद पर फिलहाल दत्तात्रेय होसबाले हैं। उन्हें 2021 में बेंगलुरु में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में तीन साल की अवधि के लिए संघ का सर कार्यवाह निर्वाचित किया गया था। सूत्रों ने कहा कि नागपुर में संघ की आगामी बैठक के दौरान, संगठन की संबंधित राज्य इकाइयों के संघचालक (प्रमुख) और सरकार्यवाह (सचिव) पद के लिए भी चुनाव होंगे। संघ के राष्ट्रीय प्रचार और मीडिया प्रभारी सुनील आंबेकर ने एक मार्च को जारी बयान में कहा था कि अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा 2023–24 में संगठन के स्वयंसेवकों और इसकी विभिन्न शाखाओं द्वारा किए गए सभी कार्यों और सेवा कार्यों की समीक्षा करेगी।

# लंबे समय तक युवा रखने में सहायक है स्वर्ण भस्म : विशेषज्ञ

भाषा। नई दिल्ली

**सौंदर्य उत्पादों में** इस्तेमाल किए जा रहे सोने के अति सूक्ष्म कण जिन्हें स्वर्ण भस्म कहते हैं न केवल आपकी त्वचा की बाहरी चमक को बरकरार रखने में मदद करते हैं, बल्कि उम्र के प्रभावों को भी सीमित करने में मददगार होते हैं। विशेषज्ञों ने शुक्रवार को यह बात कही। एकीकृत चिकित्सा महासंघ (आयुष) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.आर.पी.पराशर ने कहा कि स्वर्ण भस्म को त्वचा आसानी से सोख लेती है। उन्होंने कहा कि स्वर्ण भस्म विभिन्न आयुर्वेदिक दवाओं का एक अभिन्न अंग है जो युवा बनाए रखने में सहायक होती है और संभावित रूप



से मानव शरीर की विभिन्न प्रणालियों को पोषण प्रदान करती है। डॉ.पराशर ने कहा कि आयुर्वेद में हजारों वर्षों से सोने के जवां बनाने, प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करने, सौंदईकरण और उपचार गुणों को मान्यता दी गई है और इसे शक्ति, चेतनत्व और युवापन की कुंजी के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा, यह कोलेजन (एक

- मानव शरीर की विभिन्न प्रणालियों को पोषण प्रदान करती

प्रकार का प्रोटीन) की कमी को धीमा करने और कोशिका को फिर से बनने में मदद के लिए जानी जाती है। स्वर्ण भस्म एक अत्यंत शक्तिशाली आयु–विरोधी एजेंट है क्योंकि यह चयापचय में सुधार करती है, मांसपेशियों में लचीलापन लाती है, अंतर्निहित ऊतकों, हड्डियों, तंत्रिकाओं आदि को मजबूत करती है। एमिल–आयुथवेदा के निदेशक डॉ. संचित शर्मा के मुताबिक इंसान की कोशिश चेहरे की सुंदरता कायम रखना होती है जिसमें स्वर्ण भस्म मदद करती है और इसलिए युवा पीढ़ी में इसकी मांग बढ़ रही है। हाल ही में भारतीय अनुसंधाकर्ताओं के साथ मिलकर एमिल द्वारा तैयार स्पार्कलिंग गोल्ड फेस वॉश में 24 कैरेट सोने के नैनो कणों के साथ कश्मीरी केसर, गुलाब, कमल और गेंदे के फूल का अर्क मिश्रित किया गया और उसके प्रभाव का अध्ययन किया। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि गुलाब जैसे तत्व त्वचा में नमी बनाए रखने और झांई दूर करने में मदद करते हैं, कमल त्वचा कोशिकाओं के पुनरुद्धार को सुनिश्चित करता है, इस प्रकार एक त्वचा को एक संतुलित रूप में रखने में मदद करता है।

## राजद ने विधान परिषद चुनाव में राबड़ी देवी, तीन अन्य उम्मीदवारों को उतारने का फैसला किया

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को एक बार फिर से विधान परिषद के चुनाव में उतारने का शुक्रवार को फैसला किया। राजद ने यहां जारी एक बयान में कहा कि पार्टी इस महीने के अंत में होने वाले द्विवार्षिक चुनावों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी–लेनिनवादी) लिबरेशन के शशि यादव का समर्थन करने के अलावा, पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी और तीन अन्य उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी।

# बाइडन ने ट्रम्प पर साधा निशाना : अमेरिका और दुनिया भर में लोकतंत्र खतरे में

**भाषा** । वाशिंगटन

**दूसरे कार्यकाल** की मांग करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने प्रतिद्वंद्वी और पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ तीखा हमला किया है और उन पर देश के भीतर और विश्व स्तर पर लोकतंत्र को खतरे में डालने, रूस के सामने घुटने टेकने और नाराजगी, बदला और प्रतिशोध का समर्थन करने का आरोप लगाया है।

अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र में अपने अंतिम स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में बाइडन ने ट्रम्प का नाम लिए बिना, उनका उल्लेख अपने पूर्ववर्ती के रूप में किया। बाइडन ने एक घंटे से अधिक समय तक चले अपने भाषण में 13 बार ट्रम्प का उल्लेख किया।

सुपर ट्यूज़डे के बाद, नवंबर 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में बाइडन और ट्रम्प के बीच दोबारा मुक़ाबले का रास्ता साफ हो गया है।

इक्यासी वर्षीय बाइडन अमेरिका के सबसे उम्रदराज़ राष्ट्रपति हैं। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के संबंध में हालिया टिप्पणी से लेकर आव्रजन, 6 जनवरी के विद्रोह, गर्भपात और बंदूक नियंत्रण जैसे कई मुद्दों पर 77 वर्षीय ट्रम्प की आलोचना की।

डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता बाइडन ने कहा, एक राष्ट्रपति, मेरे पूर्ववर्ती, जो सबसे बुनियादी कर्तव्य में विफल रहे। किसी भी राष्ट्रपति का अमेरिकी लोगों की देखभाल करने का कर्तव्य है। यह अक्षम्य है। उन्होंने कहा, "अब, मेरे पूर्ववर्ती, एक पूर्व रिपब्लिकन राष्ट्रपति, पुतिन से कहते हैं," जो कुछ भी आप करना चाहते हैं, वह करें। दरअसल एक पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक रूसी नेता के आगे झुकते हुए ऐसा कहा था। यह अपमानजनक है, यह खतरनाक है। यह अस्वीकार्य है।

ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि वह रूस को



किसी भी नाटो सदस्य देश के खिलाफ "जो कुछ भी वे चाहते हैं" करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे, जो रक्षा पर खर्च संबंधी दिशानिर्देशों को पूरा नहीं करता है। एक चौंकाने वाली स्वीकारोक्ति में कि ट्रम्प ने कहा था कि अगर वह दोबारा राष्ट्रपति बनते हैं, तो गठबंधन के सामूहिक रक्षा संबंधी प्रावधान का पालन नहीं करेंगे। बाइडन ने कहा कि वह देश के इतिहास में सबसे कठिन दौर में से एक से अमेरिका को बाहर निकालने के दृढ़ संकल्प के साथ सत्ता में आए थे।

उन्होंने कहा, राष्ट्रपति लिंकन के समय से और गृह युद्ध के बाद से यहां घरेलू स्तर पर स्वतंत्रता और लोकतंत्र पर वैसा हमला नहीं हुआ, जैसा कि आज हो रहा है। जो बात हमारे इस दौर को दुर्लभ बनाती है, वह यह है कि एक ही समय में, देश और विदेश दोनों जगह स्वतंत्रता और लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। विदेश में, रूस के पुतिन आगे बढ़ रहे हैं, यूक्रेन पर हमला कर रहे हैं और पूरे यूरोप और उसके बाहर अराजकता फैला रहे हैं।

उन्होंने रूस को रोकने के लिए यूक्रेन को हथियार उपलब्ध कराने के लिए अमेरिकी कांग्रेस से समर्थन भी मांगा।

बाइडन ने कहा, अगर इस कमरे में कोई सोचता है कि पुतिन यूक्रेन में ही रुक जाएंगे, तो मैं आपको बताना चाहता हूं कि वह ऐसा नहीं करेंगे। लेकिन यूक्रेन पुतिन को रोक सकता है, अगर हम यूक्रेन के साथ खड़े हों और उसे अपनी रक्षा के लिए आवश्यक हथियार उपलब्ध कराएं। बाइडन ने कहा, यूक्रेन बस यही कह रहा है।

बाइडन ने कहा कि वे (यूक्रेन) अमेरिकी सैनिकों की मांग नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में, यूक्रेन युद्ध में कोई अमेरिकी सैनिक नहीं है। उन्होंने कहा, "और मैं इसे इसी तरह बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हूं। बाइडन ने कहा," लेकिन अब यूक्रेन के लिए सहायता उन लोगों द्वारा अवरुद्ध की जा रही है, जो चाहते हैं कि हम दुनिया में अपने नेतृत्व से दूर हो जाएं।

## चीन की चुनौती के बीच भारत जैसे सहयोगियों के साथ साझेदारी मजबूत कर रहा है अमेरिका

**भाषा** । वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उनका देश अनुचित आर्थिक व्यवहार, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए चीन के खिलाफ खड़ा है और भारत जैसे सहयोगियों के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहा है। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले अपने आखिरी स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में बाइडन ने कहा कि अमेरिका, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव।

उन्होंने बृहस्पतिवार को अमेरिकियों को बताया कि देश बीजिंग के खिलाफ 21वीं सदी में प्रतिस्पर्धा जीतने के लिए मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा, हम चीन के अनुचित आर्थिक कदमों और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए उसके खिलाफ खड़े हैं और साथ ही सहयोगियों और प्रशांत क्षेत्र के देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान तथा दक्षिण कोरिया के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बना रहे हैं। बाइडन ने कहा, वर्षों से, मैंने अपने रिपब्लिकन मित्रों और कई अन्य लोगों से सुना है कि चीन आगे बढ़ रहा है और अमेरिका पीछे जा रहा है लेकिन यह उल्टा है। अमेरिका आगे बढ़ रह है।

# भारत ने यूएनएससी सुधार के लिए विस्तृत मॉडल पेश किया

**भाषा** । संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए जी4 देशों की ओर से एक विस्तृत मॉडल पेश किया, जिसमें महासभा द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से नए स्थाई सदस्यों को चुने जाने और वीटो के मामले पर लचीलेपन को अपनाए जाने का प्रावधान है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने बृहस्पतिवार को सुरक्षा परिषद सुधार पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) के दौरान कहा कि अगले साल होने वाली संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ काफी समय से लंबित विषय पर ठोस प्रगति करने की दिशा में एक अहम पड़ाव है।

कंबोज ने ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत की ओर से बहस, संवाद और अंतत: बातचीत के लिए जी4 मॉडल पेश किया। इन प्रस्तावों को बड़े पैमाने पर संयुक्त राष्ट्र सदस्यों से मजबूत समर्थन प्राप्त हुआ।

कंबोज ने महासभा में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के साथ विस्तृत जी4 मॉडल साझा करते हुए कहा, जब 1945 में परिषद की स्थापना की गई थी, तब की वास्तविकताएं, आधुनिक युग और नई सदी की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं से काफी समय पहले बदल गई हैं और इसमें बदलाव की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

उन्होंने कहा कि इन नई वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए जी4 मॉडल का प्रस्ताव है कि छह स्थाई और चार या पांच गैर-स्थाई सदस्यों को जोड़कर सुरक्षा परिषद की सदस्यता मौजूदा 15 से बढ़कर 25-26 की जाए।

सुरक्षा परिषद में दो अफ्रीकी देशों और दो एशिया प्रशांत देशों, एक लातिन अमेरिकी एवं कैरेबियाई देश तथा पश्चिमी यूरोपीय एवं अन्य क्षेत्रों से एक देश को स्थाई सदस्य के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है।

जी4 मॉडल के अनुसार, सदस्यता की दोनों श्रेणियों में प्रमुख क्षेत्रों के स्पष्ट रूप से कम प्रतिनिधित्व और गैर-प्रतिनिधित्व के कारण सुरक्षा परिषद की वर्तमान संरचना इसकी वैधता और प्रभावशीलता के लिए हानिकारक है। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि संघर्षों से निपटने और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में परिषद की असमर्थता सुधार की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है।

कंबोज ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि जी4 मॉडल यह नहीं बताता कि कौन से देश नए स्थाई सदस्य होंगे और यह निर्णय लोकतांत्रिक और समावेशी तरीके से चुनाव के जरिए महासभा करेगी।

जी4 मॉडल के तहत वीटो को लेकर लचीलेपन की पेशकश की गई। वीटो का मामला सदस्य देशों के बीच विवाद का विषय रहा है।

कंबोज ने कहा, हालांकि नए स्थाई सदस्यों की जिम्मेदारियां एवं दायित्व सैद्धांतिक रूप से वर्तमान स्थाई सदस्यों के समान ही होंगे, लेकिन वे तब तक वीटो का प्रयोग नहीं करेंगे जब तक कि समीक्षा के दौरान मामले पर कोई निर्णय नहीं लिया जाता है।

उन्होंने कहा, बहरहाल, हमें वीटो मुद्दे को परिषद सुधार की प्रक्रिया पर वीटो की अनुमति नहीं देनी चाहिए। हमारा प्रस्ताव रचनात्मक बातचीत के लिए इस मुद्दे पर लचीलापन प्रदर्शित करने का एक संकेत भी है।

वर्तमान में, केवल पांच स्थाई सदस्यों- चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका- के पास वीटो शक्ति है। उन्होंने इसका इस्तेमाल कर यूक्रेन और गाजा जैसी वैश्विक चुनौतियों और संघर्षों से निपटने संबंधी परिषद की कार्रवाई को बाधित किया है। परिषद में शेष 10 देशों को दो साल के कार्यकाल के लिए गैर-स्थाई सदस्यों के रूप में चुना जाता है और उनके पास वीटो शक्ति नहीं होती है।

संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस के स्थाई प्रतिनिधि निकोलस दे रिविएर ने कहा कि उनका देश लंबे समय से स्थाई सदस्यता के लिए भारत, जापान, ब्राजील और जर्मनी की उम्मीदवारी का समर्थन करता रहा है।

उन्होंने जी4 मॉडल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, इसके अलावा, फ्रांस सुरक्षा परिषद के व्यापक सुधार के लिए अभी पेश किए गए मॉडल की भावना का पूरी तरह से समर्थन करता है। यह इस सभा के बहुमत की उम्मीदों के अनुरूप है।

अमेरिका ने कहा कि यह स्पष्ट है कि सभी 54 अफ्रीकी देशों सहित संयुक्त राष्ट्र के अधिकतर सदस्य देश सुरक्षा परिषद में स्थाई और अस्थाई दोनों सीट के विस्तार का समर्थन करते हैं।

# पार्टी में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी : मरयम

**भाषा** । लाहौर

**पंजाब की** मुख्यमंत्री मरयम नवाज ने शुक्रवार को कहा कि सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी में अपने लिए जगह बनाने में उन्हें एक दशक से अधिक समय तक कड़ी मेहनत करनी पड़ी। मरयम, पाकिस्तान के किसी प्रांत में मुख्यमंत्री पद पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन्होंने लाहौर में कहा, ऐतिहासिक रूप से यह पुरुषों के वर्चस्व वाली पार्टी रही है, ऐसे में अपने लिए मुझे जगह बनाने में 12-13 साल कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

डॉन अखबार की खबर में मरयम को उद्धृत करते हुए कहा गया है, लेकिन आज मैं यहां हूं, तो यह प्रत्एक महिला, मां और बेटी के लिए संदेश है कि यदि आप कुछ करना चाहती हैं तो महिला होना, आपके सपनों को पूरा करने में अड़चन नहीं हो सकता।

मरयम (50) को नवाज शरीफ का राजनीतिक उत्तराधिकारी माना जाता है। मरयम ने पाकिस्तान की सेना के साथ कथित तौर पर हुए एक समझौते के तहत 26 फरवरी को पंजाब की मुख्यमंत्री पद की शपथ ली क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन अपने बूते सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में सीट हासिल करने में नाकाम रही थी।

सैन्य प्रतिष्ठान ने शरीफ को कथित तौर पर दो विकल्प की पेशकश की थी - उनके छोटे भाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को इस्लामाबाद में अगली गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए नामित करें तथा मरयम राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण और देश की सर्वाधिक आबादी वाले प्रांत पंजाब की मुख्यमंत्री बन सकती हैं।

पंजाब प्रांत, शरीफ बंधुओं का गढ़ है। शरीफ परिवार ने पाकिस्तान को दो प्रधानमंत्री दिए हैं, जो पिछले तीन दशकों में चार कार्यकाल के लिए नियुक्त किए गए, लेकिन इनके सभी (कार्यकाल) अधूरे ही रहे हैं। मरयम का जन्म 28 अक्टूबर 1973 को लाहौर में हुआ था, जब उनके पिता इस्पात कंपनी का नेतृत्व कर रहे थे और सक्रिय राजनीति में नहीं थे। कंवेंट ऑफ जीसस एंड मेरी स्कूल से पढ़ाई पूरी करने के बाद मरयम ने पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातक किया और इसी संस्थान से स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की।

उनकी 19 वर्ष की आयु में कैप्टन मोहम्मद सफदर से शादी हुई, जिन्होंने बाद में सेना छोड़ दी और सरकार में अपने ससुर के कोटे से सिविल सेवा में आए। बाद में, सफदर ने यह नौकरी भी छोड़ दी और एक कारोबार शुरू किया।

मरयम काफी समय तक राजनीतिक चकाचौंध से दूर रही थीं और 2011 में सक्रिय राजनीति में आईं। उनके दो भाई-हुसैन और हसन ब्रिटिश नागरिक हैं। उन दोनों ने लंदन में परिवार का कारोबार संचालित करने को प्राथमिकता दी।

वहीं, मरयम उस वक्त चर्चा में आई थीं जब उन्होंने 2017 में अपने पिता को सत्ता से अपदस्थ किए जाने पर सेना के खिलाफ मुहिम शुरू कर दी।

# कनाडा में एक घर में चाकू मारकर छह लोगों की हत्या

**एपी** । टोरंटो

**ओटावा के** एक घर में ढाई महीने की बच्ची समेत छह लोगों की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में उनके साथ रह रहे श्रीलंका के 19 वर्षीय एक छात्र को गिरफ्तार किया गया है।

ओटावा पुलिस प्रमुख एरिक स्टब्स ने बताया कि संदिग्ध द्वारा किसी धारदार हथियार या चाकू जैसी वस्तु का इस्तेमाल किया गया था।

उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान फेब्रियो डी-जोयसा के रूप में की गई है और उस पर हत्या करने एवं हत्या की कोशिश करने के आरोप लगाए गए हैं। कनाडा में सामूहिक हत्याकांड की घटनाएं आम नहीं हैं।

स्टब्स ने बताया कि इस घटना में मारे गए लोग श्रीलंकाई नागरिक थे और वे हाल में कनाडा आए थे।

उन्होंने बताया कि मृतकों में 35 वर्षीय महिला दर्शनी बनबरनायके गामा वालवे दर्शनि दिलानथिका एकन्याके, उसका सात वर्षीय बेटा इनुका विक्रमसिंघे, चार वर्षीय बेटी अश्विनी विक्रमसिंघे, दो वर्षीय बेटी रिन्याना विक्रमसिंघे और ढाई महीने की बच्ची केली विक्रमसिंघे तथा परिवार का परिचित 40 वर्षीय अमरकूनमुबियांसेला गे गामिनी अमरकून शामिल है।

पुलिस प्रमुख ने बताया कि जब अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तो मृतक बच्चों का पिता घर के बाहर था और लोगों से आपात सेवाओं को फोन करने की गुहार लगा रहा था।

## क्विक न्यूज

केन्या में नैरोबी की एक सड़क पर लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ सूचनात्मक मितिचित्र के पास से गुजरती महिला। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व स्तर पर तीन में से एक महिला अपने जीवनकाल के दौरान यौन हिंसा का अनुभव करती है

### फ्रांस ने गर्भपात के अधिकार को अपने संविधान में शामिल किया

**पेरिस (एपी):** फ्रांस ने गर्भपात के अधिकार को शुक्रवार को अपने संविधान में शामिल कर महिला अधिकारों का समर्थन करने का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक मजबूत संदेश दिया। न्याय मंत्री एरिक डी. मोरेत्ती ने एक विशेष सार्वजनिक समारोह में, फ्रांस के संविधान में संशोधन को अंकित करने के लिए 19वीं सदी के प्रिंटिंग प्रेस का उपयोग किया। इसके साथ ही, फ्रांस अपने राष्ट्रीय चार्टर में गर्भपात के अधिकार को शामिल करने वाला पहला देश हो गया है। इस प्रावधान को फ्रांसीसी सांसदों ने इस सप्ताह के शुरूआत में मंजूरी दी थी। अमेरिका में, गर्भपात पर विचार बंटे हुए हैं। वहीं, लगभग पूरे यूरोप में इसे कानूनी मान्यता मिली हुई है। फ्रांस में इसे जोरदार समर्थन मिला है जहां इसे राजनीति के मुद्दे के बजाय लोक स्वास्थ्य का विषय माना जाता है। फ्रांसीसी सांसदों ने सोमवार को संविधान संशोधन को 72 के मुकाबले 780 मतों से मंजूरी दी थी और इस कदम का कई धुर दक्षिणपंथी सांसदों ने समर्थन किया था।

### नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने एक स्कूल पर हमला करके 287 बच्चों का अपहरण किया

**अबुजा (एपी)** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में बृहस्पतिवार को बंदूकधारियों ने एक स्कूल पर हमला किया और कम से कम 287 छात्रों का अपहरण कर लिया। स्कूल के प्रधानाध्यापक ने अधिकारियों को यह जानकारी दी। देश में एक सप्ताह से कम वक्त में बड़ी संख्या में लोगों को अगवा किए जाने की यह दूसरी घटना है। स्थानीय लोगों ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि हमलावरों ने कदूना राज्य के कुरिगा शहर में सरकारी स्कूल को सुबह करीब आठ बजे घेर लिया, उस वक्त स्कूल में छात्र आ चुके थे और अपनी दिनचर्या प्रारंभ करने वाले थे।

# ग्लोबल साउथ भारत में विश्वास रखता है, चीन उनकी चिंताओं पर ध्यान तक नहीं देता : जयशंकर

**भाषा** । तोक्यो

**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने ग्लोबल साउथ में भारत के नेतृत्व पर जोर देते हुए शुक्रवार को कहा कि इस मंच के 125 देशों ने भारत पर अपना विश्वास जताया है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्लोबल साउथ की चिंताओं पर विचार के लिए पिछले साल भारत द्वारा आहूत दो बैठकों में चीन शामिल नहीं हुआ। यहां भारत-जापान साझेदारी पर निक्की फोरम को संबोधित करते हुए भारत के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि ग्लोबल साउथ के देश कई मुद्दों पर एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति रखते हैं।

ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है।

जयशंकर ने कहा, कई मुद्दों पर ए देश एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति रखते हैं। कोविड से यह भावना बढ़ गई, क्योंकि ग्लोबल साउथ के कई देशों को लगा कि वे टीका मिलने के मामले में कतार में सबसे पीछे खड़े हैं। जब भारत जी20 का अध्यक्ष बना, तब भी उन्हें लगा कि उनकी चिंताएं जी20 के एजेंडे में भी नहीं है। उन्होंने कहा, इसलिए हमने ग्लोबल साउथ के नेताओं के साथ दो बैठकें कीं, क्योंकि हम इन 125 देशों की बात सुनना चाहते थे और फिर जी20 के समक्ष कई मुद्दे रखे, जो इन 125 देशों के सामूहिक विचार थे।

उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ के देश जानते हैं कि असल में क्या हो रहा है, उनके लिए कौन बोल रहा है और उनके मुद्दों पर कैसे बातचीत की जा रही है।

जयशंकर ने कहा, वे यह नहीं मानते कि यह महज संयोग है कि भारत की अध्यक्षता में अफ्रीकी संघ को जी20 की सदस्यता मिली। इसलिए ग्लोबल साउथ हम पर यकीन करता है।

उन्होंने जी20 शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के शामिल न होने के संदर्भ में कहा, पिछले साल उनकी (ग्लोबल साउथ की) चिंताओं को सुनने के लिए हमने जो दो शिखर सम्मेलन आयोजित किए, मुझे नहीं लगता कि चीन उसमें उपस्थित हुआ था। रूस के साथ भारत के संबंधों और यूक्रेन में युद्ध की उसकी आलोचना पर विदेश मंत्री ने कहा, कई बार विश्व राजनीति में, देश एक मुद्दा, एक स्थिति, एक सिद्धांत चुनते हैं और वे इसपर

इसलिए जोर देते हैं कि वह उनके अनुकूल होता है। लेकिन अगर कोई सिद्धांत पर गौर करे तो भारत में हमलोग किसी अन्य देश के मुकाबले बेहतर जानते हैं।

उन्होंने कहा, आजादी मिलने के तुरंत बाद, हमने आक्रमण देखा, हमारी सीमाओं में बदलाव की कोशिश हुई और बल्कि आज भी भारत के कुछ हिस्सों पर एक अन्य देश का कब्जा है, लेकिन हमने इस पर दुनिया को यह कहते नहीं देखा कि चलो हम सभी भारत का साथ दें।

जयशंकर ने कहा, आज हमें बताया जा रहा है कि यह सिद्धांतों का मामला है। काश, मैं यह सिद्धांत पिछले 80 वर्ष में देखता। मैंने इन सिद्धांतों को मनमाने ढंग से इस्तेमाल करते हुए देखा है।

उन्होंने कहा, मैं कहूंगा कि हमारे साथ अन्याय किया गया। मैं इसकी पैरवी नहीं कर रहा हूं कि हर किसी के साथ ऐसा किया जाना चाहिए। हमारा रुख बहुत स्पष्ट रहा है। मेरे प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बगल में खड़े होकर कहा है कि हम इस संघर्ष को खत्म होते देखना चाहते हैं। एशियाई पड़ोसी देश होने के नाते भारत के सामरिक महत्व पर जयशंकर ने कहा, यूक्रेन में हो रहे संघर्ष के कारण ऊर्जा की कीमतें बढ़ गई हैं, खाद्य पदार्थ की कीमतें बढ़ गई है, उर्वरकों की कीमतें बढ़ गई हैं और श्रीलंका जैसे देश में इतना बड़ा आर्थिक संकट पैदा हुआ। अगर आप देखें कि कौन-कौन देश श्रीलंका की मदद करने के लिए आगे आएं, भारत ने कुछ सप्ताह के भीतर एक पैकेज दिया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का लंबे समय बाद मिला पैकेज तीन अरब डॉलर का था, जबकि हमने श्रीलंका को आईएमएफ के मुकाबले 50 फीसदी अधिक पैकेज दिया। जयशंकर ने कहा कि भारत एक बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते अपने दायित्व को समझता है और ग्लोबल साउथ की जिम्मेदारी को बहुत गंभीरता से लेता है।

# हमारा परिवार हमेशा अलग-अलग उपकरणों से चिपका रहता है, एक दूसरे से फिर कैसे जुड़ सकते हैं?

**द कन्वरसेशन** । मेलबर्न

**शनिवार की** दोपहर है और सभी बच्चे अलग-अलग उपकरणों से चिपके हुए हैं। माता-पिता भी ऐसा ही कर रहे हैं। आपके घर में भी क्या ऐसा ही है? कई परिवार अपने स्क्रीन समय को कम करने में मदद करने के लिए बुनियादी नियम निर्धारित करना चाहते हैं ताकि उन्हें उपकरणों के बिना, एक-दूसरे से जुड़ने का समय मिल सके।

लेकिन यह जानना मुश्किल हो सकता है कि कहां से शुरुआत करें और ऐसी योजना कैसे बनाएं जो आपके परिवार के लिए उपयुक्त हो।

सबसे पहले, अपना स्क्रीन टाइम देखें

बच्चों को "तकनीक से दूर रहने" के लिए कहने से पहले, यह महत्वपूर्ण है कि माता-पिता यह समझें कि वे स्वयं स्क्रीन का कितना उपयोग कर रहे हैं। विश्व स्तर पर, औसतन हर व्यक्ति प्रतिदिन औसतन छह घंटे और 58 मिनट स्क्रीन पर बिताता है। 2013 के बाद से इसमें 13 प्रतिशत या 49 मिनट की वृद्धि हुई है।

जो माता-पिता अधिक समय तक स्क्रीन पर अपना समय बिताते हैं, उनके परिवार के बच्चों में भी हम यही स्थिति देखते हैं। ऑस्ट्रेलिया में प्राथमिक विद्यालय आयु वर्ग के दो-तिहाई बच्चों के पास अपना मोबाइल स्क्रीन-आधारित उपकरण है। ऑस्ट्रेलिया के स्क्रीन टाइम दिशानिर्देशों में सिफारिश की गई है कि पांच से 17 वर्ष की आयु के बच्चों को हर दिन दो घंटे से अधिक का स्क्रीन टाइम (होमवर्क को छोड़कर) नहीं देना चाहिए। दो से पाँच वर्ष की आयु वालों के लिए, यह प्रतिदिन एक घंटे से अधिक नहीं है। और दिशानिर्देश दो साल से कम उम्र के बच्चों के लिए स्क्रीन पर बिल्कुल भी समय न बिताने की सलाह देते हैं।

फिर भी, विभिन्न आयु समूहों के अधिकांश बच्चों का स्क्रीन टाइम इस अधिकतम सीमा से अधिक हैं। इस सप्ताह जारी एक नए ऑस्ट्रेलियाई अध्ययन में पाया गया कि औसतन तीन साल का बच्चा प्रतिदिन दो घंटे और 52 मिनट स्क्रीन के संपर्क में रहता है।

**कुछ स्क्रीन टाइम ठीक है, बहुत अधिक समय जोखिम बढ़ाता है**

प्रौद्योगिकी ने बच्चों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है, अवसर और चुनौतियाँ दोनों प्रदान की हैं।

एक ओर, यह शैक्षिक संसाधनों तक पहुंच प्रदान करता है, रचनात्मकता विकसित कर सकता है, साथियों और परिवार के सदस्यों के साथ संचार की सुविधा प्रदान करता है और छात्रों को नई जानकारी प्राप्त करने की अनुमति देता है।

दूसरी ओर, अत्यधिक स्क्रीन उपयोग के परिणामस्वरूप बहुत अधिक समय तक बैठे रहना, विकासात्मक गतिविधियों में कमी, नींद में खलल और दिन में उनींदापन हो सकता है।

बहुत अधिक स्क्रीन समय सामाजिक कौशल को प्रभावित कर सकता है, क्योंकि यह आमने-सामने सामाजिक परिवेश में बिताए जाने वाले समय की जगह ले लेता है। यह वह जगह है जहां बच्चे मौखिक और गैर-मौखिक संचार सीखते हैं, सामाजिकता विकसित करते हैं, धैर्य सीखते हैं और बातचीत करना सीखते हैं। कई परिवार इस बात को लेकर भी चिंतित रहते हैं कि अपने बच्चों के साथ सकारात्मक संबंध कैसे बनाए रखें, जबकि उनका बहुत सारा समय स्क्रीन से चिपके रहने में बीतता है।

**जब हम सभी किसी डिवाइस पर होंगे तो क्या होगा?**

जब परिवार के सभी सदस्य एक साथ उपकरणों का उपयोग कर रहे हैं, तो इसके परिणामस्वरूप आमने-सामने बातचीत कम हो जाती है, संचार कम हो जाता है और परिणामस्वरूप परिवार की गतिशीलता में बदलाव आता है।

वायरलेस तकनीक के बढ़ते उपयोग से परिवार इयरफ़ोन लगाकर एक-दूसरे से आसानी से जुड़ पाते हैं, जिससे बातचीत के अवसर कम हो जाते हैं। साझा गतिविधियों या भोजन के दौरान परिवार के सदस्यों का इयरफ़ोन पहनना एक शारीरिक बाधा उत्पन्न करता है और लोगों को अपनी डिजिटल दुनिया में वापस जाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

लंबे समय तक इयरफ़ोन पहनने से परिवार के सदस्यों के साथ जुड़ाव और निकटता भी कम हो सकती है। उदाहरण के लिए, वीडियो गेमिंग के शोध से पता चला है कि अत्यधिक गेमिंग से अलगाव, अकेलापन और वास्तविक दुनिया के सामाजिक संबंधों के विस्थापन की भावना बढ़ जाती है, साथ ही साथियों और परिवार के सदस्यों के साथ रिश्ते भी कमजोर हो जाते हैं।

**मैं स्क्रीन समय सीमा कैसे निर्धारित कर सकता हूं?**

एक परिवार के रूप में बैठकर शुरुआत करें और इस बात पर चर्चा करें कि टीवी, फोन और गेमिंग का उपयोग करते समय आप सभी को कौन सी सीमाएँ उचित लगेंगी - और उनका उपयोग करने का उचित समय क्या है।

पारिवारिक समय के लिए नियम निर्धारित करें - उदाहरण के लिए, खाने की मेज पर कोई उपकरण नहीं - ताकि आप आमने-सामने बातचीत के माध्यम से जुड़ सकें।

पूरे सप्ताह में कुछ निश्चित समय पर अपने फोन या उपकरणों को लॉक करने पर विचार करें, जैसे कि रात 9 बजे के बाद (या छोटे बच्चों के लिए सोने से एक घंटा पहले) और शारीरिक गतिविधियों के साथ अपने दिनों को संतुलित करने के अवसरों की तलाश करें, जैसे कि पार्क में घूमना या परिवार के साथ कहीं घूमने जाना। माता-पिता अपने स्क्रीन समय को विनियमित और निर्धारित करके स्वस्थ व्यवहार का मॉडल तैयार कर सकते हैं। इसका मतलब यह हो सकता है कि आप अपनी सोशल मीडिया स्क्रॉलिंग को दिन में 15 या 30 मिनट तक सीमित कर दें और जब आप इसका उपयोग नहीं कर रहे हों तो अपने फोन को दूसरे कमरे में रखें।

उचित सीमाएँ स्थापित करते समय और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करते समय, माता-पिता और अभिभावकों के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के बारे में खुले संचार में शामिल होना महत्वपूर्ण है। इसमें ऑनलाइन सामग्री को सुरक्षित रूप से नेविगेट करने के लिए महत्वपूर्ण सोच कौशल सिखाना और माता-पिता के नियंत्रण में उपकरण और गोपनीयता सेटिंग्स को नियोजित करना शामिल है।

माता-पिता कम उम्र से ही बच्चों के साथ एक सहायक और भरोसेमंद रिश्ता विकसित कर सकते हैं ताकि बच्चे अपने ऑनलाइन अनुभवों पर चर्चा करने और अपने डर या चिंताओं को साझा करने में सहज महसूस करें।

# रोहित-गिल ने अंग्रेजों पर कसा शिकंजा

**● अंतिम टेस्ट : टीम इंडिया ने आठ विकेट पर 473 रन बना लिए**

**भाषा।** धर्मशाला



**कप्तान रोहित** शर्मा और शुभमन गिल के शतकों की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को आखिरी सत्र में विकेट जल्दी गिरने के बावजूद अपनी स्थिति मजबूत करते हुए आठ विकेट पर 473 रन बना लिए। भारत ने आखिरी सत्र में 97 रन के भीतर पांच विकेट गंवाए। इससे पहले रोहित (162 गेंद में 103 रन) और गिल (150 गेंद में 110 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 244 गेंद में 171 रन जोड़े। पहला टेस्ट खेल रहे देवदत्त पड्डिकल ने 103 गेंद में 65 रन बनाए जबकि सरफराज खान ने 60 गेंद में 56 रन बनाने के बाद चाय के बाद पहली ही गेंद पर अपना विकेट गंवा दिया। भारत ने एक विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए दूसरे दिन के आखिर में 255 रन की बढ़त बना ली। इंग्लैंड के लिए आफ स्पिनर शोएब बशीर ने 44 ओवर में 170 रन देकर चार विकेट लिए जबकि बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली ने 39 ओवर में 126 रन देकर दो विकेट लिए। चाय ब्रेक के समय भारत का स्कोर तीन विकेट पर 376 रन था लेकिन आखिरी सत्र में इंग्लैंड ने अच्छी गेंदबाजी की तो भारतीयों ने अपने विकेट गैर जिम्मेदाराना तरीके से गंवाए। बशीर की गेंद पर सरफराज ने पहली स्लिप में जो रूट को कैच थमाया। वहीं पड्डिकल को बशीर ने बोल्ड किया। सरफराज की तरह ही ध्रुव जुरेल (15) भी खराब शॉट खेलकर आउट हुए। लंच के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने नौ महीने में पहली गेंद डाली और क्रीज पर जमे हुए रोहित को बोल्ड कर दिया लेकिन उसके बाद सरफराज और पड्डिकल ने पारी को आगे बढ़ाया। अब तक इस दौरे पर नेट्स पर ही गेंदबाजी कर रहे स्टोक्स ने आखिरकार मैच में गेंदबाजी का फैसला किया। उन्होंने पिछले साल घुटने के आपरेशन के बाद गेंदबाजी करना बंद कर दिया था। पहले सत्र में अपने गेंदबाजों को नाकाम होता देख उन्होंने दूसरे सत्र में गेंद संभाली। पहली ही गेंद पर उन्होंने रोहित का आफ स्टम्प उखाड़ दिया। अगले ओवर में जेम्स एंडरसन ने गिल को बोल्ड किया। उस समय भारत का स्कोर तीन विकेट पर 279 रन था। पहली बार टेस्ट खेल रहे पड्डिकल का आफ साइड का खेल इतना जबर्दस्त था कि अधिकांश रन वहीं से बने। वहीं सरफराज ने धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ी। उन्होंने 81वें ओवर में श्रृंखला में तीसरा अर्धशतक पूरा किया। अपने कल के स्कोर एक विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए भारत ने सुबह शानदार शुरूआत की। इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 218 रन पर आउट हो गई थी। रोहित और गिल की साझेदारी को तोड़ने की इंग्लैंड की हर कोशिश नाकाम रही। रोहित के लिए शोएब बशीर की गेंदबाजी पर लेग स्लिप लगाने या मार्क वुड के शॉर्ट गेंद डालने का भी कोई फायदा नहीं हुआ। एचपीसीए स्टेडियम पर भारतीय प्रशंसकों से अधिक शोर बार्मी आर्मी (इंग्लैंड के समर्थकों) ने मचाया लेकिन इसका भी कोई असर नहीं हुआ। रोहित और गिल ने सुबह दो घंटे के खेल में 30 ओवर में 129 रन बनाए।

**स्कोरबोर्ड**

**इंग्लैंड पहली पारी** : 218 रन, भारत पहली पारी : यशस्वी स्ट फोक्स बो बशीर 57, रोहित बो स्टोक्स 103, गिल बो एंडरसन 110, पड्डिकल बो बशीर 65, सरफराज का रूट बो बशीर 56,जडेजा पगबाधा बो हार्टली 15,जुरेल का डकेट बो बशीर 15, अश्विन बो हार्टली 00,कुलदीप नाबाद 27,बुमराह नाबाद 19,**अतिरिक्त** : छह रन, **कुल योग** : 120 ओवर मे आठ विकेट पर 473 रन, **विकेट पतन** :1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7 -427, 8-428, **गेंदबाजी** : एंडरसन 14 -1-59-1, वुड 15-1-89-0, हार्टली 39-3-126-2, बशीर 44-5-170-4, स्टोक्स 5-1 -17 -1, रूट 3-0-8-0

# यूपी वॉरियर्स ने दिल्ली कैपिटल्स से छीनी जीत, 1 रन से हराया

**● दीप्ति शर्मा का नाबाद अर्धशतक**

**भाषा।** नई दिल्ली



**यूपी वॉरियर्स ने** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में शुक्रवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को एक रन से हराया। वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 138 रन बनाए। दिल्ली की टीम इसके जवाब में 19.5 ओवर में 137 रन पर आउट हो गई। इससे पहले दीप्ति शर्मा के नाबाद अर्धशतक के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स ने शुक्रवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मैच में यूपी वॉरियर्स को 8 विकेट पर 138 रन ही बनाने दिए। बेहतरीन फॉर्म में चल रही दीप्ति ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 48 गेंद पर नाबाद 59 रन बनाए जिसमें 6 चौके और एक छक्का शामिल है। उन्हें हालांकि कप्तान एलिसा हीली (29) के आउट होने के बाद दूसरे छोर से अच्छा सहयोग नहीं मिला। दीप्ति और हीली के अलावा वॉरियर्स की तरफ से केवल ग्रेस हैरिस (14) ही दोहरे अंक में पहुंच पाई। दिल्ली की तरफ से राधा यादव ने 16 रन देकर दो और टिटास साधु ने 23 रन देकर दो विकेट लिए। इन दोनों ने तीन-तीन ओवर किए। वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले के 6 ओवर में किरण नवगिरे (05) का विकेट गंवाकर 44 रन बनाए। साधु ने किरण को बोल्ड करके दिल्ली को शुरुआती सफलता दिलाई। हीली और दीप्ति ने दूसरे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी की। इन दोनों ने प्रत्एक ओवर में गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचकर स्कोर बोर्ड को चलायमान रखा। एलिस कैप्सी ने हीली को लांग ऑन पर कैच करा कर यह साझेदारी तोड़ी। इसके बाद वॉरियर्स ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए।

## अमनदीप ने पांचवें चरण का खिताब जीता

**गुरुग्राम।** अमनदीप द्राल ने चार शॉट की अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए शुक्रवार को यहां हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के पांचवें चरण का खिताब जीता।अमनदीप ने अपना पिछला खिताब 13 महीने पहले जीता था। उन्होंने यहां आखिरी दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला और इस तरह से उनका कुल स्कोर 10 अंडर 278 रहा। गौरिका विश्नोई ने 6 अंडर 282 के कुल स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।खुशी खानिजाऊ (73) तीन अंडर 285 के कुल स्कोर साथ तीसरे स्थान पर रही।

## ब्रिस्टल ओपन स्क्वाश : उर्वशी क्वार्टर फाइनल में

**ब्रिस्टल।** भारत की उर्वशी जोशी ने आस्ट्रेलिया की दूसरी वरीयता प्राप्त सोफी फाडाली को 3-2 से हराकर ब्रिस्टल ओपन स्काश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उर्वशी ने तीन हजार डॉलर ईनामी राशि के पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट में 7-11, 11-6, 9-11, 11- 5, 11- 7 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना पांचवी वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलिया की एरिन क्लासेन से होगा जिसने इंग्लैंड की ओलिविया बीसेंट को 3-0 से हराया।

## निशांत देव क्वालीफायर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में

**बुस्तो अर्सिजियो (इटली)।** विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता निशांत देव जॉर्जिया के मेदीएव एस्केरखान को हराकर पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरूषों के 71 किलोवर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। निशांत ने 5-0 से जीत दर्ज की। तोक्यो ओलंपिक क्वार्टर फाइनल खेलने वाले मेदीएव के पास निशांत के मुक्कों का कोई जवाब नही था। इस बीच युवा विश्व चैम्पियन अंकुशिता बोरो (66 किलो) और राष्ट्रीय चैम्पियन संजीत (92 किलो) को पहले दौर में पराजय झेलनी पड़ी। अंकुशिता को फ्रांस के सोविको एमिली ने 3-2 से हराया। वही संजीत को कजाखस्तान के एबेक ओरलबे ने 5-0 से मात दी। टूर्नामेंट में 590 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं जिनसे पेरिस ओलंपिक के लिए 49 कोटा (28 पुरूष और 21 महिला) हासिल होने है।

## नागपुर ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त

**नागपुर।** सहजा यमलापल्ली के एकल तथा श्रीवल्ली भामिदिपति और वैदेही चौधरी के युगल में हारने के साथ ही शुक्रवार को यहां डब्ल्यू35 नागपुर ओपन आईटीएफ महिला टेनिस चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पांचवी वरीयता प्राप्त सहजा को गैरवरीय डेयोन बैक से 4-6,1-6 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद युगल के वर्ग के सेमीफाइनल में कोरिया की एनवू कू और लिथुआनिया की जस्टिना मिकुलस्काइट ने श्रीवल्ली और वैदेही की स्थानीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में 6-2, 2-6, 10-8 से हराया। एकल में क्वार्टर फाइनल के अन्य मैचों में कोरिया की एनवू कू ने रूस की एकातेरिना याशिना को 6-1, 6-0 से हराया।

## अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में हूं, : नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक के एथलीट नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह शारीरिक तौर पर बहुत अच्छी स्थिति मे है और इससे पहले उन्होंने कभी इतना अच्छा महसूस नही किया था। चोपड़ा 2024 मे पहली बार आउटडोर प्रतियोगिताओं में भाग लेने से पहले इस सप्ताह से तुर्की में अभ्यास शुरू करेंगे। चोपड़ा ने कहा, मै इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहना चाहता हूं।

## यह स्टोक्स के भाग्य में लिखा था, कि वह जादुई गेंद करेंगे: जीतन पटेल

**धर्मशाला।** इंग्लैंड के सहायक कोच जीतन पटेल का मानना है कि यह बेन स्टोक्स के भाग्य में लिखा था कि वह भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट क्रिकेट मैच में जादुई गेंद करके भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का विकेट लेंगे। स्टोक्स ने खेल के दूसरे दिन लंच के बाद पिछले नौ महीनों में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में पहली बार गेंदबाजी की और अपनी पहली गेंद पर ही रोहित को बोल्ड कर दिया जिन्होंने श्रृंखला में अपना दूसरा शतक जमाया। पटेल ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, यह स्टोक्स के भाग्य में लिखा था कि वह इस तरह से शानदार गेंद करके रोहित शर्मा का विकेट लेंगे जिन्होंने अपना शतक पूरा कर लिया था। हम सभी जानते हैं कि हमारा आक्रमण कैसा है, विशेषकर यहां की परिस्थितियों में आप दो स्पिनर और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरते हो और ऐसे में आप चाहते हो कि स्टोक्स तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका निभाए। इस गेंदबाजी करते हुए देखकर अच्छा लगा लेकिन हमें अभी सतर्क रहना होगा क्योंकि अभी उसने गेंदबाजी में वापसी की है।

# कोहली ने आईपीएल में सफलता का श्रेय साथी खिलाड़ियों और प्रशंसकों को दिया



**भाषा।** बेंगलुरु

**स्टार बल्लेबाज** विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से अपना गहरा लगाव दिखाते हुए इस टी20 टूर्नामेंट में अपनी सफलता का श्रेय साथी खिलाड़ियों और प्रशंसकों को दिया। कोहली निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं लेकिन उनके आईपीएल में वापसी करने की संभावना है। उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) टूर्नामेंट के पहले मैच में 22 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेगी। आरसीबी के पूर्व कप्तान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मुझे आईपीएल से गहरा लगाव है। इसमें आप कई नए खिलाड़ियों के साथ खेलते हो। कई ऐसे खिलाड़ियों के साथ खेलते हो जिन्हें आप लंबे समय से जानते हो और जो आपके देश से नहीं है जिनसे आप अक्सर नहीं मिलते हो। यही वजह है कि हर किसी का आईपीएल से लगाव है क्योंकि इसमें खिलाड़ियों और प्रशंसकों का गहरा जुड़ाव है।

## विराट के लंबे कैरियर की राज फिटनेस, युवा क्रिकेटरों के लिए उदाहरण : डु प्लेसी



**बेंगलुरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसी का मानना है कि फिटनेस को लेकर विराट कोहली का जुनून शीर्ष स्तर पर उनके लंबे कैरियर का राज है और युवा क्रिकेटरों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कोहली ने बतौर कप्तान आरसीबी के ड्रेसिंग रूम में काफी बदलाव लाते हुए फिटनेस को खिलाड़ियों के जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाया। डु प्लेसी ने स्टार स्पोर्टर्स से कहा , वह जबर्दस्त है। काफी मेहनत करता है और बहुत फिट है। अगर आज के दौर में लंबा कैरियर चाहिए तो यह करना ही होगा। वह शानदार उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शीर्ष स्तर पर लंबा कैरियर बनाने के लिए सिर्फ प्रतिभा से काम नहीं चलता। उन्होंने कहा , युवाओं को लगता होगा कि वे आकर सिर्फ प्रतिभा के दम पर लंबे समय तक खेलते रहेंगे। लेकिन लंबे समय तक खेलने के लिए फिटनेस बहुत जरूरी है। कई मामलों में विराट और मैं एक जैसे हैं। हम खेल के बारे में एक जैसा सोचते और देखते हैं। इसके अलावा कड़ी मेहनत करते हैं, फिट रहते हैं और अच्छा खाते हैं। इसी वजह से हमारा तालमेल भी शानदार है।

## अफगानिस्तान के बल्लेबाज जादरान ने क्रिकेट से संन्यास लिया

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज नूर अली जादरान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है जिससे उनका एक दशक से भी अधिक समय तक चले करियर का अंत हो गया। इस 35 वर्षीय बल्लेबाज ने 2009 में स्कॉटलैंड के खिलाफ अफगानिस्तान के पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था तथा इस मैच में 28 गेंद पर 45 रन बनाए थे। उन्होंने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच टेस्ट मैच के रूप में आयरलैंड के खिलाफ पिछले सप्ताह खेला था। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को ट्वीट किया, शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नूर अली जादरान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने अफगानिस्तान की तरफ से दो टेस्ट, 51 वनडे और 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, जिनमें उन्होंने 1930 रन बनाए। उनके नाम पर 11 अर्धशतक और एक शतक दर्ज है। इस सलामी बल्लेबाज ने अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 2010 में खेला था जो अफगानिस्तान का इस प्रारूप में दूसरा मैच था।

## यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएफआई का समर्थन किया, कहा किसी अन्य की प्रविष्टियां स्वीकार नहीं करेंगे

**नई दिल्ली।** कुश्ती की वैश्विक नियामक संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने शुक्रवार को भारतीय महासंघ का समर्थन करते हुए कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए के लिए केवल भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) से ही प्रविष्टियां स्वीकार करेगा और कोई अन्य संस्था यह भूमिका नहीं निभा सकती। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा नियुक्त तदर्थ पैनल को आगामी एशियाई चैंपियनशिप और महाद्वीपीय ओलंपिक क्वालीफायर के लिए ट्रायल आयोजित करने के लिए कहा था जिसके एक दिन बाद यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने अपना रूख स्पष्ट किया। डब्ल्यूएफआई ने अदालत से कहा कि वह 10 और 11 मार्च को नई दिल्ली में होने वाले ट्रायल्स के संबंध में जारी अपने सर्कुलर को वापस ले लेगा।अदालत ने अपना फैसला शीर्ष पहलवानो बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक की याचिका पर दिया था जिसमें उन्होंने कहा था कि डब्ल्यूएफआई ट्रायल्स का आयोजन नही कर सकता है क्योंकि खेल मंत्रालय ने उसे निलंबित कर रखा है। लेकिन यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने संजय सिंह की अगुवाई वाले डब्ल्यूएफआई से कहा कि केवल विश्व संस्था से मान्यता प्राप्त डब्ल्यूएफआई ही प्रविष्टियां भेज सकता है।

## आरईपीएल कॉर्पोरेट कप क्रिकेट में चमके खिलाड़ी

**लखनऊ।** रुद्राभिषेक ट्रस्ट फॉर स्पोर्ट्स एंड एजुकेशन -आरटीएसई द्वारा शुरू किये गये आरईपीएल स्पोर्ट्स ने आरईपीएल क्रिकेट ग्राउंड पार्थ रिपब्लिक टाउनशिप कानपुर रोड लखनऊ में अपने प्रमुख कार्यक्रम, आरईपीएल कॉर्पोरेट कप पहले सीज़न का शानदार समापन किया। आरईपीएल स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को ग्रीन गैस लिमिटेड द्वारा प्रायोजित किया गया और इसे एमएम, मैट्रिक्स, द डगआउट स्पोर्ट्स लाउंज और आरईपीएल क्रिकेट अकादमी द्वारा समर्थन मिला। इस रोमांचक टूर्नामेंट में अविशा मेहता क्रिकेट क्लब, ऑटोमूवर्स, ग्रीन गैस लिमिटेड, फाइन सिटी, अनप्रिडिक्टेबल ट्राइटन्स और रेजिंग बुल्स सहित प्रमुख कॉर्पोरेट टीमों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। कई हफ्तों के स्पर्धात्मक मैचों के बाद 7 मार्च 2024 को आरईपीएल क्रिकेट ग्राउंड में फ्लडलाइट के नीचे अविशा मेहता क्रिकेट क्लब और रेजिंग बुल्स के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। सबकी सांसे रोक देने वाले इस अंतिम मुकाबले में रेजिंग बुल्स ने अविशा मेहता क्रिकेट क्लब को 4 रनों से हरा दिया। मैन ऑफद सीरीज शिशिर पांडेय 278 रन,बेस्ट बैट्समेन ऑफ द टूर्नामेंट सलमान रिज्वी 195 रन,बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट.कमरान 11 विकेट। इस विशेष आयोजन के मौके पर आरईपीएल स्पोर्ट्स के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवनशैली में खेल को शामिल करना हमारा लक्ष्य है। क्रिकेट प्रशिक्षण में अग्रणी यह एकेडमी, सब.जूनियर, जूनियर और सीनियर श्रेणियों में प्रतिभाशाली युवाओं को विश्व स्तरीय कोचिंग प्रदान करती है।

## बीमारी ने खेल के प्रति लगाव बढ़ाया : पड्डिकल

**धर्मशाला।** पिछले दो साल से भी अधिक समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियो के कारण देवदत्त पड्डिकल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नही कर पा रहे थे लेकिन इन विषम परिस्थितियो ने उनका खेल के प्रति लगाव बढ़ा दिया और आखिर में वह भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट मे पदार्पण करने में सफल रहे।पड्डिकल ने 2021 मे श्रीलंका के खिलाफ टी20 मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था लेकिन कोविड-19 से संक्रमित होने और पेट संबंधी बीमारी के कारण उनके करियर का ग्राफ आगे नही बढ़ पाया। इन चुनौतियो से पार पाने के बाद पड्डिकल ने घरेलू क्रिकेट मे रनो का अंबार लगना शुरू कर दिया जिसका परिणाम यह निकला कि उन्हे भारत की टेस्ट टीम मे जगह मिल गई। इंग्लैड के खिलाफ पांचवे और अंतिम टेस्ट मैच मे उन्होंने शुक्रवार को यहां 65 रन की लाजवाब पारी खेली जिसमे 10 चौके और एक छक्का शामिल है।पड्डिकल ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाताओ से कहा, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि आप जो भी काम करते हो उसमे सफलता के लिए अनुशासन होना बेहद जरूरी है। फिर चाहे वह अभ्यास हो या दैनिक जीवन की आदतें या फिर भोजन। मैने अनुशासित रहने का प्रयास किया और यही मेरा मुख्य लक्ष्य था।

## अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेलने के लिए चार्टर्ड विमान से जाएगी भारतीय फुटबॉल टीम

**कोलकाता।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम अफगानिस्तान के खिलाफ 21 मार्च को होने वाले 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड 2 मैच के लिए चार्टर्ड विमान से सऊदी अरब के आभा जाएगी। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक यात्रा संबंधी परेशानियो को लेकर एआईएफएफ के सामने गंभीर चिंताएं व्यक्त की थी जिसके बाद महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यह कदम उठाया। चौबे ने यहां जारी बयान मे कहा, हम राष्ट्रीय टीम से जुड़े मसलो पर कभी कोई समझौता नही करते है और इसलिए हमने अपने खिलाड़ियों को आभा पहुंचाने के लिए चार्टर्ड विमान किराए पर लेने का फैसला किया है। हम अपनी राष्ट्रीय टीम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नही छोड़ना चाहते हैं। राष्ट्रीय टीम ने इससे पहले शायद ही कभी यात्रा के लिए चार्टर्ड विमान का उपयोग किया हो। स्टिमक ने एआईएफएफ के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा, मै बहुत खुश हूं और मुझे वास्तव में उम्मीद है कि खिलाड़ी एआईएफएफ के प्रयासों को समझेंगे।

## शुभमन के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते देखना पसंद नहीं, कहा पिता ने

**धर्मशाला।** शुभमन गिल के पहले कोच और पिता लखविंदर ने कहा कि गेंदबाजो को फिर बाहर निकलकर खेलने से वह टेस्ट क्रिकेट मे रन बना रहा है लेकिन उन्हे उसका तीसरे नंबर पर खेलने का फैसला पसंद नही है। इंग्लैड के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद शुभमन पर दबाव बढ गया था क्योंकि वह 12 पारियो मे अर्धशतक नही बना सके थे और आक्रामक खेल नही दिखा पा रहे थे। उन्होने विशाखापत्तनम मे दूसरे टेस्ट मे शतक जमाकर आलोचकों का मुंह बंद किया। सलामी बल्लेबाज से तीसरे नंबर पर उतरने के बाद यह उनकी पहली बड़ी पारी थी। बाहर निकलकर खेलने से काफी फर्क पड़ा। वह ऐसा नही कर रहा था जिससे दबाव बन गया था। वह अंडर 16 दिनो से स्पिनरों और तेज गेंदबाजों को बाहर निकलकर खेलता आया है। जब आप अपना स्वाभाविक खेल नही खेलते है तो दिक्कत होती है। पूरा खेल आत्मविश्वास का है। एक बार अच्छी पारी खेलने के बाद आप लय मे आ जाते है। वह अंडर 16 दिनो से काफी रन बना रहा है।

## आईपीएल के पहले दो मैचों से बाहर रहेंगे वेड

**मेलबर्न।** मैथ्यू वेड आईपीएल 2024 मे गुजरात टाइटंस के लिए पहले दो मैच नही खेल सकेंगे क्योंकि यह विकेटकीपर बल्लेबाज 21 से 25 मार्च तक शेफील्ड शील्ड फाइनल में तस्मानिया के लिए खेलेगा। आईपीएल का यह सत्र 22 मार्च से शुरू होगा। पिछली उपविजेता टाइटंस 25 मार्च को मुंबई इंडियंस से पहला मैच खेलेगी। इसके बाद 27 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स से खेलना है लेकिन वेड दोनो मैचो के लिए उपलब्ध नही है। वह 31 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल के तीसरे मैच मे उपलब्ध रहेंगे। तस्मानिया के मुख्य कोच जैफ वॉन ने होबार्ट में पत्रकारो से कहा , उसने अपनी आईपीएल टीम से बात कर ली है और उन्हे कोई ऐतराज नही है। हमे खुशी है कि उसके जैसा अनुभवी खिलाड़ी हमारी टीम मे है। वेड ने 2022 मे टाइटंस के लिए 10 मैचो मे 157 रन बनाए थे लेकिन पिछले साल वह एक भी मैच नही खेल सके क्योंकि रिधिमान साहा को तरजीह दी गई।

# चिराग-सात्विक जीते, सिंधू हारी

**● फ्रेंच ओपन, भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में**

**भाषा।** पेरिस



**सात्विक साईराज** रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ओलंपिक चैम्पियन चेन यू फेइ से हार गई। यहां 2022 में खिताब जीतने वाले सात्विक और चिराग ने क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड के सुपाक जोमकोह और किटिनुपोंग केद्रेन पर 21-19 21-13 से जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। उनका अगला मुकाबला विश्व चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त कांग मिन ह्युक और सियो सेउंग जे से होगा।भारत की इस स्टार जोड़ी ने इससे पहले मलेशिया के मान वेइ चोंग और केइ वू ती को सीधे गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। चोट के कारण चार महीने बाद वापसी कर रही सिंधू ने करीब डेढ घंटे तक चले मुकाबले में अपनी फिटनेस और कौशल की बानगी पेश की लेकिन आखिर में उन्हें 24-22, 17- 21, 18-21 से पराजय झेलनी पड़ी। सिंधू ने 2019 में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चेन को हराकर विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण जीता था। उसके बाद से पिछले दो मुकाबलों में वह चेन से हार चुकी है। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। उन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त जापान की युकी फुकुशिमा और सायाका हिरोता को 21- 18, 21- 13 से हराया।

## खास हैं स्टोक्स, इंग्लैंड को बनाया बेहतरीन टीम : मोईन अली

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बावजूद हरफनमौला मोईन अली ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की तारीफ करते हुए कहा है कि उन्होंने इंग्लैंड को बेहतरीन और मनोरंजक टीम बना दिया है। टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके मोईन ने कहा कि स्टोक्स को इसका श्रेय जाता है कि उन्होंने इंग्लैंड को औसत से बेहतर टीम बनाया। उन्होंने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा , जो रूट और एलेस्टेयर कुक मेरे कप्तान रहे हैं लेकिन स्टोक्स अलग है। वह जिस तरह से खेल और टीम को आगे लेकर गया है, वह शानदार है। उसने इंग्लैंड को बेहतरीन और मनोरंजक क्रिकेट खेलने वाली टीम बनाया है। मोईन ने इंग्लैंड की अति आक्रामक बैजबॉल शैली का भी बचाव किया जिसकी इस समय काफी आलोचना हो रही है। हर कोई बैजबॉल के बारे में बात कर रहा है लेकिन वे इसमें अधिक विश्वास नहीं करते। वे इस तरह का क्रिकेट खेलना चाहते हैं। मुझे लगता है कि वह खास कप्तान और खास खिलाड़ी है। भारत से उनका सामना कठिन विकेट पर था। बैजबॉल में हमेशा मौका होता है। भारत के लिए यशस्वी जायसवाल ने शानदार प्रदर्शन किया। टेस्ट क्रिकेट को आगे ले जाने की जरूरत है और बैजबॉल वही कर रहा है। आईपीएल में पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने वाले मोईन ने कहा कि कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की अप्रत्याशित रणनीतियों के कारण उनकी टीम का पलड़ा हमेशा भारी रहता है। उन्होंने कहा , धोनी खास खिलाड़ी और खास कप्तान हैं।

# हेजलवुड के पांच विकेट, आस्ट्रेलिया मजबूत



**भाषा।** क्राइस्टचर्च

**जोश हेजलवुड** के पांच विकेट के दम पर आस्ट्रेलिया ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन न्यूजीलैंड को 162 रन पर आउट कर दिया। केन विलियमसन और टिम साउदी के सौवे टेस्ट का जश्न इससे फीका पड़ गया। विलियमसन अपने सौवे टेस्ट में 17 रन पर आउट हो गए। न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक 38 रन टॉम लाथम ने बनाए। साउदी ने 26 रन बनाए और मैट हेनरी (29) के साथ नौवे विकेट के लिए 55 रन जोड़े जो उनकी टीम के लिए सबसे बड़ी साझेदारी थी। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 124 रन बना लिए थे और वह सिर्फ 38 रन पीछे है। मार्नस लाबुशेन 45 और नाथन लियोन एक रन बनाकर खेल रहे थे। आस्ट्रेलिया का स्कोर एक समय दो विकेट पर 32 रन था जब बेन सियर्स ने टेस्ट क्रिकेट में अपनी तीसरी गेंद पर स्टीव स्मिथ (11) को आउट किया। उस्मान ख्वाजा को हेनरी ने बोल्ड किया। पहले टेस्ट में शतक जमाने वाले कैमरन ग्रीन 25 रन बनाकर पवेलियन लौटे। हेजलवुड ने विलियमसन, लाथम, रचिन रविंद्र, डेरिल मिशेल और हेनरी के विकेट लिए। मिचेल स्टार्क ने विल यंग (14) और ग्लेन फिलिप्स (दो) के अलावा स्कॉट कुग्लेजिन (0) को पवेलियन भेजा।

# नागल इंडियन वेल्स एटीपी में हारे



**इंडियन वेल्स।** भारत के सुमित नागल को बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में कनाडा के मिलोस राओनिच ने सीधे सेटों में हरा दिया। रफेल नडाल के नाम वापिस लेने के बाद नागल लकी लूजर के तौर पर मुख्य ड्रॉ में पहुंचे थे। एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज नागल को एक घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 3-6, 3-6 से पराजय झेलनी पड़ी। नागल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे लेकिन ऐन मौके पर नडाल के नाम वापिस लेने के बाद मुख्य ड्रॉ में पहुंचे। नागल जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे। अगर वह एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में आकर बने रहते हैं तो पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं।

## वापसी के साथ पहला मैच हारी वीनस विलियम्स



**इंडियन वेल्स।** पिछले छह महीने मे पहली बार टूर पर खेल रही अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर मे क्वालीफायर नाओ हिबिनो से 6-2, 3 -6, 0- 6 से हार गई। पिछले साल अगस्त मे अमेरिकी ओपन के पहले दौर मे हारने के बाद वीनस पहली बार खेल रही थी। एक समय दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रही वीनस अब शीर्ष 450 मे भी नही है। उन्होने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2008 विम्बलडन जीता था। हिबिनो का सामना अब 17वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा से होगा। अन्य मुकाबलो मे तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका ने क्वालीफायर सारा ईरानी को 6-3, 6-1 से हराया। पुरूष वर्ग मे तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन स्टान वावरिंका को 63वीं रैंकिंग वाले थॉमस मचाक ने 7-6, 4-6, 6-2 से हराया। रफेल नडाल ने टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।